# नेशनल प्रेस टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

नई दिल्ली, बुधवार
05 मार्च 2025

नई दिल्ली। (राष्ट्रीय संस्करण) वर्ष : 11, अंक : 05 www.nationalpresstimes.com पृष्ठ : 10 मूल्य : 05 रुपया RNI No : UPHIN/2015/64579


## सीएम बोलेः हमारी सोच सांप्रदायिक नहीं, जो हमारा है हमें मिल जाना चाहिए, सपा को नहीं है राम-कृष्ण पर विश्वास



लखनऊ। सामान्य बजट पर चर्चा में भाग लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सपा पर तीखे हमले किए। उन्होंने संभल के मुद्दे पर अपनी बात रखते हुए कहा कि जो हमारा है हमें मिल जाना चाहिए।

उत्तर प्रदेश 2025-26 के सामान्य बजट पर चर्चा में भाग लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को विधानसभा में शुरूआत से ही समाजवादी पार्टी पर करारा हमला किया है। उन्होंने साफ कहा कि समाजवादी पार्टी डॉ राम मनोहर लोहिया का नाम तो लेती है, लेकिन वह उनके मूल्यों और आदर्शों से दूर जा चुकी है। आज की समाजवादी पार्टी न डॉ लोहिया के बताए आचरण के अनुरूप कार्य कर रही है और न ही उनके बताए आदर्शों पर चल रही है। उन्होंने उपचुनावों पर समाजवादी पार्टी के आरोपों पर भी करारा हमला करते हुए कहा कि दूसरों को उपदेश देने के बजाए स्वयं इन बातों को अपने आचरण में उतारा होता तो संभवत इतनी करारी हार नहीं होती और 2027 में भी इतनी करारी हार झेलने के लिए मजबूर न होना पड़ता। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सामान्य बजट 2025-26 में भाग लेने के लिए सभी सदस्यों का हृदय से आभार भी जताया। उन्होंने कहा कि अब तक कुल 93 सदस्यों में इस चर्चा में भाग लिया है, जिसमें 59 सदस्य सत्ता पक्ष और सहयोगी दलों के हैं, जबकि नेता प्रतिपक्ष समेत विपक्ष के 34 सदस्यों ने भी इसमें अपनी बात रखी है।

**राम, कृष्ण और शंकर पर सपा को कोई विश्वास नहीं**

नेता प्रतिपक्ष के आरोपों का जवाब देते हुए सीएम योगी ने कहा कि मुझे अच्छा लगा कि नेता प्रतिपक्ष ने आज अपनी बात को बड़े दार्शनिक अंदाज में सदन में रखा। उन्होंने डॉ राम मनोहर लोहिया के एक अनुयायी के रूप में अपनी बात को रखने का प्रयास किया, लेकिन वह स्वयं इसका आचरण कर पाते हैं या नहीं, यह उन्हें स्वयं ही देखना चाहिए था। आज की समाजवादी पार्टी डॉ लोहिया का नाम तो लेती है, लेकिन उनके मूल्यों और आदर्शों से दूर जा चुकी है। डॉक्टर लोहिया ने कहा था कि एक सच्चा समाजवादी वह है जो संपत्ति और संतति से दूर रहे, यह तो आपकी पार्टी के आचरण से देख सकते हैं। आदर्श के रूप में उन्होंने भारत के लिए कहा था कि राम, कृष्ण और शंकर यह जब तक भारत के तीन आदर्श हैं तब तक भारत का कोई बाल बांका नहीं कर सकता है। भारत की जनता जब तक इन तीन देव महापुरुषों को अपना आदर्श मानेगी तब तक भारत, भारत बना रहेगा। इन तीनों देव महापुरुषों पर समाजवादी पार्टी का कोई विश्वास नहीं है, क्योंकि आप लोग भारत की आस्था के साथ खिलवाड़ करते हैं।

शेष पेज 2 पर

## भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी के नॉकआउट मैच का सबसे सफल लक्ष्य प्राप्त किया, लगातार तीसरी बार फाइनल में

दुबई । यह लगातार तीसरी बार है जब भारत सीमित ओवर प्रारूप के आईसीसी टूनार्मेंट के खिताबी मुकाबले में जगह बनाने में सफल रहा है। भारत ने इससे पहले 2023 वनडे विश्व कप, 2024 टी20 विश्व कप के फाइनल में जगह बनाई थी और अब वह चैंपियंस ट्रॉफी के खिताबी मैच में भी पहुंचने में सफल रहा है।

भारतीय टीम ने गेंदबाजों के बाद विराट कोहली की अगुआई में बल्लेबाजों के दमदार प्रदर्शन से ऑस्ट्रेलिया को सेमीफाइनल में चार विकेट से हराकर चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में जगह बना ली है। भारतीय टीम टूनार्मेंट में अजेय रहते हुए फाइनल में पहुंची है। इस मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के कप्तान स्टीव स्मिथ ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया था और 49.3 ओवर में 264 रन बनाए थे। लक्ष्य का पीछा करते हुए कोहली एक बार फिर चेज मास्टर साबित हुए और उन्होंने 98 गेंदों पर पांच चौकों की मदद से 84 रन बनाए जिसकी मदद से भारत ने 48.1 ओवर में छह विकेट पर 267 रन बनाकर मैच जीता।

भारत ने इसके साथ ही ऑस्ट्रेलिया से 2023 वनडे विश्व कप के फाइनल में मिली हार का बदला भी चुकता कर लिया है। यह लगातार तीसरी बार है जब भारत सीमित ओवर प्रारूप के आईसीसी टूनार्मेंट के खिताबी मुकाबले में जगह बनाने में सफल रहा है।




भारत ने इससे पहले 2023 वनडे विश्व कप, 2024 टी20 विश्व कप के फाइनल में जगह बनाई थी और अब वह चैंपियंस ट्रॉफी के खिताबी मैच में भी पहुंचने में सफल रहा है। वहीं, टीम इंडिया लगातार तीसरी बार चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में पहुंचा है। इससे पहले टीम 2013 और 2017 चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में भी पहुंची थी।

भारतीय टीम ने संयुक्त रूप से चैंपियंस ट्रॉफी के नॉकआउट मैच का सबसे सफल लक्ष्य हासिल कर लिया है। इससे पहले न्यूजीलैंड ने भारत के खिलाफ 2000 में इस टूनार्मेंट के नॉकआउट मैच में 265 रनों का लक्ष्य प्राप्त किया था। वहीं, भारत ने 2017 में बांग्लादेश के खिलाफ इतने ही रनों का लक्ष्य चेज किया था। भारत इसके साथ ही आईसीसी के वनडे टूनार्मेंट में सबसे ज्यादा सेमीफाइनल जीतने वाली टीम बन गया है। भारत ने इस मामले में ऑस्ट्रेलिया की बराबरी कर ली है। भारत और ऑस्ट्रेलिया दोनों ने 14 सेमीफाइनल मैचों में से नौ बार जीत दर्ज की है। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत की शुरूआत अच्छी नहीं रही थी और उसने 43 रन पर दो विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद कोहली ने श्रेयस अय्यर के साथ मिलकर तीसरे विकेट के लिए 91 रनों की साझेदारी की और भारत को संभाला। श्रेयस हालांकि अर्धशतक लगाने से चूक गए और 62 गेंदों पर तीन चौकों की मदद से 45 रन बनाकर आउट हुए। श्रेयस के आउट होने के बावजूद कोहली क्रीज पर डटे रहे और भारत को जीत के करीब लेकर गए। कोहली इसके साथ ही आईसीसी वनडे टूनार्मेंट में सर्वाधिक बार 50 से ज्यादा का स्कोर बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने 24वीं बार 50+ स्कोर बनाया।

शेष पेज 2 पर

## 'कभी रेल रोको तो कभी सड़क...', किसानों के विरोध प्रदर्शन पर बोले भगवंत मान, धरना प्रदेश बनता जा रहा पंजाब



लुधियाना। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के एसकेएम की बैठक से बाहर निकलने के एक दिन बाद, किसान नेताओं ने मंगलवार को कहा कि राज्य पुलिस ने चंडीगढ़ में उनके नियोजित प्रदर्शन से पहले आधी रात को छापेमारी में कई प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया। एसकेएम 37 किसान संघों का एक समूह है।

पंजाब में तनाव चरम पर है। 5 मार्च को संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) द्वारा आयोजित 'चंडीगढ़ चलो' विरोध प्रदर्शन से पहले सत्तारूढ़ आप सरकार और किसान यूनियनों के बीच राजनीतिक गतिरोध बढ़ गया है। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के एसकेएम की बैठक से बाहर निकलने के एक दिन बाद, किसान नेताओं ने मंगलवार को कहा कि राज्य पुलिस ने चंडीगढ़ में उनके नियोजित प्रदर्शन से पहले आधी रात को छापेमारी में कई प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया। एसकेएम 37 किसान संघों का एक समूह है। शेष पेज 2 पर

## होली स्पेशल ट्रेनें भी फुल?

## 10 दिन पहले ही यूपी-बिहार, दिल्ली रूट पर भी मारामारी, 250 से ज्यादा वेटिंग

नई दिल्ली। रेलवे की ओर से होली के समय नई दिल्ली से बिहार आने के लिए कुल छह जोड़ी ट्रेनों की सौगात मिली है। इन ट्रेनों में जल्दी बुकिंग करने से सीट मिलने की संभावना ज्यादा है। रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर राजेंद्र नगर, दानापुर, गया, मुजफ्फरपुर एवं सहरसा से नई दिल्ली और आनंद विहार के लिए चलायी जा रही स्पेशल ट्रेन के परिचालन अविध में विस्तार करने का निर्णय लिया गया है। इन सभी ट्रेनों की टाइमिंग पूर्व जैसी ही रहेगी।

देश के अलग अलग हिस्सों से होली पर गांव जाने वालों की बेतहाशा भीड़ उमड़ रही है। भीड़ इस कदर है कि यूपी-बिहार, राजस्थान और दिल्ली की तरफ जाने वाली ट्रेन अभी से फुल हो गई हैं।



अब ट्रेनों में कंफर्म टिकट नहीं मिल रहा। 14 मार्च को होली का त्योहार है। ऐसे में यूपी-बिहार, राजस्थान, दिल्ली, ओडिशा, पश्चिम बंगाल से जाने वाले यात्रियों का सफर मुश्किल भरा होने वाला है।

यूपी-बिहार और दिल्ली जाने वाले सभी ट्रेनों में वेटिंग अभी से 200 से 250 तक जा पहुंच गई है। 1 मार्च के बाद यूपी-बिहार जाने वाली लगभग सभी ट्रेनें वेटिंग में आ चुकी हैं, जबकि राजस्थान की ट्रेनों में भी सीटें नहीं हैं। बीकानेर, जयपुर, उदयपुर समेत अलग-अलग ट्रेनें पैक्ड हो चुकी हैं। इसके अलावा मध्यप्रदेश के इंदौर, भोपाल, जबलपुर और छत्तीसगढ़ के रायपुर, बिलासपुर शहरों की तरफ जाने वाले ट्रेनों में भी वेटिंग आ गई है।

गुजरात, पश्चिम बंगाल, एमपी, महाराष्ट्र, दिल्ली और राजस्थान से यूपी-बिहार जाने वाली रेगुलर और साप्ताहिक ट्रेनों में भी जगह नहीं है। होली के लिए इन ट्रेनों में कंफर्म टिकट नहीं मिल रहा है। होली पर गांव जाने की चाह रखने वाले यात्रियों को अब कंफर्म टिकट के लिए अतिरिक्त विशेष ट्रेनों का इंतजार है। आगामी सप्ताह में सभी ट्रेनों के रिग्रेट होने की संभावना है। रेलवे स्पेशल ट्रेन चलाती है तो राहत मिल सकेगी। होली पर जाने की भीड़ इस कदर है कि कई साप्ताहिक ट्रेनें भी पैक हो चुकी हैं। हालांकि, रेलवे अधिकारियों का कहना है कि, फिलहाल ये सभी रेगुलर ट्रेनें हैं, जबकि आने वाले एक सप्ताह के भीतर और भी होली स्पेशल ट्रेन चलाएंगे, जिससे भीड़ कम होगी, यात्रियों को राहत मिलेगी। लोगों को भी कन्फर्म टिकट भी मिल सकेगा।

शेष पेज 2 पर

## नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों के बीच मल्लिकार्जुन खड़गे से मिले डीके शिवकुमार



नई दिल्ली। शिवकुमार ने कहा कि उन्होंने खड़गे को बेंगलुरु में नए कांग्रेस कार्यालय के शिलान्यास समारोह में भी आमंत्रित किया था। उन्होंने कहा कि हम बेंगलुरु में नए कांग्रेस कार्यालय की नींव रख रहे हैं।

कर्नाटक के नेतृत्व पर नए सिरे से चर्चा के बीच कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने आज कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात की। यह बैठक वरिष्ठ कांग्रेस नेता वीरप्पा मोइली द्वारा मुख्यमंत्री पद के लिए शिवकुमार का पुरजोर समर्थन करने के कुछ दिनों बाद हुई। हालांकि, शिवकुमार ने कहा कि खड़गे से मुलाकात प्रोटोकॉल का मामला था।

उन्होंने कहा कि वह मेरे अध्यक्ष हैं। वह मेरे नेता है। एक प्रोटोकॉल है कि मुझे जाकर उन्हें रिसीव करना है, इसलिए मैं गया।

शेष पेज 2 पर

### सीएम नीतीश ने लालू के बारे में कहीं यह बातें, तेजस्वी पर बोले-

## यह अभी बच्चा है, इसे कुछ नहीं पता

पटना। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव का वक्तव्य खत्म होने के बाद सीएम नीतीश कुमार सदन में आए। राज्यपाल के अभिभाषण पर बोलते वक्त सरकार की उपलब्धियां गिना ही रहे थे तेजस्वी ने बीच में टोक दिया। इस बात पर सीएम नीतीश कुमार सदन में ही भड़क गए।

बिहार विधानसभा में बजट सत्र के तीसरे दिन सदन में काफी हंगामा हुआ। राज्यपाल के अभिभाषण पर बोलने के दौरान पहले नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने नीतीश सरकार को जमकर कोसा। अपने पिता लालू प्रसाद यादव के कार्यकाल 2005 से पहले की




उपलब्धियां गिनाई। इस दौरान उन्होंने डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा पर भी निशाना साधा। दोनों डिप्टी सीएम ने भी पटलवार किया। इसके बाद तेजस्वी ने 2005 से 2025 के नीतीश सरकार के कार्यकाल में घोटाले और कई अन्य चीजों का जिक्र कर सरकार को घेरा। इस दौरान सीएम नीतीश सदन में नहीं थे। तेजस्वी ने इसपर भी सवाल उठाया। तेजस्वी का वक्तव्य खत्म होने के बाद सीएम नीतीश कुमार सदन में आए। राज्यपाल के अभिभाषण पर बोलते वक्त सरकार की उपलब्धियां गिना ही रहे थे तेजस्वी ने बीच में टोक दिया।

शेष पेज 2 पर

## प्रेम रावत की किताब 'स्वयं की आवाज' के विमोचन में बना गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड

**एनपीटी ब्यूरो**

नोएडा, 04 मार्चः हम सभी एक बूंद हैं, जिसमें समुद्र समाया हुआ है और एक दिन यह बूंद समुद्र में समा जाएगी। जब तक हम एक बूंद हैं, हम उस अनंत का अनुभव कर सकते हैं। प्रेम रावत ने समझाया कि यह जीवन बार-बार नहीं मिलेगा। अगर हमारे जीवन में प्रकाश हो जाए, तो हम सब भी उन उपहारों को पाएंगे जो हमें इस जीवन के रूप में मिले हैं। यह बातें लेखक प्रेम रावत ने एक कार्यक्रम में कहीं।

यहां उनकी नयी पुस्तक स्वयं की आवाज का लोकार्पण किया गया, जिसे विश्व प्रसिद्ध प्रकाशक हार्पर





कॉलिंस ने हिन्दी में प्रकाशित किया है। इस मौके पर संपूर्ण भारत से लोग प्रेम रावत को सुनने के लिए आये हुए थे।

यह प्रेम रावत जी का तीसरा गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड है। इससे पहले, उन्होंने 2023 में दो रिकॉर्ड बनाए थे झ एक लेखक पुस्तक वाचन में सबसे बड़ी दर्शक संख्या, जिसमें 1,14,704 लोग शामिल हुए थे, और सबसे बड़े व्याख्यान (लेक्चर) में भाग लेने वाली दर्शक संख्या, जिसमें 3,75,603 लोग उपस्थित थे। यह नया रिकॉर्ड उनकी प्रेरणादायक शांति और आशा के संदेश की विश्वविख्यात लोकप्रियता को दशार्ता है, जिससे भारत और दुनिया भर में लाखों लोग प्रभावित हो रहे हैं।

इस ऐतिहासिक आयोजन की इतनी बड़ी और शानदार प्रतिक्रिया देखकर हम बेहद उत्साहित हैं। प्रेम रावत ने कहा एक बुझा हुआ दिया दीसरे बुझे हुए दीयों को नहीं जला सकता, उसी प्रकार जब तक हम स्वयं को नहीं जानते तब तक हम दूसरों की परेशानियों से उबरने में उनकी सहायता नहीं कर पाएंगे। आज कल के भागदौड़ की दुनिया में जहां मनुष्य परेशान है, थका हुआ महसूस हुआ करता है। प्रेम रावत बताते है कि हर एक मनुष्य के अंदर शांति का सुंदर संगीत बज रहा है, जिसको हम अपने ही भीतर सुन सकते हैं और शांति को प्राप्त कर सकते हैं।

# हिंदुस्तान पवार ने असम सरकार के साथ समझौता ज्ञापन पर किया हस्ताक्षर

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

असम : असम सरकार के साथ हाल ही में संपन्न 'एडवांटेज असम 2.0' में समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने के बाद, हिंदुस्तान पावर ने असम में अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं में 620 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की है। उद्योग निकाय ने कहा कि उद्यम असम के अक्षय ऊर्जा बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के उद्देश्य से 100 मेगावाट सौर ऊर्जा स्टेशनों और अत्याधुनिक 100 मेगावाट बैटरी पावर स्टोरेज सिस्टम विकसित करने पर ध्यान केंद्रित करेगा। इसके अलावा सौर परियोजना के लिए 500 करोड़ रुपये और बैटरी भंडारण के लिए 120 करोड़ रुपये रखे गए हैं। कंपनी द्वारा दिए गए एक बयान के अनुसार, असम सरकार के सहयोग से शुरू की गई परियोजनाएं राज्य में ऊर्जा की स्थिति को बढ़ाएंगी और 5,000 से अधिक नौकरियां पैदा करेंगी। असम सरकार को उम्मीद है कि हिन्दुस्तान पावर द्वारा हाल ही में किया गया निवेश पारंपरिक ऊर्जा स्त्रोतों पर राज्य की निर्भरता को कम करने और भविष्य की ऊर्जा मांगों को पूरा करने के लिए अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों को अपनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।




# असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने एपीएससी घोटाले को लेकर किया कांग्रेस की कड़ी आलोचना

नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो

असम : असम में चल रहे बजट सत्र के दौरान राज्य के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने असम लोक सेवा आयोग (एपीएससी) घोटाले को लेकर पिछली कांग्रेस सरकार की कड़ी आलोचना की है। इसपर मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा है कि, अगर भाजपा सत्ता में नहीं आती तो वंचित युवाओं को नौकरी नहीं मिलती। मीडिया से बात करते हुए मुख्यमंत्री सरमा ने कहा, ₹अगर भाजपा सरकार नहीं बनाती तो कोई भी वंचित युवा एपीएससी की तीसरी और चौथी श्रेणी की नौकरी नहीं पा सकता था। अगर आप पूर्व एपीएससी अध्यक्ष राकेश पॉल की सूची देखें तो उसमें कांग्रेस कार्यकर्ताओं को भी शामिल नहीं किया गया था। केवल पैसे और महिलाएं ही निशाने पर थीं।₹ उन्होंने आगे दावा किया कि कांग्रेस कार्यकर्ता अब खुद ही अपनी पार्टी के नेतृत्व पर सवाल उठा रहे हैं, क्योंकि एपीएससी घोटाले के दौरान कई लोगों को नौकरी के अवसरों से वंचित रखा गया था। ₹विधानसभा चुनावों से पहले, कांग्रेस कार्यकर्ता भी निराश हैं क्योंकि उनके नेताओं ने उनके परिजनों को नौकरी नहीं दिलाई। इस टिप्पणी ने राजनीतिक तूफान खड़ा कर दिया है, जिससे एपीएससी घोटाले की जांच को लेकर चल रहे विवाद में और आग लग गई है। इस टिप्पणी पर असम विधानसभा में विपक्ष के नेता देबब्रत सैकिया ने एपीएससी घोटाले पर मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की प्रतिक्रिया पर असंतोष व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि ₹हम मुख्यमंत्री के जवाब से संतुष्ट नहीं हैं।



सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति बिप्लब कुमार सरमा समिति द्वारा की गई जांच में कई सिफारिशें की गई हैं, लेकिन वर्तमान सरकार उन पर कार्रवाई करने में अनिच्छुक है। ऐसा लगता है कि सरकार कुछ अधिकारियों को बचाना चाहते हैं, जिसके कारण सरकार उचित हलफनामा दायर नहीं कर रहे हैं। इस तरह देबब्रत सैकिया ने सरकार पर कुछ अधिकारियों को बचाने का गंभीर आरोप लगाया है।

# जो लोग 2500 रुपये के लिए चिल्ला रहे हैं वो..', एलएनजेपी अस्पताल का निरीक्षण कर बोलीं सीएम रेखा गुप्ता

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने एलएनजेपी अस्पताल का दौरा कर निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार के अस्पताल और यहां का स्वास्थ्य विभाग बीमार है।

मुख्यमंत्री ने मंगलवार को गुरु तेग बहादुर अस्पताल और लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल का दौरा किया। इस दौरान उनके साथ दोनों अस्पतालों के चिकित्सा निदेशक भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से लोकनायक अस्पताल के गोदाम का निरीक्षण किया, जहां उन्हें 166 वेंटिलेटर और 36000 पीपीई किट पड़ी मिलीं।



उन्होंने इस स्थिति पर गहरी चिंता जताते हुए कहा कि यह सिर्फ एक अस्पताल का हाल नहीं है, बल्कि कई अस्पतालों की स्थिति ऐसी ही है। दिल्ली सरकार के अस्पताल और स्वास्थ्य विभाग बीमार हैं।

आप नेता महिलाओं को 2500 रुपये देने की बात कर रहे हैं, जबकि उन्हें यह देखना चाहिए कि उन्होंने दिल्ली के अस्पतालों की स्थिति को कैसे छोड़ा है। अगर सरकार सही तरीके से स्वास्थ्य सेवाओं पर ध्यान देती, तो आज अस्पतालों में इस तरह की अव्यवस्था न होती।

# नोएडा एयरपोर्ट के पास लगाई जाएगी फूड प्रोसेसिंग यूनिट, आम और अमरूद से बनेगा जूस; विदेशों में होगा निर्यात

ग्रेटर नोएडा । नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के अंदर कार्गो हब की 87 एकड़ जमीन है, जिस पर कार्गो हब विकसित किया जा रहा है। प्रदेश सरकार ने यहां पर फूड प्रोसेसिंग यूनिट लगाने का फैसला लिया है।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास फूड प्रोसेसिंग यूनिट लगाई जाएगी, जहां यूपी के फलों का जूस की पैकेजिंग की जाएगी। फिर एयरपोर्ट से जूस को विदेशों में निर्यात किया जाएगा। यूपी के फलों में आम पर खास फोकस रहेगा। वहीं, स्थानीय किसानों को भी इसका लाभ मिलेगा। वो भी आम, अमरूद जैसे फलों की पैदावार बढ़ा सकेंगे। उनको भी एक प्लेटफॉर्म मिलेगी। यूनिट स्थापित करने के लिए शासन स्तर की समिति ने कार्रवाई शुरू की है।

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के अंदर कार्गो हब की 87 एकड़ जमीन है, जिस पर कार्गो हब विकसित किया जा रहा है। प्रदेश सरकार ने यहां पर फूड प्रोसेसिंग यूनिट लगाने का फैसला लिया है। यह यूनिट फलों पर आधारित होगी। यूनिट में फलों के जूस की पैकेजिंग होगी। फिर जूस को विदेशों में निर्यात किया जाएगा। यूनिट लगाने के लिए शासन स्तर से इसकी एक समिति का गठन किया गया है, जिसमें नायल, विश्व बैंक, इनोवा एग्री पार्क (भारत बायोटेक की सहयक कंपनी) के अधिकारी शामिल हैं।

प्राधिकरण के अफसरों ने बताया कि करीब सात एकड़ जमीन पर यूनिट लगेगी, जिसमें यूपी के फलों के जूस की पैकेजिंग होगी। एयर इंडिया और सिंगापुर हवाईअड्डा टर्मिनल सेवा के कोल्ड चेन सिस्टम के तहत यूनिट को विकसित किया जाएगा। सिंगापुर की कंपनी पर कार्गो हब की जिम्मेदार है। यूनिट में उत्पादों की ताजगी और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में निर्यात के मानकों का पालन किया जाएगा। अफसरों ने बताया कि विश्व बैंक से 350 करोड़ की सहायता मिलेगी। साथ ही प्रदेश सरकार 35 प्रतिशत तक सब्सिडी देगी।

## पेज एक का शेष...

### सीएम बोलेः हमारी सोच सांप्रदायिक नहीं, जो हमारा है हमें मिल जाना चाहिए, सपा को नहीं है राम-कृष्ण पर विश्वास

**जो हमारा है, वह हमें मिल जाना चाहिए** –सीएम योगी ने अपने हमले जारी रखते हुए कहा कि आप कहते हैं कि हमारी सोच सांप्रदायिक है, आप मुझे बताइए कि हमारी सोच कहां से सांप्रदायिक है। हम तो सबका साथ, सबके विकास की बात करते हैं। हमारा तो आदर्श है सर्वे भवंतु सुखिनः, सर्वे सर्वे संतु निरामया। इसका सबसे आदर्श उदाहरण आपके सामने है महाकुम्भ। 45 दिन के इस आयोजन ने भारत की विरासत और विकास की एक अनुपम छाप न केवल भारत में, बल्कि दुनिया के सामने प्रस्तुत की है। क्या उसमें किसी के साथ कोई भेदभाव हुआ है। न जाति का भेद, ना क्षेत्र का भेद, ना मत और मजहब का भेद था। 100 से अधिक देशों के लोग बड़ी श्रद्धा भाव के साथ आए। जो भी विकास और विरासत की इस अनुपम छटा का सहभागी बना वह अभिभूत होकर गया। एक पक्ष यह है जो आपके सामने उदाहरण के रूप में है। प्रत्यक्ष को प्रमाण की क्या आवश्यकता है, लेकिन दूसरा पक्ष वह भी था जब 26 फरवरी को संभल में 56 वर्षों के बाद शिव मंदिर में जलाभिषेक का कार्यक्रम हो रहा था। अकेले संभल में 67 तीर्थ थे और 19 कूप भी थे, जिनको एक निश्चित समय के अंदर समाप्त कर दिया गया। इन 67 तीर्थ में से 54 तीर्थ को ढूंढने का काम हमने किया है जो हमारी विरासत का हिस्सा हैं। जो 19 कूप हैं उन्हें भी मुक्त कराया गया है। हमने यही कहा है की जो हमारा है वह हमें मिल जाना चाहिए। हम इससे इतर कहीं नहीं जा रहे हैं। सच कड़वा होता है और कड़वे सच को स्वीकार करने का सामर्थ्य भी होना चाहिए।

### नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों के बीच मल्लिकार्जुन खड़गे से मिले डीके शिवकुमार

शिवकुमार ने कहा कि उन्होंने खड़गे को बेंगलुरु में नए कांग्रेस कार्यालय के शिलान्यास समारोह में भी आमंत्रित किया था। उन्होंने कहा कि हम बेंगलुरु में नए कांग्रेस कार्यालय की नींव रख रहे हैं। मैंने उन्हें इसके लिए भी आमंत्रित किया है। इससे पहले, मोइली ने कहा कि शिवकुमार ने अपने नेतृत्व और पार्टी को मजबूत करने के प्रयासों से यह पद हासिल किया है। उन्होंने कहा कि यहाँ-वहाँ बयान हो सकते हैं, लेकिन उन्हें मुख्यमंत्री बनने से कोई नहीं रोक सकता। कुछ लोग व्यक्तिगत कारणों से उनकी आलोचना कर सकते हैं, लेकिन इससे कुछ भी नहीं बदलेगा।

उन्होंने उम्मीद जताई कि शिवकुमार का नेतृत्व श्रद्धेय जैन देवता की तरह फलेगा-फूलेगा। उन्होंने कहा कि आपने (डीके शिवकुमार) अच्छा नेतृत्व दिया है। आपने पार्टी बनाई है। लोग बयानबाजी कर रहे हैं लेकिन आपको सीएम बनने से कोई नहीं रोक सकता। इसे लेकर उत्तेजित होने की जरूरत नहीं है। आपको सीएम बनने से कोई नहीं रोक सकता। मुख्यमंत्री बनना कोई ऐसी चीज नहीं है जिसे उपहार के रूप में दिया जाना चाहिए, यह कुछ ऐसा है जो उन्होंने कड़ी मेहनत से अर्जित किया है।

### यह अभी बच्चा है, इसे कुछ नहीं पता

इस बात पर सीएम नीतीश कुमार सदन में ही भड़क गए। कहा कि तुम्हारे पिता को भी हमने ही बनाया था। इसके बाद विपक्ष हंगामा करने लगा। आइए जानते हुए सदन में सीएम नीतीश कुमार ने क्या क्या बातें कहीं...

2005 के पहले बिहार में कुछ नहीं था-सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि 2005 के पहले लोग शाम में घर से निकलने से डरते थे। सड़कें नहीं थीं। हिंदू-मुस्लिम झगड़े होते थे। जो काम किया मैंने किया, आप लोगों ने नहीं। पहले क्या स्थिति थी। पहले स्वास्थ्य व्यवस्था की कैसी हालत थी। पहले स्वास्थ केंद्र में एक दिन में एक या दो मरीज आते थे। अस्पताल में दवाई की व्यवस्था करवाई। अब देखिए अस्पतालों में औसतन 11 हजार लोग आए। पहले छह मेडिकल कॉलेज था। हम आए तो नए-नए मेडिकल कॉलेज बनवाएं। इसपर तेजस्वी यादव ने कहा कि सवाल उठाया तो सीएम नीतीश कुमार ने तंज कसते हुए कहा कि यह बच्चा है, इसे कुछ पता नहीं है। 2005 के पहले बिहार में कुछ नहीं था। तुम्हारे पिता को हमने ही बनाया है। वह जब आए थे, उस समय यह सब नहीं था। अरे, तुम्हारे जात वाले भी जो हमको जानते थे, वह कहते थे कि काहे के लिए यह सब कर रहे हैं। इसके बाद चार साल के बाद 1994 हम अलग हो गए। 2005 में हमारी सरकार बनी तो कितना विकास हुआ। महिलाओं, किसान और युवाओं के लिए कितना काम हुआ यह सब जानते हैं।

सीएम नीतीश कुमार ने कहा- यह लोग अंड-बंड बोलता रहा-इधर, सीएम नीतीश कुमार बोल ही रहे थे कि विपक्ष ने वॉकआउट कर दिया। सीएम ने कहा कि सरकार सभी जातियों धर्म के कार्यों के पूरा करने के लिए कृत संकल्पत है। प्रधानमंत्री का नाम लेते हुए उन्होंने कहा मैं धन्यवाद कहा। सरकार की कामना है कि समाज में सद्भाव और बिहार विकास के पद पर अग्रसर रहे। विपक्ष भाग गया है इन्हें भी हम इसको धन्यवाद देते हैं। यह लोग अंड-बंड बोलता रहा है। इसके बाद सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी गई।

### भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी के नॉकआउट मैच का सबसे सफल लक्ष्य प्राप्त किया, लगातार तीसरी बार फाइनल में

कोहली ने इसके साथ ही महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ दिया। सचिन ने 58 पारियों में 23 से ज्यादा बार 50+ रन बनाए थे। वहीं, कोहली ने एक और उपलब्धि हासिल कर ली। वह लक्ष्य का पीछा करते हुए वनडे में 8000 से ज्यादा रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बन गए हैं। इसी के साथ वह महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के क्लब में शामिल हो गए।

कोहली शतक की ओर बढ़ रहे थे, लेकिन एडम जैम्पा की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने के चक्कर में अपना विकेट गंवा बैठे। कोहली के आउट होने के बाद केएल राहुल और हार्दिक पांड्या ने मोर्चा संभाला। हार्दिक ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की और भारत के जीत के बेहद करीब ले आए। जब टीम को जीत के लिए छह रन बनाने की जरूरत थी, तभी हार्दिक बड़ा शॉट लगाने के चक्कर में आउट हो गए।

राहुल ने छक्का लगाकर दिलाई जीत - हार्दिक ने 24 गेंदों पर एक चौका और तीन छक्कों की मदद से 28 रन बनाकर आउट हुए। हार्दिक के आउट होने के बाद केएल राहुल ने मैक्सवेल की गेंद पर छक्का लगाकर टीम को जीत दिलाई। भारत इसके साथ ही लगातार दूसरी बार चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में पहुंचा है। इससे पहले टीम 2017 में भी चैंपियंस ट्रॉफी के खिताबी मुकाबले में पहुंचने में सफल रही थी। राहुल 34 गेंदों पर दो चौकों और दो छक्कों की मदद से 42 रन बनाकर नाबाद लौटे, जबकि जडेजा भी दो रन बनाकर नाबाद रहे। ऑस्ट्रेलिया की ओर से नाथन एलिस और एडम जैम्पा ने दो-दो विकेट झटके, जबकि बेन ड्वारशुइस और कूपर कोनोली को एक-एक विकेट मिला।

स्मिथ-कैरी की शानदार पारी - इससे पहले, ऑस्ट्रेलिया ने कप्तान स्टीव स्मिथ और एलेक्स कैरी के अर्धशतक की मदद से भारत के सामने चुनौतीपूर्ण लक्ष्य रखा। ऑस्ट्रेलिया के लिए स्मिथ ने 96 गेंदों पर 73 रन और एलेक्स कैरी ने 57 गेंदों पर 61 रन बनाए। भारत को शमी ने कोनोली को आउट कर पहली सफलता दिलाई। इसके बाद ट्रेविस हेड ने कुछ आक्रामक शॉट खेलकर टीम को संभालने की कोशिश की, लेकिन वरुण चक्रवर्ती ने हेड को आउट कर भारत को बड़ी सफलता दिलाई। इसके बाद स्मिथ ने मार्नस लाबुशेन के साथ साझेदारी जमाई। स्मिथ एक छोर से पारी आगे बढ़ाते रहे और उन्होंने रन गति का भी ध्यान रखा। हालांकि, दूसरे छोर पर विकेट भी गिरते रहे। स्मिथ के आउट होने के बाद एलेक्स कैरी ने मोर्चा संभाला और आक्रामक बल्लेबाजी की।

अंतिम ओवरों में भारतीय गेंदबाज विकेट निकालने में सफल रहे। जब कैरी खेल रहे थे तो लग रहा था कि ऑस्ट्रेलिया 300 के करीब स्कोर खड़ा कर लेगा, लेकिन भारतीय गेंदबाज वापसी करने में सफल रहे। ऑस्ट्रेलियाई टीम पूरे 50 ओवर भी नहीं खेल सकी। भारत की ओर से तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने सर्वाधिक तीन विकेट झटके, जबकि वरुण चक्रवर्ती और रवींद्र जडेजा को दो-दो विकेट मिले। वहीं, हार्दिक पांड्या और अक्षर पटेल को एक-एक सफलता मिली।

### 'कभी रेल रोको तो कभी सड़क...', किसानों के विरोध प्रदर्शन पर बोले भगवंत मान, धरना प्रदेश बनता जा रहा पंजाब

घटना की पुष्टि करते हुए, मान ने संवाददाताओं से कहा कि जब एसकेएम नेताओं ने 5 मार्च से विरोध प्रदर्शन की योजना का उल्लेख किया तो वह बैठक से बाहर चले गए। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि हां, मैंने बैठक छोड़ दी, और हम उन्हें भी हिरासत में लेंगे। किसानों को पटरियों और सड़कों पर नहीं बैठने देंगे। उन्होंने आगे बताया कि मैंनें किसानों से कहा कि आप हर दिन 'रेल रोको', 'सड़क रोको' विरोध प्रदर्शन करते हैं। इससे पंजाब को भारी नुकसान हो रहा है। राज्य को आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। पंजाब धरना प्रदेश बनता जा रहा है। मेरी कोमलता को यह न समझें कि मैं कार्रवाई नहीं करता।

इस बात पर प्रकाश डालते हुए कि वह "बिना उकसावे" के बाहर क्यों चले गए, मान ने कहा कि उन्होंने किसानों से कहा था कि बैठक और 'मोर्चा' साथ-साथ नहीं चल सकते। मान ने बाहर निकलने से पहले कहा था, "लेकिन अगर आप मुझसे कहते हैं कि बैठक के साथ-साथ मोर्चा भी जारी रहेगा, तो मैं बैठक रद्द कर देता हूं और आप मोर्चा जारी रख सकते हैं।" आधी रात को की गई छापेमारी मुख्यमंत्री मान के "बिना किसी उकसावे के" बैठक के बीच से चले जाने के कुछ घंटों बाद हुई। एक वायरल वीडियो में क्रांतिकारी किसान यूनियन के राज्य महासचिव गुरमीत सिंह मेहमा ने कहा कि मान के एसकेएम के साथ बैठक से बाहर निकलने के बाद पंजाब पुलिस ने किसान नेताओं के घरों पर छापेमारी शुरू कर दी।

### 10 दिन पहले ही यूपी-बिहार, दिल्ली रूट पर भी मारामारी, 250 से ज्यादा वेटिंग

इन राज्यों के लिए शुरू हुई स्पेशल ट्रेनें-रेलवे की ओर से होली के समय नई दिल्ली से बिहार आने के लिए कुल छह जोड़ी ट्रेनों की सौगात मिली है। इन ट्रेनों में जल्दी बुकिंग करने से सीट मिलने की संभावना ज्यादा है। रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर राजेंद्र नगर, दानापुर, गया, मुजफ्फरपुर एवं सहरसा से नई दिल्ली और आनंद विहार के लिए चलायी जा रही स्पेशल ट्रेन के परिचालन अविध में विस्तार करने का निर्णय लिया गया है। इन सभी ट्रेनों की टाइमिंग पूर्व जैसी ही रहेगी।

गाड़ी संख्या-02393 राजेंद्र नगर-नई दिल्ली क्लोन स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार करते हुए इसे राजेंद्र नगर से 01 मार्च से 31 मार्च तक गुरूवार को छोड़कर सप्ताह के शेष छह दिन चलायी जाएगी। वापसी में, गाड़ी संख्या-02394 नई दिल्ली-राजेंद्र नगर क्लोन स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार करते हुए इसे नई दिल्ली से 02 मार्च से 01 अप्रैल तक शुक्रवार को छोड़कर सप्ताह के शेष छह दिन चलायी जाएगी। जबकि गाड़ी संख्या-03257 दानापुर-आनंद विहार स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार करते हुए इसे अब दानापुर से 02 मार्च से 30 मार्च तक प्रत्येक रविवार को चलायी जाएगी। वापसी में, गाड़ी संख्या-03258 आनंद विहार-दानापुर स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार करते हुए इसे अब आनंद विहार से 03 मार्च से 31 मार्च तक प्रत्येक सोमवार को चलाई जाएगी।

गाड़ी संख्या-02393 राजेंद्र नगर-नई दिल्ली क्लोन स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार करते हुए इसे राजेंद्र नगर से 01 मार्च से 31 मार्च तक गुरूवार को छोड़कर सप्ताह के शेष छह दिन चलायी जाएगी. वापसी में, गाड़ी संख्या-02394 नई दिल्ली-राजेंद्र नगर क्लोन स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार करते हुए इसे नई दिल्ली से 02 मार्च से 01 अप्रैल तक शुक्रवार को छोड़कर सप्ताह के शेष छह दिन चलायी जाएगी। गाड़ी संख्या-03257 दानापुर-आनंद विहार स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार करते हुए इसे अब दानापुर से 02 मार्च से 30 मार्च तक प्रत्येक रविवार को चलायी जाएगी।

वापसी में, गाड़ी संख्या-03258 आनंद विहार-दानापुर स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार करते हुए इसे अब आनंद विहार से 03 मार्च से 31 मार्च तक प्रत्येक सोमवार को चलायी जाएगी। गाड़ी संख्या-05577 सहरसा-आनंद विहार स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार करते हुए इसे अब सहरसा से 02 मार्च से 31 मार्च तक गुरूवार एवं शनिवार को छोड़कर सप्ताह के शेष पांच दिन चलाई जाएगी। वापसी में, गाड़ी संख्या-05578 आनंद विहार-सहरसा स्पेशल के परिचालन अवधि में विस्तार करते हुए इसे अब सहरसा से 04 मार्च से 02 अप्रैल तक शनिवार एवं सोमवार को छोड़कर सप्ताह के शेष पांच दिन चलाई जाएगी।

होली पर यूपी के लिए शुरू होगी ये स्पेशल ट्रेन

रेलवे इस बार उत्तर प्रदेश के लिए भी स्पेशल ट्रेनें शुरू करने जा रहा है। इनमें 14 ट्रेनें ऐसी हैं जो लखनऊ के विभिन्न स्टेशनों से गुजरेंगी। जबकि कुछ ट्रेनें साप्ताहिक हैं तो कुछ ट्रेनें सप्ताह में तीन दिन चलेंगी। वहीं कुछ ट्रेनें रोजाना चलेंगी।

रेलवे प्रशासन होली के त्यौहार पर यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए मुंबई, नई दिल्ली, चंडीगढ़, गुजराज, बिहार से विशेष ट्रेनें चलाएगा। इनमें ट्रेन नंबर 04020/04019 अप डाउन आनंद विहार टर्मिनल-बरौनी-आनंद विहार टर्मिनल साप्ताहिक विशेष ट्रेन को आनंद विहार टर्मिनल से 09 व 16 मार्च के अलावा हर रविवार को और बरौनी से 10 व 17 मार्च को हर सोमवार को तीन फेरों के लिए चलेगी। इसी कड़ी में ट्रेन नंबर 04022/04021 नई दिल्ली-गोरखपुर-नई दिल्ली वाया लखनऊ जंक्शन का संचालन नई दिल्ली से 7, 14 व 21 मार्च को और गोरखपुर से 8, 15 व 22 मार्च को किया जाएगा।

ट्रेन नंबर 04504/04503 चंडीगढ़-गोरखपुर वाया लखनऊ का संचालन चंडीगढ़ से 6, 13 व 20 मार्च को और गोरखपुर से 7, 14 व 21 मार्च को होगा। ट्रेन नंबर 02270/02269 लखनऊ के चारबाग से छपरा से लखनऊ चारबाग के बीच विशेष ट्रेन लखनऊ से 5 व 17 मार्च को और छपरा से 5 व 17 मार्च को चलेगी। ट्रेन नंबर 04012/04011 दिल्ली-दरभंगा-दिल्ली वाया लखनऊ विशेष गाड़ी दिल्ली से 7, 11, 14 व 18 मार्च को जबकि दरभंगा से 5, 8, 12, 15 व 19 मार्च को चलेगी. होली पर चलाई जाने वाली विशेष ट्रेनों में बुकिंग शुरू हो चुकी है।

# रमजान को लेकर सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यानः महेश शर्मा

## हर वार्ड में नियमित सफाई, मस्जिदों के बाहर विशेष अभियान

**सुरेंद्र मलानिया**

बागपत। रमजान के पवित्र माह में मुस्लिम अकीदतमंदों को किसी भी तरह की असुविधा न हो, इसे ध्यान में रखते हुए नगर पालिका प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। नगर पालिका के वरिष्ठ लिपिक महेश शर्मा ने बताया कि शहर में पेयजल और सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

**हर मोहल्ले में हैंडपंप दुरुस्त, पानी की पर्याप्त व्यवस्था**

महेश शर्मा ने बताया कि शहर के मुस्लिम मोहल्लों व बस्तियों में सभी हैंडपंपों की मरम्मत कराई जा चुकी है। यदि फिर भी कहीं कोई हैंडपंप खराब है, तो तुरंत सूचना देने पर उसे शीघ्र ठीक कराया जाएगा। साथ



ही, बिजली जाने की स्थिति में जनरेटर के जरिए पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने की योजना बनाई गई है।

**हर वार्ड में सफाई और मस्जिदों के बाहर विशेष अभियान**

रमजान माह को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका द्वारा शहर के प्रत्येक वार्ड में नियमित सफाई कराई जा रही है। विशेष रूप से मस्जिदों के बाहर सफाई अभियान चलाया जा रहा है। रोजाना सुबह पानी का छिड़काव और चूने का छिड़काव कराया जा रहा है, जिससे आसपास का वातावरण स्वच्छ और सुगंधित बना रहे।

**कूड़ा निस्तारण पर सख्ती, सफाई कर्मचारियों को विशेष निर्देश**

शहर में कूड़ा-करकट के निस्तारण के लिए सख्त व्यवस्था की गई है।

# मां भगवती के जागरण में श्रद्धालु हुए भाव-विभोर

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**



बागपत। घिटोरा गांव में सुप्रसिद्ध समाजसेवी एवं ज्ञान ज्योति सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल के प्रबंधक रामकुमार शर्मा के यहाँ मां भगवती का विशाल जागरण हुआ। इसमें परिवार व गांव के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और धर्म लाभ कमाया। श्रद्धालु धार्मिक भजनों पर जमकर झूमे।

भजनों पर झूमे भक्त, झांकियों ने मोहा मन महामंडलेश्वर जलेश्वर आनंद गिरी जी महाराज (जल वाले गुरुजी) बेहटा हाजीपुर की टीम के कलाकारों ने मां भगवती के एक से बढ़कर एक भजन सुनाए, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। श्रद्धालु अपने पैरों को रोक नहीं सके और बीच पंडाल में जमकर झूमे।

कार्यक्रम के दौरान भगवान हनुमान, शिव-पार्वती, कृष्ण-सुदामा आदि की मनमोहक झांकियां प्रस्तुत की गईं, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा।

सुबह के समय तारामती की कथा सुनाई गई, जिसने श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक शांति दी। कथा के बाद सभी भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। साथ ही कार्यक्रम के दौरान ही सुप्रसिद्ध समाजसेवी रामकुमार शर्मा के पौते अर्थव भारद्वाज का जन्मदिन भी धूमधाम से मनाया गया, जहाँ केक काटकर खुशियाँ साझा की गईं।

इस अवसर पर महामंडलेश्वर जलेश्वर आनंद गिरि जी महाराज, पीतम सिंह शर्मा, सचिन कुमार शर्मा, रिंकी देवी, प्रधानाचार्य मुकेश कुमार सिंघल, चतर सिंह शर्मा, राजेंद्र शर्मा, वीरेंद्र कुमार शर्मा, उमेश शर्मा, आदित्य शर्मा, नवीन चौधरी (संगठन मंत्री, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, राष्ट्रीय व्यापार मंडल) समेत अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# होली तक अतिक्रमण अभियान पर रोक, व्यापारियों को राहत

## व्यापारी नेता भूपेश बब्बर की मांग पर प्रशासन का आश्वासन

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूर**

बड़ौत/बागपत-अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल (पंजीकृत) बड़ौत के सभी पदाधिकारियों की नगर पालिका परिषद बड़ौत, जनपद बागपत में अतिक्रमण को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में एसडीएम बड़ौत, सीओ बड़ौत, इंस्पेक्टर बड़ौत एवं ईओ बड़ौत मौजूद रहे।

बैठक में जिला अध्यक्ष एवं व्यापारी नेता भूपेश बब्बर ने अधिकारियों से आगामी त्योहारों को देखते हुए अतिक्रमण अभियान को होली के बाद चलाने की मांग की। इस पर एसडीएम और सीओ बड़ौत ने आश्वासन दिया कि होली के पश्चात ही अतिक्रमण अभियान शुरू किया जाएगा।



**व्यापारियों के लिए सफेद पट्टी और पार्किंग की व्यवस्था की मांग**

व्यापारी नेता भूपेश बब्बर ने सुझाव दिया कि बाजार में सड़क पर सफेद पट्टी (मार्किंग) लगाई जाए, जिससे व्यापारियों की दुकान के लिए निश्चित सीमा तय हो सके और प्रशासन व व्यापारियों के बीच बेहतर तालमेल बना रहे। इससे व्यापारियों को किसी तरह की परेशानी नहीं होगी।

इसके साथ ही भूपेश बब्बर ने ईओ से बाजार में पार्किंग व्यवस्था की मांग भी रखी, ताकि बड़ौत बाजार में जाम की समस्या का समाधान हो सके। इस पर ईओ ने आश्वासन दिया कि जल्द ही शहर में उचित पार्किंग व्यवस्था की जाएगी।

बैठक में व्यापारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए कई अहम निर्णय लिए गए, जिससे बाजार में सुचारू व्यापार संचालन और प्रशासनिक सहयोग बना रहे।

# होली, रमजान तथा ईद के त्यौहारों को सकुशल संपन्न कराए जाने के संबंध पीस कमेटी की बैठक हुई संपन्न

**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली। अपर पुलिस महानिदेशक रमित शर्मा, मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल, पुलिस महानिरीक्षक डॉ0 राकेश सिंह, जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य की उपस्थिति में आज होली, रमजान तथा ईद के त्यौहारों को सकुशल संपन्न कराए जाने के संबंध पीस कमेटी की बैठक पुलिस लाइन के रविंद्रालय सभागार में संपन्न हुई।

बैठक में अपर पुलिस महानिदेशक रमित शर्मा ने सर्वप्रथम होली और जुमे की नमाज एक ही दिन होने पर बरेली जनपद के लोगों द्वारा स्वेच्छा से जुमे की नमाज का समय थोड़ा देर से करने और इसी दिन निकाले जाने वाले जुलूसों का समय थोड़ा जल्दी किए जाने जिससे दोनों ही कार्य सकुशल सम्पन्न हो कि भूरी-भूरी सराहना की और कहा कि उक्त सराहनीय प्रयास का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, जिससे प्रदेश स्तर पर शांति और सौहार्द की नजीर बने। उन्होंने पीस कमेटी के सदस्यों को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारा और आपका यही उद्देश्य है कि कोई भी व्यक्ति माहौल खराब ना कर सकें। आपके माध्यम से लोगों तक यह संदेश पहुंचे कि जो लोग सहयोगी हैं उनके सहयोग में हम भी खड़े हुए हैं और जो गलत मंसूबे पाले हुए हैं उन तक भी यह संदेश पहुंचे कि उनके मंसूबे पूरे नहीं होने दिए जाएंगे। होलिका दहन के लिए लोग जा रहे होंगे और तारावीह करके लोग आ रहे होंगे ऐसे समय पर कोई समस्या उत्पन्न ना हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। बैठक में मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने कहा कि आागामी त्यौहारों को अच्छी प्रकार से सम्पन्न कराए जाने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन द्वारा तैयारी की गयी है। आप लोगों के द्वारा भी सहयोग व समझदारी भी प्रदर्शित की जा रही है यह बहुत अच्छी बात है। जो लोग रंग खेलना चाहते हैं उसी के साथ खेले। बैठक में पुलिस महानिरीक्षक डॉ0 राकेश सिंह ने कहा कि आप लोगों का सहयोग और सामंजस्य बहुत अमूल्य है, जिसके माध्यम से समस्त त्यौहार सकुशल सम्पन्न होंगे। उन्होंने बताया कि जुलूस सुरक्षा समिति बनायी जाएगी, जिसमें स्थानीय लोग शामिल होंगे। सोशल मीडिया पर 24 घण्टे पैनी नजर रखी जा रही है, गलत पोस्ट करने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा। बैठक में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने कहा कि आप लोगों द्वारा स्वेच्छा से नमाज के समय में परिवर्तन का जो निर्णय लिया है वह निसंदेह सराहनीय और प्रेरणादायक है। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने बताया कि जनपद में 2866 स्थानों पर होलिका दहन तथा 69 जुलूस आयोजित होंगे, जुलूसों को सकुशल सम्पन्न कराने की जिम्मेदारी जुलूस सुरक्षा समिति के सदस्यों को दी गयी है। अतिसंवेदनशील होलिकाओं में 12 मार्च से ही पुलिस व्यवस्था रहेगी। बैठक में दरगाहे आला हजरत के प्रतिनिधि जावेद हाजी ने जानकारी दी कि होली और जुमे की नमाज एक ही दिन होने के कारण जुलूस वाले रुटों की मस्जिदों में नमाज के समय में परिवर्तन किया गया है। इस निर्णय की सराहना की गयी।

# महिला दिवस से पहले सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का शुभारंभ



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

बागपत।महिला स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने के उद्देश्य से न्यूबेला सेंटर फॉर वुमेन हेल्थ और लाइटहाउस काउंसलिंग सेंटर ने सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के शुभारंभ की घोषणा की। इस अत्याधुनिक स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन प्रसिद्ध कॉस्ट्यूम डिजाइनर रमोला बच्चन की उपस्थिति में किया गया, जिसमें सैकड़ों महिलाओं ने भाग लिया।

न्यूबेला सेंटर फॉर वुमेन हेल्थ की संस्थापक निदेशक एवं लाइटहाउस काउंसलिंग सेंटर की सह-संस्थापक डॉ. गीता श्रॉफ ने कहा, ₹महिलाएं अक्सर अपना स्वास्थ्य नजरअंदाज कर देती हैं। यह सेंटर उन्हें संपूर्ण देखभाल, सहयोग और संसाधन प्रदान करेगा, जिससे वे स्वस्थ और सशक्त जीवन जी सकें।

**महिला स्वास्थ्य के लिए व्यापक सेवाएं** -यह सेंटर ऑफ एक्सीलेंस महिलाओं की स्वास्थ्य आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए प्रजनन स्वास्थ्य, पीसीओएस, फाइब्रॉइड्स, गर्भावस्था देखभाल, कैंसर स्क्रीनिंग, मानसिक स्वास्थ्य सहायता, पोषण योजनाएं और मासिक धर्म से जुड़ी समस्याओं का निदान जैसी सेवाएं प्रदान करेगा। यहाँ स्त्रीरोग विशेषज्ञ, ऑन्कोलॉजिस्ट, पोषण विशेषज्ञ और मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों की अनुभवी टीम मौजूद रहेगी।

इसके अलावा, लाइटहाउस काउंसलिंग सेंटर मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देगा, जिसमें व्यक्तिगत काउंसलिंग, ग्रुप थेरेपी, तनाव और अवसाद प्रबंधन, प्रसवोत्तर देखभाल और कार्य-जीवन संतुलन के लिए सहायता शामिल होगी।

**स्वास्थ्य जागरूकता और निःशुल्क सेवाएं**

यह सेंटर महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़े कार्यशालाओं, सेमिनारों और सामुदायिक कार्यक्रमों का भी आयोजन करेगा। शुभारंभ के अवसर पर मार्च महीने भर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और परामर्श सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। न्यूबेला सेंटर फॉर वुमेन हेल्थ सभी महिलाओं को इन सेवाओं का लाभ उठाने के लिए आमंत्रित करता है।

# बुलडोजर देख अतिक्रमण करने वालों में हड़कंप, खोखे और होर्डिंग्स भरकर ले गई नगर निगम की टीम

**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली। बरेली में नगर निगम की अवैध निर्माण के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी है। मंगलवार को नगर निगम की टीम ने सेटेलाइट बस अड्डे के पास बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हटाया। टीम ने सड़क किनारे बने अवैध खोखे और होर्डिंग्स को हटाकर जब्त कर लिया, जिससे दुकानदारों में खलबली मची रही।



जैसे ही नगर निगम की टीम बुलडोजर लेकर पहुंची, वहां अवैध रूप से ठेले और खोखे लगाए दुकानदार भागने लगे। कई दुकानदारों का सामान जब्त कर लिया गया, जबकि कई खोखों को बुलडोजर की मदद से हटाकर नगर निगम की गाड़ी में भर लिया गया। इसके अलावा, दुकानों और होटलों के बाहर लगे अवैध होर्डिंग्स को भी जब्त कर लिया गय

सेटेलाइट बस अड्डे के आसपास लंबे समय से जाम की समस्या बनी हुई थी। सड़क किनारे लगे ठेले और खोखों के कारण राहगीरों को निकलने में परेशानी हो रही थी। नगर निगम की इस कार्रवाई के बाद लोगों को जाम से राहत मिलने की उम्मीद है।

कार्रवाई के दौरान नगर निगम की टीम ने दुकानदारों और ठेले-खोखे वालों को सख्त चेतावनी दी कि यदि दोबारा अवैध निर्माण किया गया, तो फिर से बुलडोजर चलेगा और कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

वहीं, सेटेलाइट बस अड्डे के पास शराब की दुकानों की भरमार होने के कारण यह इलाका शराबियों का अड्डा बन गया था। लोग शराब खरीदकर खुलेआम सड़क किनारे ठेलों पर पीते थे, जिससे भीड़ और जाम की स्थिति बनी रहती थी। साथ ही, नॉनवेज ठेलों और धूम्रपान के खोखों पर शराब सेवन से माहौल खराब हो रहा था। नगर निगम की इस कार्रवाई से राहगीरों को राहत मिलेगी और सार्वजनिक स्थानों पर अव्यवस्था कम होगी।

# सेंट आर वी कॉन्वेंट स्कूल में किड्स कार्निवल का भव्य आयोजन

## रंगारंग प्रस्तुतियों और मनोरंजक गतिविधियों से सजी शानदार शाम

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

बड़ौत/बागपत-सेंट आर वी कॉन्वेंट स्कूल में मंगलवार को किड्स कार्निवल का आयोजन बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ किया गया। सुबह से ही स्कूल प्रांगण में उत्सव जैसा माहौल था, जिसमें बच्चे उमंग, जोश और उत्साह से भरपूर नजर आए। दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरूआत

कार्यक्रम का शुभारंभ समाजसेवी श्री अनुराग जैन, विद्यालय की निदेशिका श्रीमती चारू जैन, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नोएडा विभाग संयोजक प्रथम जैन और विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री पंकज शर्मा ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया। कार्यक्रम में रालोद नेता एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्री सतीश चौधरी और समाजसेवी श्री सत्यवर्त आर्य विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

छात्र-छात्राओं ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ

किड्स कार्निवल में बच्चों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कक्षा 4 की छात्राओं ने कश्मीरी गीत ह्यबुमरो बुमरोह्ल पर शानदार नृत्य




कर दर्शकों की तालियाँ बटोरीं। कक्षा 6 और 9 की छात्राओं ने पंजाबी गीत ह्यपंजाबी मुटियारह्ल और पंजाबी बोलियों पर जोश से भरी प्रस्तुति दी। कक्षा 7 और 8 की छात्राओं ने मराठी गीत पर बेहतरीन नृत्य किया। गुजराती गीत ह्यकेसरिया रंग ढोलराह्ल और कथक नृत्य ह्यमोरे परदेसियाह्ल पर कक्षा 5 की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

**खेल और मनोरंजन के स्टॉल ने बटोरीं तालियाँ**

कार्निवल में लक बाई चांस, ट्राई योर लक, टारगेट द बैंगल्स, मार्बल कलेक्टिंग, हैंग ओन हैंड जैसे 16 से अधिक गेम स्टॉल लगाए गए। बच्चों और अभिभावकों ने मिट्टी के बर्तन, आर्ट गैलरी, टैटू आर्ट, मेहंदी और सेल्फी पॉइंट का भी भरपूर आनंद लिया।

**बेबी शो ने बढ़ाई कार्यक्रम की शोभा**

बेबी शो में नन्हे-मुन्नों ने रंग-बिरंगे परिधानों में सजकर सबका मन मोह लिया। मंच पर अपनी मासूमियत और टैलेंट से उन्होंने सभी को खुश कर दिया और शानदार पुरस्कार भी जीते।

**लकी ड्रा में विजेताओं को मिले आकर्षक पुरस्कार**

दोपहर 2:00 बजे लकी ड्रा का आयोजन किया गया, जिसमें सभी बच्चों के चेहरे पर पुरस्कार जीतने की उत्सुकता साफ झलक रही थी।

प्रथम पुरस्कार - देव पांचाल
द्वितीय पुरस्कार - दिव्या
तृतीय पुरस्कार - छवि तोमर

विशिष्ट अतिथियों के विचार

**समाजसेवी श्री अनुराग जैन ने कहा,**

₹विद्यालय केवल पढ़ाई-लिखाई का स्थान नहीं, बल्कि यह हमारे व्यक्तित्व निर्माण की प्रयोगशाला है, जहाँ हम अनुशासन, आत्मविश्वास और परिश्रम का पाठ सीखते हैं। यह देखकर गर्व होता है कि सेंट आर वी कॉन्वेंट स्कूल शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक, खेल और रचनात्मक गतिविधियों में भी अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री पंकज शर्मा ने सभी छात्र-छात्राओं, अभिभावकों, अतिथियों और अध्यापकगणों का धन्यवाद करते हुए कहा कि सभी के सहयोग से यह कार्यक्रम भव्य और सफल रहा।

शिक्षकों और स्टाफ का विशेष योगदान

इस आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय के सभी अध्यापकों और स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिन्होंने कार्यक्रम की व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित किया।

किड्स कार्निवल न केवल बच्चों के मनोरंजन का माध्यम बना बल्कि उनकी प्रतिभा को निखारने का शानदार अवसर भी प्रदान किया।

# जिलाधिकारी ने जनसुनवाई के दौरान सुनी जनसमस्याएं

## संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के वास्तविक निस्तारण करने के सम्बन्ध में दिए आवश्यक निर्देश

**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली, ।जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने आज प्रत्येक दिवस की भांति कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान जन सामान्य की शिकायतों को सुना और सम्बंधित अधिकारियों को शिकायतों का वास्तविक निस्तारण करने के सम्बन्ध में आवश्यक निर्देश दिये। जन समस्याओं को समस्त सम्बंधित अधिकारी प्राथमिकता के आधार पर शिकायतों का निस्तारण करने के निर्देश देते हुए कहा कि शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है कि आमजन की शिकायतों को सुनकर शत प्रतिशत उनका निराकरण किया जाये।

जनसुनवाई के दौरान कहा कि जमीन से संबंधित समस्या को पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम के द्वारा तत्काल मौके पर जाकर निस्तारण कराएं। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई के दौरान जो भी शिकायतें आ रही है उसका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण ससमय सुनिश्चित कराएं और इस बात का विशेष ध्यान रखा जाये की शिकायतकर्ता निस्तारण से संतुष्ट होना चाहिए।

## संपादकीय

# दादागिरी के तेवरों से भारत भी रहे सतर्क

बीते शुक्रवार अमेरिका के व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप व यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के बीच जो अप्रिय विवाद हुआ, उसे पूरी दुनिया ने देखा। विश्व की महाशक्ति कहे जाने वाले अमेरिका में दो राष्ट्राध्यक्षों के बीच पहली बार ऐसी तीखी नोकझोंक देखने को मिली। शायद यह मामला उजागर न होता यदि दोनों नेता प्रेसवार्ता में टीवी कैमरों के सामने न बैठे होते। दरअसल, एक तरफ बड़बोले ट्रंप थे तो दूसरी ओर कूटनीति में अपरिपक्व कहे जाने वाले जेलेंस्की थे, जो रूस से निरंतर खतरे को देखते हुए सुरक्षा की गारंटी मांग रहे थे। वहीं ट्रंप यूक्रेन को दी मदद की कीमत उसके खनिज भंडारों पर कब्जे के रूप में मांग रहे थे। निस्संदेह, तीन साल से चल रहे रूस-यूक्रेन युद्ध में अमेरिका ने यूक्रेन की भरपूर मदद की। यदि यूक्रेन युद्ध में टिक पाया तो उसके पीछे अमेरिका व यूरोपीय देशों की आर्थिक व सैन्य मदद थी। लेकिन सत्ता बदलने के बाद ट्रंप कहते रहे हैं कि अमेरिका के करदाताओं का पैसा यूं युद्ध में नहीं झोंका जा सकता,यूक्रेन को मदद की कीमत चुकानी होगी। वैसे खुलेआम युद्ध विराम के लिये सौदेबाजी से अमेरिका की छवि को लेकर कोई अच्छा संदेश दुनिया में नहीं गया। निस्संदेह, ट्रंप की युद्धविराम की कोशिश सार्थक पहल है लेकिन शांति की कीमत वसूलना सभ्य समाज के लिये कोई अच्छी बात भी नहीं है। दरअसल, यूक्रेन प्रस्तावित समझौते में खुद को छला महसूस कर रहा है। एक तो रूस के द्वारा कब्जाये क्षेत्र को वापस न देने की बात की जा रही है तो दूसरे इस बात की गारंटी भी नहीं दी जा रही है कि रूस फिर से हमला नहीं करेगा। दरअसल, जेलेंस्की रूस पर भरोसा नहीं कर पा रहे हैं। इस लिये उसकी सोच रही है कि पहले अमेरिका उसे सुरक्षा की गारंटी दे। ऐसी मांग करना कोई गलत भी नहीं है क्योंकि पिछले तीन साल से यूक्रेन लगातार रूस के घातक हमलों को झेल रहा है। लेकिन पूरी दुनिया में यह बात लोगों के गले नहीं उतर रही है कि ट्रंप शांति स्थापना के प्रयासों की कीमत यूक्रेन के बहुमूल्य खनिज कब्जाकर वसूलें। फिलहाल ट्रंप व जेलेंस्की की नोकझोंक के बाद समझौता व युद्धविराम का मसला खटाई में जाता दिख रहा है। लेकिन हकीकत यह भी है कि यूरोपीय देशों के यूक्रेन के पक्ष में एकजुट होने के बाद भी उसका लंबे समय तक युद्ध में टिका रहना संभव न होगा। यही वजह है कि यूरोप के भरपूर समर्थन के बावजूद निश्चित नहीं कहा जा सकता कि यूक्रेन रूस का मुकाबला पहले ही तरह कर पाएगा। वहीं वजह साफ है कि नाटो के यूरोपीय सदस्य बिना अमेरिकी मदद के यूक्रेन को सुरक्षा की गारंटी नहीं दे सकते। वहीं दूसरी ओर कूटनीतिज्ञों का कहना है कि एक महाशक्ति से युद्धरत रहते हुए यूक्रेन दूसरी महाशक्ति को नाराज नहीं कर सकता। दरअसल, यूक्रेन में रूस ही नहीं, अमेरिका व यूरोपीय देश भी अपने हित देखकर कदम उठा रहे हैं। कहा जा रहा है कि ट्रंप से टकराव की कीमत यूक्रेन को चुकानी पड़ सकती है। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि जेलेंस्की के व्हाइट हाउस आने से पहले ट्रंप जोर्डन, ब्रिटेन, फ्रांस के शीर्ष नेताओं के साथ तल्ख व्यवहार कर चुके थे। हालांकि, भारतीय प्रधानमंत्री ट्रंप से मुलाकात के दौरान किसी भी टकराव को टालने को अपनी प्राथमिकता बनाए रहे। भारत को पता है कि ट्रंप जब कनाडा व यूरोपीय देशों के नेताओं को नहीं बख्श रहे तो हमें अपने सम्मान व हितों की रक्षा खुद करनी होगी। वह भी तब जब ट्रंप अमेरिका फर्स्ट का नारा लगातार लगा रहे हैं। उन्होंने टैरिफ लगाने में गोरे देश कनाडा तथा चीन को भी नहीं बख्शा। भारत के टैरिफ के भेदभाव को लेकर ट्रंप लगातार मुखर रहे हैं। कथित अवैध अप्रवासी भारतीयों के साथ अमेरिका ने जैसा अमानवीय व्यवहार किया,वह किसी से छिपा नहीं है। भारत को अच्छी तरह पता है कि हमारा सदाबहार मित्र रूस अब ट्रंप के करीब है और ब्रिक्स के देश चीन के ज्यादा नजदीक हैं। ऐसे में हमें अपने हितों की रक्षा अपने बूते ही करनी होगी।

# नशे के खिलाफ महत्वाकांक्षी युद्ध कारगर साबित हो

**पंजाब पुलिस की नशे से जुड़े आतंकवदी तंत्र की जांच करने की सीमित क्षमता है, खासकर, इस समस्या का मुकाबला करने के लिए आधुनिक प्रौद्योगिकीय एवं वैज्ञानिक उपकरणों की उसके पास कमी है। पंजाब में राजनीति और ड्रग्स का चोली दामन का संबंध है, बड़ी राजनीतिज्ञ पार्टियों की नशा माफिया एवं नशीले पदार्थों के तस्करों के साथ काफी मिलीभगत है और यही वजह है कि पंजाब नशीले पदार्थों की राजनीति के युग से गुजर रहा है। इसलिये भी यह समस्या उग्र से उग्रतर होती जा रही है। प्रदेश की मौजूदा सरकार ने भी सत्ता संभालते ही दो साल के अंदर ड्रग्स का खात्मा करने का एलान किया था, लेकिन जो हालात आज से दो साल पहले थे, वह जस के तस बने हुए हैं। इससे प्रतीत होता है कि सरकार एवं ड्रग्स माफिया का चोली दामन का संबंध है।**



पंजाब में आतंकवाद की ही तरह नशे एवं ड्रग्स के धंधे ने व्यापक स्तर पर अपनी पहुंच बनाई है, जिसके दुष्परिणाम पंजाब के साथ-साथ समूचे देश को भोगने को विवश होना पड़ रहा है। पंजाब नशे की अंधी गलियों में धंसता जा रहा है, सीमा पार से शुरू किए गए इस छद्म युद्ध की कीमत पंजाब की जनता को चुकानी पड रही है, देर आये दुरस्त आये की भांति लगातार चुनौती बने नशीली दवाओं एवं ड्रग्स के धंधे के खिलाफ आप सरकार ने एक महत्वाकांक्षी युद्ध एवं अभियान शुरू किया है। तीन महीने के भीतर इस समस्या का खात्मा करने का सरकार दावा खोखला साबित न होकर सकारात्मक एवं प्रभावी परिणाम लाये, यह अपेक्षित है। इसी क्रम में विभिन्न सरकारी विभागों ने सैकड़ों छापे डाले, तीन सौ के करीब गिरफ्तारियां और बड़े पैमाने पर नशीले पदार्थों की बरामदगी हुई। निस्संदेह, यह कार्रवाई अभियान उग्र, आक्रामक व तेज है, लेकिन ऐसे अभियान चलाने के दावे विगत की भांति कोरा दिखावा न साबित हो, यह देखना जरूरी है। दरअसल, सबसे बड़ा संकट यह है कि पाकिस्तान, अफगानिस्तान और ईरान में हेरोइन उत्पादन के केंद्र- गोल्डन क्रिसेंट के निकट होने के कारण पंजाब लंबे समय से मादक पदार्थों की तस्करी से जूझ रहा है। जरूरत है मान सरकार का नशा एवं नशे के कारोबार के खिलाफ जारी अभियान कामयाबी की नई इबारत लिखे। ताकि नशे के जाल में फंसे युवाओं एवं आमजन को बचाया जा सके।

ड्रग्स उपभोग के मामले में पंजाब की स्थिति अत्यंत चिंताजनक बन गई है। पंजाब के 26 प्रतिशत युवा चरस, अफीम तथा कोकीन व हेरोइन जैसे सिंथेटिक ड्रग्स लेने में लिप्त हैं। इसमें शराब आदि का डाटा शामिल नहीं है। पंजाब देश में ड्रग्स में सर्वाधिक संलिप्त राज्यों में आता है। यह डाटा गतदिनों गृहमंत्री अमित शाह की उपस्थिति में मादक पदार्थों की तस्करी एवं राष्ट्रीय सुरक्षा पर आयोजित क्षेत्रीय सम्मेलन में सामने आया। पंजाब के बॉर्डर एरिया के गांवों व कस्बों में ही ड्रग्स की मार देखने को मिलती थी। सरकार नशे को खत्म करने के बड़े-बड़े दावे कर रही है, जबकि जमीनी हकीकत कुछ और देखने को मिलती है। युवाओं की रगों में नशे का जहर घोला जा रहा है। बड़े शहर नशे के हॉट-स्पॉट बनते जा रहे हैं। बठिंडा, पटियाला, होशियारपुर, अमृतसर और लुधियाना जैसे बड़े शहरों में हालात चिंताजनक हैं। इसका असर प्रदेश की मौजूदा पीढ़ी पर ही नहीं, बल्कि आने वाली पुश्तों पर भी पड़ने लगा है। इस अभियान की सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि क्या हम इस समस्या की जड़ पर प्रहार करने का कोई प्रभावी उपक्रम कर रहे हैं? दरअसल, इस संकट के मूल में जहां राजनीतिक जटिलताएं, सीमा से जुड़ी समस्याएं, पाकिस्तान के षडयंत्र हैं, वहीं युवाओं के लिये रोजगार से जुड़े विकल्पों की भी कमी है।

पंजाब में नशे की समस्या पर सुप्रीम कोर्ट भी चिन्ता व्यक्त करता रहा है, अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए उसने पंजाब सरकार को फटकार भी समय-समय पर लगाई है। अगर कोई पडोसी देश चाहे तो नशे के आतंक से देश को खत्म कर सकता है। अगर बॉर्डर क्षेत्र सुरक्षित नहीं है तो कैसे सीमाओं की सुरक्षा होगी? नशा माफिया के आगे बेबस क्यों है पंजाब सरकार? सुप्रीम कोर्ट की चिन्ता पंजाब में नशे की गंभीर चुनौती को देखते हुए वाजिब है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी पूर्व में ड्रग्स-फ्री इंडिया अभियान चलाने की बात कहकर इस राष्ट्र की सबसे घातक बुराई की ओर जागृति का शंखनाद किया है। विशेषतः पंजाब के युवा नशे की अंधी गलियों में धंसते जा रहे हैं, वे अपनी अमूल्य देह में बीमार फेफ-ड़े और जिगर सहित अनेक जानलेवा बीमारियां लिए एक जिन्दा लाश बने जी रहे हैं पौरुषहीन भीड़ का अंग बन कर। ड्रग्स के सेवन से महिलाएं बांझपन का शिकार हो रही हैं। पुरुषों पर भी इसका प्रभाव पड़ रहा है। पंजाब में औसत हर रोज एक व्यक्ति की ड्रग्स की ओवरडोज के कारण मौत हो रही है। नशे के ग्लैमर की चकाचौंध ने जीवन के अस्तित्व पर चिन्ताजनक स्थितियां खड़ी कर दी है।

पाकिस्तान नशे के आतंक से अपने मनसूबों को पूरा कर रहा है। चिकित्सकीय आधार पर देखें तो अफीम, हेरोइन, चरस, कोकीन, तथा स्मैक जैसे मादक पदार्थों से व्यक्ति वास्तव में अपना मानसिक संतुलन खो बैठता है एवं पागल तथा सुप्तावस्था में हो जाता है। ये ऐसे उत्तेजना लाने वाले पदार्थ हैं, जिनकी लत के प्रभाव में व्यक्ति अपराध तक कर बैठता है। मामला सिर्फ स्वास्थ्य से नहीं अपितु अपराध से भी जुड़ा हुआ है। कहा भी गया है कि जीवन अनमोल है। नशे के सेवन से यह अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है या अपराध की अंधी गलियों में धंसता चला जाता है, पाकिस्तान युवाओं को निस्तेज करके एक नये तरीके के आतंकवाद को अंजाम दे रहा है। पंजाब सरकार की ताजा सख्त कार्रवाई का संदेश नशा माफिया को जाना जरूरी है कि इस काले कारोबार से जुड़े लोगों की दंडमुक्ति संभव नहीं है। इसके अलावा सीमा पार से चलाए जा रहे नशे के कारोबार के लिये पडोसी देश को भी कड़ा संदेश जाना चाहिए। नशे की तस्करी में तमाम आधुनिक साधनों का उपयोग किया जा रहा है। हालांकि, बीएसएफ ने पहल करते हुए एंटी-ड्रोन सिस्टम लगाए हैं। जिसके सार्थक परिणाम भी मिल रहे हैं। पंजाब में नशे की गंभीर चुनौती को देखते हुए सीमा सुरक्षा को फुलप्रूफ करने की दिशा में कदम उठाए जाने चाहिये। जिसमें उच्च तकनीक व विभिन्न एजेंसियों में बेहतर तालमेल की जरूरत है।

पंजाब पुलिस की नशे से जुड़े आतंकवदी तंत्र की जांच करने की सीमित क्षमता है, खासकर, इस समस्या का मुकाबला करने के लिए आधुनिक प्रौद्योगिकीय एवं वैज्ञानिक उपकरणों की उसके पास कमी है। पंजाब में राजनीति और ड्रग्स का चोली दामन का संबंध है, बड़ी राजनीतिज्ञ पार्टियों की नशा माफिया एवं नशीले पदार्थों के तस्करों के साथ काफी मिलीभगत है और यही वजह है कि पंजाब नशीले पदार्थों की राजनीति के युग से गुजर रहा है। इसलिये भी यह समस्या उग्र से उग्रतर होती जा रही है। प्रदेश की मौजूदा सरकार ने भी सत्ता संभालते ही दो साल के अंदर ड्रग्स का खात्मा करने का एलान किया था, लेकिन जो हालात आज से दो साल पहले थे, वह जस के तस बने हुए हैं। इससे प्रतीत होता है कि सरकार एवं ड्रग्स माफिया का चोली दामन का संबंध है। जिससे समय के साथ प्रदेश में ड्रग्स का चलन बढ़ा है। प्रदेश में हेरोइन, अफीम, गांजा, चरस के अलावा अन्य नशों के साथ कैप्सूल और नशीली दवाइयों का चलन बढ़ने लगा है। अकेले एसटीएफ ने पंजाब भर में अलग-अलग जगहों पर छापामारी कर 2 करोड़ 68 लाख 77 हजार 596 कैप्सूल व नशीली दवाइयां पकड़ी हैं। कैप्सूल और नशीली दवाइयों का चलन ज्यादातर फरीदकोट, बठिंडा और पटियाला क्षेत्र में बढ़ा है।

पूर्व सरकारों ने जो दावे किए वे प्रभावहीन ही रहे हैं। वर्ष 2017 में तत्कालीन मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने चार हफ्ते में नशे के कारोबार को खत्म करने का वादा किया था। इससे पहले बादल के नेतृत्व वाली अकाली सरकार की भी नशे के खिलाफ शुरू की गई लड़ाई सिरे नहीं चढ़ सकी। दरअसल, नशे के कारोबार से जुड़े बड़े माफिया के खिलाफ कारगर कार्रवाई न हो सकने के कारण ये अभियान प्रभावी नहीं हो पाते। आखिर क्या वजह है कि भारी पुलिस व्यवस्था के बावजूद नशीली दवाओं की बड़ी खेप पंजाब में आसानी से प्रवेश कर जाती है। जो व्यवस्थागत संरचनात्मक मुद्दों की खामियों की ओर इशारा करती है।

दरअसल, दीर्घकालिक दृष्टिकोण के बिना कोई भी कार्रवाई स्थायी परिवर्तन लाने में विफल ही रहेगी। सीमा पर सख्त नियंत्रण करने, न्यायिक दक्षता और समाज को जागरूक करने की जरूरत है। केन्द्र एवं राज्य सरकार मिलकर नासूर बनती इस समस्या को जड़मूल से समाप्त करने के लिये कमर कसे। वैसे नशे को समाप्त करने के महत्वाकांक्षी युद्ध में आप सरकार विजयी होती है तो यह उसकी बड़ी सफलता होगी।

# बड़ी चुनौती है जलवायु परिवर्तन से निपटना, ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन

जलवायु परिवर्तन अब समूची दुनिया के लिए सबसे बड़ा खतरा बन चुका है। इसके लिए प्रकृति प्रदत्त मानव संसाधनों का बेतहाशा उपयोग और जंगलों का निर्ममता से किया गया अत्यधिक कटान तो जिम्मेदार है ही, इसमें भौतिक संसाधनों के सुख की मानवीय चाहत और विभिन्न क्षेत्रों के प्रदूषण के योगदान को भी नकारा नहीं जा सकता। बढ़ता वैश्विक तापमान और उसके चलते मौसम में आये अप्रत्याशित बदलाव का दुष्प्रभाव जीवन के हर पक्ष पर पड़ रहा है। इससे हमारा पर्यावरण, जीवन, रहन-सहन, भोजन, पानी, और स्वास्थ्य पर प्रभाव स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है।

तात्पर्य यह कि जीवन का कोई भी पक्ष इसके दुष्प्रभाव से अछूता नहीं है। असलियत में जलवायु परिवर्तन से बदलता मौसम भोजन, स्वास्थ्य और प्रकृति को जो नुकसान पहुंचा रहा है, उसकी भरपाई फिलहाल तो आसान नहीं दिखाई देती। हां, इसके चलते प्राकृतिक असंतुलन के कारण जन्मी आपदाएं भयावह रूप जरूर अख्तियार करती जा रही हैं जो तबाही का सबब बन रही हैं। धरती के लिए यह चेतावनी भी है कि अब भी समय है, संभल जाओ, यदि अब भी नहीं संभले, तो यह संकट लगातार गहराता चला जायेगा। तब इसका मुकाबला कर पाना बहुत मुश्किल होगा।

आजादी के बाद के 70 सालों में जलवायु परिवर्तन से भारत में ही आपदाओं में आठ गुणा से भी ज्यादा बढ़ोतरी दर्ज हुई है। इसका खुलासा पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन के क्षेत्र में कार्यरत संगठन ह्यआई फारेस्टह्ल की रिपोर्ट में हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक आजादी के बाद के शुरूआती सालों में जलवायु परिवर्तन से होने वाली आपदा यानी बाढ़, चक्रवात, हीटवेव आदि की तादाद कुल मिलाकर 27 ही थी, लेकिन उसके बाद के बरसों में इनकी तादाद बढ़कर आठ गुणा का आंकड़ा पार कर गयी। इसमें 1998 में गुजरात में व 1999 में ओडिशा में आये भीषण चक्रवात से हुई तबाही, 2013 में उत्तराखंड में आई जल प्रलय और 2014 में आये हुदहुद और अम्फान नामक आये भीषण चक्रवात से हुई तबाही व 2019 में जून से सितम्बर के बीच मानसून मौसम में 110 फीसदी से अधिक हुई बारिश से देश के 14 राज्य बाढ़ के भीषण प्रकोप से प्रभावित रहे। फानी तूफान के कहर तथा 1998, 2002, 2003 और 2015 में हुई भीषण तापमान वृद्धि और भीषण लू की घटनाओं को लोग भूले नहीं हैं।



यदि हम वर्ष 1991 से 2000 तक जलवायु परिवर्तन से होने वाली आपदाओं का जायजा लें तो इस दौरान 96 आपदाओं का देश को सामना करना पड़ा। जबकि उसके बाद वर्ष 2020 तक देश की जनता को 210 आपदाओं का कहर झेलना पड़ा। वर्ष 2024 तो देश के लिए अभूतपूर्व गर्मी की मार वाला रहा, अप्रैल से जुलाई तक सबसे खराब और सबसे लम्बे समय तक चलने वाली गर्मी की लहरों यानी भयंकर लू की मार सहने को देश विवश हुआ। इस दौरान देश के 741 जिलों में से लगभग 500 जिलों का दैनिक तापमान कम से कम 40 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पर्यावरण और मानवाधिकार संगठन ह्यजर्मन वॉचह्ल के क्लाइमेट इंडेक्स से खुलासा हुआ है कि जलवायु से जुड़ी आपदाओं में भारत दुनिया के शीर्ष 10 देशों में जिनमें डोमिनिका, चीन, होंडुरास, म्यांमार, इटली, ग्रीस, स्पेन, वानुआतू और फिलीपींस शामिल हैं, में छठे स्थान पर है और यहां साल-दर-साल आपदाएं विकराल होती जा रही हैं।

बीते तीन दशकों में अकेले भारत में जलवायु परिवर्तन से जन्मी मौसमी आपदाओं से देश को कुल 180 अरब डालर का नुकसान हुआ और औसतन 4,66,45,209 लोग प्रभावित हुए। 1993 से 2022 के बीच देश में हुई चरम मौसमी घटनाओं में करीब 80 हजार लोगों की जानें गयीं। जबकि दुनिया में आठ लाख लोग मौत के मुंह में चले गये और 4.2 ट्रिलियन डॉलर का नुकसान हुआ। इन आपदाओं से सालाना 2000 डॉलर का देश की अर्थव्यवस्था पर बोझ पड़ रहा है, साथ ही 2675 जिंदगियां हर साल इनकी शिकार होती हैं।

इस बारे में जलवायु विशेषज्ञ लारा शेफर कहते हैं कि समूची दुनिया में जलवायु संकट तेजी से खतरनाक होता जा रहा है। पिछले तीन दशक सबूत हैं कि ग्लोबल साउथ के देश विशेष रूप से चरम मौसमी घटनाओं से जूझ रहे हैं। हम जलवायु संकट के अप्रत्याशित और महत्वपूर्ण चरण में प्रवेश कर रहे हैं। यह समाज को अस्थिर करने में अहम भूमिका निभाएगा। वहीं संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस का कहना सही है कि ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में कटौती के लक्ष्य अब भी पहुंच से बाहर हैं। यही कारण है कि जलवायु आपदा टालने में दुनिया पिछड़ रही है। समय की मांग है कि समूचा विश्व समुदाय सरकारों पर दबाव बनाये ताकि वे समझ सकें कि इस दिशा में हम पिछड़ रहे हैं और तेजी से आगे बढ़ने की जरूरत है। यदि वैश्विक प्रयास तापमान को डेढ़ डिग्री तक सीमित करने में कामयाब रहे तो भी दुनिया के 96.1 करोड़ लोगों के लिए यह सबसे बड़ी समस्या होगी। सबसे बड़ा सवाल लोगों को जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव से बचाने का है। यूरोपीय मानवाधिकार अदालत का भी मानना है कि दुनिया के देशों का दायित्व है कि वे अपने नागरिकों को जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव से बचाने का हर संभव प्रयास करें।

# रमणरेती में होरी खेलन आए रे नटवर नंद किशोर... अबीर-गुलाल, खूब लुटाए गए लड्डू



नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

मथुरा। महावन के रमणरेती स्थित उदासीन कार्ष्णि आश्रम में कार्ष्णि गोपाल जयंती महोत्सव के अंतर्गत आयोजित होली महोत्सव में। इसी के साथ गुलाल, रंग, लड्डू व फूलों की होली के साथ ब्रज में रंगोत्सव की शुरूआत भी हो गई। होली की शुरूआत आश्रम के पीठाधीश्वर व कार्ष्णि गुरु शरणानंद, कार्ष्णि स्वरूपानंद महाराज, स्वामी हरदेवा नंद, कार्ष्णि नागेन्द्र महाराज ने ठाकुर रमण बिहारी व राधा-कृष्ण के स्वरूपों की आरती उतार की। इसके बाद वृंदावन से आए कलाकारों ने रास किया। विभिन्न प्रकार के अबीर-गुलाल, चंदन व फूलों और लड्डू मार होली खेली गई। इससे पूरा पंडाल रंगमय हो गया। प्रभु के स्वरूपों संग होली खेलकर भक्त भावविभोर हो उठे। कलाकारों ने पनघट लीला, पनघट का उलहाना, दूध का दान, मयूर नृत्य लीला एवं होरी के रसियाओं का गायन हुआ। गोपाल ठाकुर व्यास ने बृज की तोय लाज मुकुट बारे चंदा सूरज तेरो ध्यान धरती है ओ प्यारे रसिया..., मत जइयो सखी री सखी री अकेली पनघट पे..., चलिओ आइयो रे श्याम मेरे पनघट पे..., आए हुरियारे होरी कू ग्वालिन निकसो देहरी से नंदगांव के टोल आई गए..., आज होरी खेलन आए रे नटवर नंद किशोर..., बांके बिहारी की बांकी मरोर चित लीनौ है चोर आदि रसियों का गायन किया गया। इसी बीच कार्ष्णि संतों ने ठाकुरजी के प्रसादी लड्डू श्रद्धालुओं पर लुटाने शुरू कर दिए। भक्त भी इस आनंद को लूटते हुए रमण बिहारी के जयकारे लगाने लगे।

महोत्सव में विभिन्न प्रदेशों के श्रद्धालु पहुंचे और भक्तिरस के बीच होली का आनंद लिया। एडीजी अनुपम कुलश्रेष्ठ, डीएम चंद्र प्रकाश सिंह, एसएसपी शैलेश पांडेय भी होली महोत्सव में पहुंचे और पीठाधीश्वर का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर महामंडलेश्वर श्यामसुंदर दास महाराज, भागवताचार्य रमेश भाई ओझा, कार्ष्णि गोविंदानंद महाराज, कार्ष्णि सर्वज्ञानंद महाराज, कार्ष्णि दिव्यानंद महाराज, कार्यक्रम व्यवस्थापक दिलीप, उमेश जठवानी, चंदर अरोड़ा आदि मौजूद रहे।

# मथुरा में यूनियन बैंक प्रबंधक समेत 5 के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज



नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

मथुरा में यूनियन बैंक प्रबंधक समेत 5 के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज
मथुरा। शहर कोतवाली में कृष्णानगर स्थित यूनियन बैंक प्रबंधक समेत पांच के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज हुई है। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक देवपाल सिंह पुंडीर ने बताया कि सौंख रोड सुखदेव नगर निवासी देवेश कुमार सिसौदिया ने कोर्ट के आदेश पर दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 14 अगस्त-2024 को कृष्णानगर स्थित बैंक ने सोने के आभूषणों की नीलामी की थी। नीलामी में उन्होंने दो सोने के कंगन (70.30 ग्राम), सोने का हार, सोने का लॉकिट, दो कानों के झुमके करीब (63.610 ग्राम) खरीदे। पीड़ित ने बताया कि नीलामी में आगरा, शाहगंज की कोल्हाई गली निवासी चंद्रशेखर अग्रवाल, उनका बेटा इंद्रकुमार अग्रवाल दो साथियों के साथ मिले। आरोप है कि बैंक में नीलामी से पूर्व चंद्रशेखर और इन्द्रकुमार ने बैंक से बाहर आकर बताया कि सोना 22 कैरेट का है। सोने की सुनार से जांच कराई तो पता चला कि उसके साथ सभी ने मिलकर धोखाधड़ी की।

सोना केवल चार कैरेट का है। इसकी बाजार में कीमत केवल डेढ़ लाख रुपये है। अपने साथ ठगी होने पर बैंक प्रबंधक ब्रज मोहन मीना से बात की तो उन्होंने बताया कि इसमें बैंक की कोई कमी व लापरवाही नहीं है। इसकी तहरीर पुलिस को दी। सुनवाई न होने पर कोर्ट के शरण ली।

# शंकराचार्य निश्चलानंद से मिले श्रीकृष्ण जन्मभूमि फिल्म के निमार्ता



नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

मथुरा। श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के अध्यक्ष, श्रीकृष्ण जन्मभूमि फिल्म के प्रोड्यूसर व डायरेक्ट ने सोमवार को शंकराचार्य निश्चलानंद सरस्वती महाराज का आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने शंकराचार्य से बन रही फिल्म और जन्मभूमि व शादी ईदगाह विवाद के बारे जानकारी ली।

श्रीकृष्ण जन्मभूमि न्यास के अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह ने शंकराचार्य को बताया कि मामला हाईकोर्ट में विचाराधीन है। कोर्ट के वाद बिंदु तय होने है। ऐसे में मुस्लिम पक्ष नहीं चाहता कि वाद बिंदु तय हों। वह जानबूझकर इस मामले को लटका रहे हैं। हिंदू पक्ष ने न्यायालय से अपील की है कि जल्दी ही वाद बिंदु तय किए जाएं। साथ ही श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर बन रही फिल्म की चर्चा की। इस दौरान शंकराचार्य ने कहा कि सभी लोगों से कहा कि आप सफल होंगे। श्रीकृष्ण जन्मभूमि मामले में जल्द आपको सफलता मिलेगी। पूरे विश्व में सनातन का परचम लहराएगा। वह होली उत्सव में शामिल होने के लिए वृंदावन पहुंचे हैं। वह बुर्जा रोड पर स्थित अपने आश्रम पर रुके हैं। मुलाकात के दौरान फिल्म के प्रोड्यूसर प्रकाश पाटिल, डायरेक्ट गौरव मिश्रा, कोरियोग्राफर माया मिश्रा, एक्यूटिव प्रोड्यूसर मोनू राजावत, लाइन प्रोड्यूसर गोपाल ठाकुर व अंकुर सारस्वत मौजूद रहे।

# फर्जी डिग्री से डॉक्टरी कर रहे पति



मथुरा। जिले के एक निजी हॉस्पिटल में चीफ मेडिकल सुपरिटेंडेंट का कार्य कर रहे चिकित्सक पर फर्जी डिग्री से नौकरी करने का आरोप लगाया है। आरोप लगाने वाली कोई और नहीं बल्कि उनकी पत्नी है। विवाहिता ने सीएमओ को दिए प्रार्थना पत्र में डिग्री की प्रमाणिकता जांचने के लिए प्रार्थना पत्र दिया है। सीएमओ ने महिला के पत्र पर डिग्री जारी करने वाले कॉलेज को पत्र भेजा है। वृंदावन की गौशाला नगर निवासी गरिमा अग्रवाल ने सीएमओ को दिए प्रार्थना पत्र में कहा है कि अलीगढ़ के लोधा थाना क्षेत्र स्थित मडौला कीरतपुर निवासी डॉ. राहुल सारस्वत से 24 अप्रैल 2012 में प्रेम विवाह हुआ था। इसके बाद 17 जुलाई 2013 को दोनों के परिजन के आशीर्वाद से पूरी रीति रिवाज से विवाह हुआ। शादी के बाद उन्होंने दो पुत्रों को जन्म दिया। बताया कि शादी से पहले राहुल ने स्वयं को चिकित्सक बताया। बाद में पता चला कि उन्होंने फर्जी डिग्री लगाई थी। इधर डॉ. राहुल सारस्वत ने सभी आरोप निराधार बताए हैं। उन्होंने बताया कि पत्नी से छह साल से दहेज उत्पीड़न का मुकदमा कोर्ट में विचाराधीन है। उन्होंने पत्नी से तलाक के लिए तीन माह पहले कोर्ट में वाद दायर किया है। उनके ऊपर दबाव बनाने के लिए पत्नी गलत आरोप लगा रही है।

# जेल में 206 महिला-पुरुष बंदियों ने रखा रोजा



नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

मथुरा। जिला कारागार में 206 महिला-पुरुषों ने रोजा रखा है। जेल प्रशासन ने रोजेदारों के लिए भोजन और नमाज के लिए अलग से व्यवस्था की है। ईद पर जेल प्रशासन सभी रोजेदारों के लिए नमाज के लिए विशेष व्यवस्था करेगा। जेल अधीक्षक अशुंमन गर्ग ने बताया कि जेल में 6 महिला तथा 200 पुरुषों ने रोजा रखा है। उन्हें जेल मैनुअल के हिसाब से भोजन के रूप में केला, दूध, चीनी, बिस्कुट, चाय, खजूर दिया जा रहा है। रोजेदारों के लिए सुबह और शाम अलग व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि ईद पर नमाज के लिए जेल में बंद मुस्लिम समाज के लिए विशेष व्यवस्था की जाएगी, ताकि वह ईद के त्योहार को अच्छी तरह से मनाएं। उन्होंने बताया कि जेल में बंदी फल और सब्जियों से प्राकृतिक रंग और गुलाल बना रहे हैं। इन्हीं रंगों से वह होली खेलेंगे, साथ ही रंग और गुलाल की बिक्री के लिए शहर के बाजार और जेल परिसर में काउंटर लगाया जाएगा।

# यूपी बोर्डः कॉपियों का मूल्यांकन 17 मार्च से, 12 मार्च से खत्म हो जाएंगी हाईस्कूल-इंटरमीडिएट की परीक्षाएं

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

लखनऊ। यूपी बोर्ड परीक्षाओं का मूल्यांकन 17 मार्च से शुरू होगा। 12 मार्च तक परीक्षाएं चलेंगी। उसके बाद होली का त्योहार पड़ेगा।

यूपी बोर्ड की वर्ष 2025 की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाएं 12 मार्च को समाप्त हो जाएंगी। कॉपियों का मूल्यांकन 17 मार्च से शुरू करने की तैयारी है। 15-16 दिनों में कार्य पूरा होने और अप्रैल के अंत में परिणाम आने की उम्मीद है।

परीक्षाएं पूरी होने के बाद 13 मार्च को होलिका दहन और 14 मार्च को होली का पर्व है। ऐसे में दो दिनों तक मूल्यांकन केंद्रों तक कॉपियों को पहुंचा पाना मुश्किल होगा। 15 या 16 मार्च से कॉपियों को मूल्यांकन केंद्रों में पहुंचाने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी और सब कुछ ठीक रहा तो 17 मार्च से कॉपियों का मूल्यांकन भी शुरू करा दिया जाएगा।

बोर्ड के सूत्रों का कहना है, कॉपियों का मूल्यांकन 15 से 16 दिनों में पूरा करने का लक्ष्य है। ऐसे में मार्च के अंत या अप्रैल की शुरूआत में मूल्यांकन कार्य पूरा होने की उम्मीद है। मूल्यांकन कार्य समय से पूरा हो जाता है तो अप्रैल के अंत या मई की शुरुआत में हाईस्कूल व इंटर का परीक्षा परिणाम जारी किया जा सकता है।नतीजे समय से तैयार किया जा सके, इसके लिए 20 अंकों की वस्तुनिष्ठ परीक्षा के लिए प्रयोग की जा रही ओएमआर शीट का मूल्यांकन छह मार्च से शुरू कराया जाएगा।

ओएमआर शीट की अत्यधिक संख्या को देखते हुए बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने इसे तीन चरणों में संकलन केंद्र से क्षेत्रीय कार्यालय और क्षेत्रीय कार्यालय से संबंधित कंप्यूटर फर्मों तक पहुंचाने के दिशा-निर्देश दिए हैं। प्रथम चरण में 24 फरवरी से तीन मार्च तक की परीक्षाओं की ओएमआर शीट चार मार्च को संकलन केंद्र से क्षेत्रीय कार्यालय को भेज दी जाएगी और छह मार्च को क्षेत्रीय कार्यालय से संबंधित कंप्यूटर फर्मों उपलब्ध करा दी जाएगी।

दूसरे चरण में चार से नौ मार्च तक की परीक्षाओं की ओएमआर शीट 10 मार्च को क्षेत्रीय कार्यालय व 12 मार्च को कंप्यूटर फर्मों और तीसरे चरण में 10 से 12 मार्च तक की परीक्षाओं की ओएमआर शीट 16 मार्च को क्षेत्रीय कार्यालय व 18 मार्च को कंप्यूटर फर्मों को प्राप्त करा दी जाएगी।

## पत्नी की बेवफाई से आहत होकर बैंककर्मी जहर खाकर दी जान

एनपीटी ब्यूरो

बरेली। बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र में एक बैंकर्मी ने जहर खाकर जान दे दी। मृतक के भाई ने आरोप लगाया कि भाई ने भाभी व उसके प्रेमी से परेशान होकर आत्महत्या की है। दोनों उसे धमकाते थे। पुलिस ने पत्नी व उसके प्रेमी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बिथरी चैनपुर क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक शेर सिंह ने पुलिस को बताया कि उनके भाई राजेंद्र पाल (35) की शादी करीब 12 साल पहले हुई थी। भाई बैंक में नौकरी करता था। भाई के चार बच्चे हैं।

# फर्जी डिग्री प्रकरण में शेर अली जाफरी की संपत्ति होगी जब्त

## पुलिस जुटा रही है इस संबंध में रिकॉर्ड

बरेली , खुसरो कॉलेज में फर्जी डीफार्मा डिग्री देने के मामले में जेल भेजे गए कथित भाजपा नेता शेर अली जाफरी, उसके बेटे और गिरोह के छह सदस्यों की संपत्ति जब्त की जाएगी। इसके लिए किला थाना पुलिस ने संबंधित विभागों व दूसरे जिलों से संपत्ति का रिकॉर्ड मांगा है। होली के बाद कार्रवाई संभावित मानी जा रही है।

17 जनवरी को खुसरो ग्रुप के चेयरमैन शेर अली जाफरी समेत छह लोगों के खिलाफ गैंगस्टर का मुकदमा सीबीगंज थाने में दर्ज कर विवेचना किला थाना प्रभारी को सौंपी गई थी। आरोपियों में शास्त्रीनगर निवासी शेर अली जाफरी, उसका बेटा फिरोज जाफरी, उसका पार्टनर शांति विहार निवासी विजय शर्मा और उसके कॉलेज का प्रिंसिपल विश्वनाथ शर्मा के साथ ही करीबी गुर्गा अभयपुर थाना भोजीपुरा निवासी जाकिर व मीरगंज निवासी तारिक अल्वी शामिल थे।

इस मामले में एसपी सिटी मानुष पारीक ने कहना कि शेर अली जाफरी व उसके साथियों के गिरोह पर गैंगस्टर की कार्रवाई की गई है। गिरोह की अवैध रूप से बनाई संपत्तियों की जांच कराई जा रही है। इन संपत्तियों को प्रशासन की मदद से जल्द ही जब्त किया जाएगा।

# शाहाबाद क्षेत्र के गुलड़िया में एक पक्ष ने लगाई बालाजी की प्रतिमां तो दूसरे पक्ष ने लगाई अंबेडकर की प्रतिमा



नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

उत्तर प्रदेश रामपुर शाहबाद। दो दिन पहले शाहबाद के गुलड़िया गांव में सरकारी जगह पर दलितों द्वारा बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा लगाई गई थी। जिसकी सूचना मंगलवार को ग्राम चौकीदार के द्वारा पुलिस को दी गई। पुलिस राजस्व के अधिकारियों के साथ गुलड़िया गांव पहुंच गई और जिस जगह पर मूर्ति लगाई गई है सबसे पहले उस जमीन के बारे में जानकारी निकाली। जांच पड़ताल के दौरान ग्रामीणों ने अधिकारियों को बताया कि कुछ दिन पूर्व गांव में एक जगह पर बालाजी की भी प्रतिमा लगाई गई थी, तब हमसे कहा गया था कि तुम भी अंबेडकर की प्रतिमा लगा लो। तहसीलदार राकेश चंद्रा और कोतवाल पंकज पंत ने गांव में पहुंचकर दलित समुदाय के लोगों से बातचीत करने की लेकिन गांव में दलितों की तरफ से महिलाएं आगे आ गई और अधिकारियों से कहा जब तक दूसरा पक्ष मूर्ति नहीं हटाता हम भी अंबेडकर की प्रतिमा नहीं हटाएंगे। अधिकारियों ने दूसरे पक्ष से बिना अनुमति सरकारी जगह पर बालाजी की प्रतिमा लगाए जाने का कारण पूछा तो बताया कि गांव में दोनों पक्षों में समझौता हुआ था कि दोनों लोग प्रतिमाएं लगा लो। अफसरों ने बिना अनुमति लगाई गई प्रतिमाओं को स्वयं से हटाने को कहा। खबर लिखे जाने तक अफसरों के अल्टीमेटम के बाद एक पक्ष ने पुलिस की मौजूदगी में ही बालाजी की प्रतिमा को सरकारी भूमि से हटाकर गमादेवा पर स्थापित कर दिया जबकि दलितों से अंबेडकर से प्रतिमा हटाने को लेकर बातचीत चल रही थी।

दोनों पक्षों के द्वारा प्रतिमाएं सरकारी भूमि पर लगाई गई थी, कल तक प्रतिमाएं स्वयं हटाने का अल्टीमेटम दिया गया है। अगर कल तक प्रतिमा नहीं हटाने है तो प्रधान, पूर्व प्रधान और मूर्ति लगाए जाने पर कार्रवाई की जाएगीः।

राजेश चंद्रा
तहसीलदार शाहबाद

दोनों ही प्रतिमाएं बिना अनुमति के लगाई गई थी, हमने दोनों पक्षों से बातचीत कर ली है दलितों का कहना था कि पहले दूसरे पक्ष के लोग प्रतिमा हटाएं तब ही हम हटाएंगे। एक पक्ष ने प्रतिमा हटा ली है। दूसरे पक्ष को भी प्रतिमा हटाने को कहा है।

पंकज पंत
कोतवाल शाहबाद

# मेरे महादेव जिस पर अपनी कृपा करते उसका भाग्य चमक जाता है- कौशिक महाराज

## गौतीर्थ तुलसी तपोवन गौशाला के सहायतार्थ पुराण मनीषी श्री कौशिक जी महाराज ने श्रद्धालुओं को कराया शिव महापुराण कथा का रसपान।



नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

मैनपुरी। शहर के देवी रोड स्थित शीतला माता मंदिर परिसर में आयोजित गौतीर्थ तुलसी तपोवन गौशाला के सहायतार्थ आयोजित शिव महापुराण कथा का 12वें दिवस पुराण मनीषी पूज्य श्री कौशिक जी महाराज के पावन सानिध्य में कथा परीक्षित डॉक्टर कौशलेंद्र दीक्षित व उनकी धर्मपत्नी शुभा दीक्षित, यजमान आलोक गुप्ता उनकी धर्मपत्नी चेयरमैन संगीता गुप्ता ने मंत्रोच्चारण के बीच भगवान की पूजा अर्चना की।

पुराण मनीषी पूज्य श्री कौशिक जी महाराज ने भगवान महादेव की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि मेरे महादेव की करुणा, कृपा की कथा में जितना वर्णन किया जाए कम है। मेरे महादेव जिस पर अपनी कृपा करते उसका भाग्य चमक जाता है।

महाराज श्री ने कहा कि द्वादश ज्योतिर्लिंग के नाम एक बार जपने से अनजाने में हुए अपराधों से बच जाते हैं। इसलिए जब भी समय मिले तो द्वादश ज्योतिर्लिंगों के नाम अवश्य जपें।

उन्होंने कहा कि मैनपुरी छोटी काशी है। यहां भीमसेन मंदिर, चांदेश्वर मंदिर है जिसमें मेरे महादेव विराजमान होकर अपनी कृपा भक्तों पर बरसाते हैं। मैनपुरी छोटी काशी है।

महाराज श्री ने कहा कि आत्म हत्या करना किसी समस्या का हल नहीं है। आत्म हत्या करना बड़ा अपराध है इसलिए ऐसा करने से बचें। ये जीवन यूंही नहीं भगवान ने दिया। इसका सदप्रयोग करें। महाराज श्री ने कई प्रसंगों के साथ कथा का रसपान कराया। कथा के दौरान कौशिक जी महाराज के भजनों पर श्रद्धालू भगवान शिव की भक्ति में लीन नजर आए।

कथा के विश्राम पर ममता इंटर प्राईजेज के स्वामी राजीव यादव ने महाराज श्री को चांदी का मुकुट व सोने की अंगूठी पहना कर सम्मान किया तथा उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया, वहीं अरविंद पांडेय एडवोकेट ने तुलसी तपोवन के लिए बड़ा सहयोग किया।

परीक्षित डॉक्टर कौशलेंद्र दीक्षित व उनकी धर्मपत्नी शुभा दीक्षित, यजमान आलोक गुप्ता उनकी धर्मपत्नी चेयरमैन संगीता गुप्ता विशिष्ठ अतिथि राजकुंवर यशदीप सिंह एडवोकेट, पूर्व चेयरमैन साधना गुप्ता, पूर्व भाजपा जिला प्रदीप चौहान, डॉ सीमा दीक्षित, कल्पना मिश्रा, राधा गुप्ता, कथा आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ संजीव मिश्रा वैद्य जी, प्रशांत दीक्षित, प्रदीप दत दुबे, विमल पांडेय, अरविंद यादव, नवनीत यादव, विवेक राठौर, आयोजन समिति के सचिव संदीप चतुवेर्दी, किशन दुबे, राधारानी दुबे आदि ने भगवान शिव की आरती की। कथा का संचालन पंडित रामदेव शास्त्री ने किया।

कथा में दीपक चौहान, भरत दुबे, दीपक चौहान, अनिल कुमार गुप्ता, मुकेश गुप्ता, राजीव पांडेय एडवोकेट, अश्वनी मिश्रा, पंचू पांडेय, विनोद, राजीव, आदि बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे।

# रमजान हो या होली आपसी सौहार्द की बनाए रहें हमजोली

## पाली थाना परिषर में पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न



**एनपीटी ब्यूरो ललितपुर**
पाली । मार्च - अप्रैल माह में मुस्लिम समाज का पर्व रमजान , ईद तो वहीं हिंदू पर्व होली , चैत्र नवरात्र , रामनवमी , हनुमान जयंती , जैन समाज की महावीर जयंती आदि पर्वों के मद्देनजर रखते हुए इन्हें कुशलतापूर्वक सम्पन्न कराने हेतू थाना पाली परिषर में पीस कमेटी की बैठक बुलायी गयी । जिसमें शाषन - प्रशासन द्वारा जारी गाइडलाइंस का पाठ पढ़ाया गया तो वहीं बताया गया कि सभी धर्म के लोग अपने- अपने पर्व पूरी आस्था उत्साह के साथ मनाए लेकिन किसी नई परिपाटी को जन्म न दे । एक-दूसरे का सहयोग कर सभी अपने पर्व मनाए ।
पीस कमेटी की बैठक पाली एसडीएम सैय्यद सानिया एवं पाली क्षेत्राधिकारी कृष्णकुमार मिश्र की अध्यक्षता में आयोजित की गयी । जिसमें उपस्थित लोगों के बीच शाषन - प्रशासन द्वारा जारी गाइडलाइंस की जानकारी दी साथ ही लोगों से अपील की सभी लोग अपने पर्व पूरी आस्था और उत्साह के साथ मनाए ।कोई भी ऐसे कार्य नहीं किए जाए जिससे किसी दूसरे की आस्था को ठेस पहुंचे । मिलजुलकर आपसी सदभाव , भाईचारे , सौहार्द के बीच पर्व मनाकर चली आ रही भाईचारे की मिसाल को कायम रखे । इसके साथ ही बताया गया कि आगामी पर्वो के मद्देनजर पुलिस तो पूरी तरह सक्रिय रहेगी । इसके साथ आप लोगो की जिम्मेदारी है कि पुलिस का पूरा सहयोग करें । जनसहयोग पुलिस की सबसे बड़ी ताकत है ,जिसके चलते ही पुलिस अपराध एवं अपराधियों की गिरेबां तक पहुंचती है । न किसी प्रकार की अफवाह फैलाये न ही फैलाने दें , कहीं से कोई अप्रिय सूचना मिलती है तत्काल पुलिस को सूचित करें । इस दौरान मौजदा अधिकारियों ने लोगों से उनके क्षेत्र की कुशलता के बारे में जानकारी ली । इस मौके पर थाना प्रभारी उदयभान गौतम , नगर पंचायत अध्यक्ष मनीष तिवारी , पूर्व चेयरमैन रामकुमार चौरसिया , पूर्व चेयरमैन नंदकिशोर सोनी , पाली भाजपा मंडल अध्यक्ष ब्रजेश राजपूत , पार्षद रानू दुबे , पार्षद प्रियंक जैन सानू , पूर्व पार्षद लक्ष्मण पाठकर , विमल कुशवाहा , पार्षद मनोज चौरसिया , भाजपा नेता सुनील नामदेव , पूर्व पार्षद राम चौरसिया , सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व नागरिक मौजूद रहे ।

## व्यापारियों ने पुलिस को खिलाई मिठाई

पाली में विगत महीनों पूर्व मुख्य बाजार में एक सोने चांदी की दुकान में सेंधमारी कर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था । जिसका पुलिस ने पदार्फास किया तो पाली के एक व्यापार मंडल गुट के पदाधिकारियों ने पाली पुलिस को शॉल व श्रीफल भेंट कर मिठाई खिलायी । इस मौके पर व्यापर मंडल अध्यक्ष सुदामा साहू , कोषाध्यक्ष सतीशचंद्र जैन , पूर्व पार्षद लक्ष्मण पाठकर , जयकुमार , रमेशचंद्र आदि मौजूद रहे ।

# अभिषेक पाण्डेय राष्ट्रीय सम्मेलन में सर्वोत्तम शोध पुरुस्कार से हुये सम्मानित



एनपीटी ब्यूरो ललितपुर
ललितपुर महरौनी नगर के होनहार हर क्षेत्र मे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहें। यहाँ के प्रतिभाशाली युवा को राष्ट्रीय सम्मेलन मे सर्वोत्तम शोध पुरुस्कार से सम्मानित किया गया है।

अंतर्राष्ट्रीय जल-भूविज्ञानिक संघटन के भारतीय राष्ट्रीय अध्याय के अंतर्गत 'भूजल स्थिरता पर पृथ्वी विज्ञान परिप्रेक्ष्य' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम देश के प्रतिष्ठित एमिटी विश्वविद्यालय जयपुर में दिनाँक 1 एवं 2 मार्च,को किया गया।

इस संगोष्ठी में देश के विभिन्न क्षेत्रों से आये हुए वरिष्ठ वैज्ञानिकों, प्राचायों और युवा स्कॉलर की मौजूदगी रही , जिन्होंने अपने अपने वैज्ञानिक कार्यों को शोध पत्रों के माध्यम से प्रस्तुत किया।

महरौनी नगर के अखिल भारतीय कवि संजय पाण्डेय भारत के पुत्र एवं बरिष्ठ पत्रकार बिपिन पाण्डेय के भतीजे अभिषेक पाण्डेय भारत ने भी इस संगोष्ठी में अपनी भागीदारी दिखायी जिसमे उन्होंने खदानीय जल की गुणवत्ता और उससे भूमिगत जल पर पड़ रहे प्रभावों पर किये गए अपने वैज्ञानिक कार्य को शोध पत्र के माध्यम से प्रस्तुत किया।

इस शोध पत्र के लिए अभिषेक पाण्डेय भारत को सर्वोत्तम शोध पत्र पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

यह पुरस्कार हमारे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। आज भी भारत वर्ष में बहुत कम विद्यार्थी अनुसंधान के क्षेत्र में काम कर रहे हैं। विज्ञानिक क्षेत्र में अनुसंधान और नवाचार का परिवेश तेजी से पनपे और नव युवकों में अनुसंधान के प्रति रुचि विद्यमान हो ऐसी शुभकामनाएँ अभिषेक पाण्डेय भारत प्रेषित की हैं।

अभिषेक इस समय भूजल विज्ञान में धनवाद झारखंड मे शोध कार्य कर रहे हैं। पूर्व मे भी इन्हें विभिन्न पुरुस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। नगर वासियों ने उन्हें इस सर्वोच्च सम्मान के लिए वधाई दी है।

# चकबंदी कार्यों में लापरवाही करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध होगी कार्यवाही- डीएम



चित्रकूट ब्यूरोः जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में चकबंदी कार्यों की समीक्षा बैठक मंगलवार को कलेक्टरेट सभागार में आयोजित की गई। जिसमें डीएम ने लक्ष्य के अनुरूप कार्य न करने पर अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही करने की चेतावनी दी।
बैठक में डीएम ने सहायक चकबंदी अधिकारी राकेश कुमार श्रीवास्तव व कैलाश नाथ सिंह द्वारा पूरे वर्ष में कोई भी चक न काटने तथा आकार पत्र की धारा 23 के अंतर्गत पिलखिनी, लदेहटा, बाबूपुर एवं लठागुठउपुर तथा धारा 27 के ग्राम खरौध तथा धारा 52 के गांव खरौध छेछरिया बुजुर्ग, हर्रा और खरूही का कार्य पूर्ण न होने पर राकेश कुमार श्रीवास्तव के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही करते हुए चकबंदी आयुक्त को पत्र भेजने के लिए निर्देशित किया गया। डीएम ने निदेशालय द्वारा भेजी गई प्रारूप एक से नौ तक की समीक्षा करते हुए चकबंदी आयुक्त द्वारा दिए गए लक्ष्य को समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही धारा सात के 19 ग्राम, धारा आठ के दो ग्राम, धारा नौ के दो ग्राम, धारा 10 के 6 ग्राम, धारा 20 के 10 ग्राम, धारा 27 के 3 ग्राम तथा धारा 52 के 4 ग्राम खरौध, छेछरिया बुजुर्ग, हर्रा एवं खरूही का चकबन्दी कार्य प्रत्येक दशा में मार्च माह में पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने सभी सहायक चकबंदी अधिकारी और चकबंदी अधिकारियों को चेतावनी जारी करते हुए कहा कि लक्ष्य पूरा नहीं होता है तो संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजेश प्रसाद, बंदोबस्त अधिकारी मनोहर लाल धर्मान सहित सहायक चकबंदी अधिकारी, चकबंदी अधिकारी, कानूनगो, लेखपाल आदि मौजूद रहे।

## टप्पेबाजी का शिकार महिला ने लगाई न्याय की गुहार

चित्रकूटः टप्पेबाजी का शिकार हुए पीड़ित ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कराने की गुहार लगाई है।
बांदा जिले के अतर्रा तहसील के महुटा गांव के निवासी विष्णुशंकर पाण्डेय ने बताया कि वह बीती 28 फरवरी को अपनी बहन राजोल कुमारी के साथ दोपहर के समय एक सीएनजी ऑटो में बैठकर मानिकपुर जा रहे थे। जिसमें उनकी बहन का जेवर से भरा बैग ऑटो चालक ने पीछे रखवा दिया था। इस दौरान रास्ते में बैग को काटकर अंदर रखा गहनों वाला बैग चोरी कर लिया गया। इसके बाद मानिकपुर में उन लोगों को उतारकर चालक ऑटो लेकर वापस लौट गया। गाड़ी से उतरने के बाद उन्हें पता चला कि गहनों से भरा बैग चोरी हो चुका है। जिसकी सूचना उन्होंने कर्वी कोतवाली एवं मानिकपुर थाने में की है। पीड़ित ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए चोरी का खुलासा किए जाने की मांग की है।

## संस्कृत अध्ययन प्रोत्साहन वृत्ति के लिए वरुण का हुआ चयन

चित्रकूटः उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान लखनऊ द्वारा आयोजित संस्कृत प्रतिभा खोज राज्य स्तरीय अष्टाध्यायी, अमरकोश, लघुसिद्धांत कौमुदी, तर्कसंग्रह तथा श्लोकान्त्याक्षरी प्रतियोगिता में भाग लेने वाले जनपद के आयुष ग्राम गुरुकुलम के छात्र वरुण गुप्ता को श्लोकान्त्याक्षरी वर्ग में प्रोत्साहन वृत्ति के लिए चयनित किया गया है। वरुण को यह संस्कृत अध्ययन प्रोत्साहन वृत्ति उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान लखनऊ द्वारा आगामी 16 मार्च को प्रदान की जाएगी। प्रोत्साहन वृत्ति के लिए अर्ह एवं चयनित छात्रों को रुपए 4,000 की धनराशि उनके अथवा उनके माता-पिता के बैंक खाते में तथा रुपए 1000 धनराशि की अध्ययन सामग्री दी जाएगी।

## कृषि विभाग के कर्मचारी बनकर ठगों ने किसान को लगाया चूना

मऊ, चित्रकूटः खाते में किसान सम्मान निधि आने के बाद किसान के साथ धोखाधड़ी हो गई। पीड़ित किसान ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है। मऊ तहसील क्षेत्र के अंतर्गत खंडेहा गांव के निवासी सूर्यभान सिंह ने मऊ के उपजिलाधिकारी को पत्र सौंपकर बताया कि बीती 17 फरवरी को दो युवक उसके पास आए। युवकों ने स्वयं को कृषि विभाग का कर्मचारी बताते हुए कहा कि केवाईसी और आधार से सम्बन्धित फीडिंग करके वह लोग किसान सम्मान निधि खाते में भेजेंगे। जबकि उसका खाता पहले से बैंक में था, किंतु युवकों ने उसका खाता दूसरे बैंक में खोल दिया और अपना मोबाइल नंबर फीड़ कर दिया। इसके बाद बीती 24 फरवरी को किसान सम्मान निधि की धनराशि की सात किश्तों का 14,000 रुपया उसके खाते में आया। यह धनराशि 25 फरवरी को उसके साथ धोखाधड़ी करते हुए निकाल ली गई। पीड़ित ने मामले की प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करते हुए कानूनी कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

# मल्टीनेशनल कंपनी में 34 विद्यार्थियों का हुआ प्लेसमेंट

बरगढ़, चित्रकूटः राजकीय पॉलिटेक्निक बरगढ़ में मंगलवार को मल्टीनेशनल कंपनी द्वारा प्लेसमेंट के लिए कैंपस साक्षात्कार का आयोजन किया गया। जिसमें साक्षात्कार के लिए में 2024 में उत्तीर्ण डिप्लोमा इन इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों के साथ आईटीआई के विद्यार्थियों का भी चयन किया गया।
कंपनी की ओर से सीनियर मैनेजर मोहम्मद शाहिद, मैनेजर परशुराम, एचआर नागेश ने साक्षात्कार कर सभी 34 छात्रों को 2.24 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर चयनित किया। इन विद्यार्थियों को तत्काल कंपनी में ज्वाइनिंग दी जा रही है। प्रधानाचार्य संतोष कुमार ने बताया कि साक्षात्कार का आयोजन संस्था के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा किया गया। संस्था के अनंत प्रकाश, साजिया तबस्सुम, सचिन गुप्ता, प्रियंका भारद्वाज द्वारा इंटरव्यू की व्यवस्था की गई।

# अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में विद्वानों ने व्यक्त किए विचार




चित्रकूट ब्यूरोः जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय चित्रकूट में मंगलवार को योग दर्शन के विशेष आलोक में समकालिक वैश्विक चुनौतियां एवं समाधान विषय पर तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें विद्वानों ने योग की महत्ता पर प्रकाश डाला।
संगोष्ठी के प्रथम दिन पूर्व प्रशासनिक अधिकारी डॉ सुरेंद्र कुमार पांडेय (आईएएस) ने कहा कि योग मानव जीवन का परम लक्ष्य है। बिना योग के प्रवृत्ति मार्ग से निवृत्ति मार्ग प्रशस्त नहीं होता है। उन्होंने यत पिंडे तत ब्रह्मांड युक्ति के आधार पर योग की व्याख्या करते हुए कहा कि योग के द्वारा हम परमात्मा और आत्मा का मिलन सहज रूप में करते हैं। श्रीमद्भागवत गीता का हर अध्याय योग को वर्णित करता है। उन्होंने योग वशिष्ठ पर विशेष बल देते हुए योग को भवसागर से पार करने का साधन बताया।

समारोह की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो शिशिर कुमार पांडेय ने कहा कि योग का अर्थ केवल जोड़ना ही नहीं है, बल्कि योग के द्वारा साधक व्यक्तिनिष्ठ से आत्मनिष्ठ की ओर आकर्षित होता है और सामाजिक समरसता का पर्याय बनता है। पूर्वांचल विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो राजाराम यादव ने विश्वविद्यालय के कुलाधिपति को उत्कृष्ट व्यक्तित्व के रूप में योग के चमत्कार का परिणाम बताया। अमरकंटक केंद्रीय विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो प्रकाशमणि त्रिपाठी ने योग में लोक कल्याण के भावों का वर्णन करते हुए इसे वर्तमान चुनौतियों के लिए एक अमूल्य निधि के रूप में प्रस्तुत किया। इंग्लैंड स आए डॉ एस लूसी ने कहा कि असीमित सुख एवं शांति को सीमित प्रयास से प्राप्त करने के लिए योग का मार्ग अपना सकते हैं। महात्मा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो रजनीश शुक्ल ने कहा कि योग दर्शन एक ऐसे समाज की बात करता है, जिसमें मनुष्य को मनुष्यता सिखाने की कला है। कार्यक्रम का सफल संचालन संगीत विभाग के अध्यक्ष डॉ गोपाल कुमार मिश्र ने किया।

इस मौके पर दर्शनशास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ हरिकांत मिश्र, विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ अमित अग्निहोत्री, डॉ निहाररंजन मिश्र, डॉ विनोद कुमार मिश्र, डॉ महेंद्र कुमार उपाध्याय डॉ किरण त्रिपाठी, डॉ गुलाबधर, डॉ रजनीश कुमार सिंह, डॉ नीतू तिवारी, डॉ भविष्या माथुर, डॉ दलीप कुमार, डॉ आनंद कुमार, डॉ दुर्गेश कुमार मिश्र, डॉ रमा सोनी, कुलाधिपति के निजी सचिव आर पी मिश्र, विश्वविद्यालय के कुल सचिव मधुरेंद्र कुमार पर्वत, डॉ सुशील त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# कब्रिस्तान का दावा समाप्त, सरकारी बंजर भूमि के रूप में दर्ज होगी जमीन



चित्रकूटः जिला मुख्यालय में दो पक्षों के बीच न्यायालय में लम्बे समय से चल रहे प्रकरण का निस्तारण हो गया है। जिसमें उपजिलाधिकारी सदर पूजा साहू ने तहसील आख्या में प्रस्तुत स्थलीय निरीक्षण एवं अभिलेखीय शास्त्रों के आधार पर कब्रिस्तान के नाम दर्ज भूमि को निरस्त करते हुए राज्य सरकार के नाम दर्ज करने का आदेश दिया है। गौरतलब है कि पूर्व में बीती 15 फरवरी 2005 को तत्कालीन उपजिलाधिकारी न्यायालय ने इस जमीन को कब्रिस्तान के रूप में दर्ज करने के आदेश दिए थे। जिसके विरोध में सभासद पवन कुमार उर्फ बद्री ने मंडलायुक्त के यहां वाद दायर किया था। जिसके बाद मंडलायुक्त ने बीती 15 फरवरी 2005 को उपजिलाधिकारी न्यायालय द्वारा किए गए आदेश को निरस्त करते हुए पुनः मौके की स्थलीय जांच कराकर दोनों पक्षों को साक्ष्य सुनवाई का समुचित अवसर प्रदान करते हुए गुण-दोष के आधार पर वाद का निस्तारण करने के निर्देश दिए थे। सभासद पवन कुमार बद्री ने निर्णय को न्याय की जीत बताया है।

# अमरपुर मण्डी में मियावाकी वृक्षारोपण को देखा, पाकड़ का पौधा लगाकर वृक्षारोपण किया

**एनपीटी ब्यूरो ललितपुर**
ललितपुर। सीईओ, बुन्देलखण्ड औद्योगिक विकास प्राधिकरण/नोडल अधिकारी अमृत त्रिपाठी (आईएएस) ने सोमवार को विकासखण्ड जखौरा के ग्राम रोड़ा का भ्रमण किया एवं नवीन मण्डी परिसर अमरपुर में मियावाकी वृक्षारोपण की स्थिति का जायजा लिया। इस अवसर पर जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक, मुख्य विकास अधिकारी कमलांकात पाण्डेय उपस्थित रहे।

1-उच्च प्राथमिक विद्यालय रोड़ाः-

नोडल अधिकारी ने ग्राम रोड़ा पहुंचकर उच्च प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया, यहां पर उन्होंने बच्चों का छात्रांकन, मिड डे मील, बच्चों का शैक्षिक स्तर व अध्यापकों की उपस्थिति की समीक्षा की। बताया गया कि विद्यालय में कक्षा 6, 7 व 8 के कुल 279 छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं, जिनमें से आज 206 उपस्थित हैं। मिड डे मील निर्धारित मीनू के अनुसार बना था। मौके पर बच्चों से गणित विषय के सवाल पूछकर शैक्षिक स्तर की जांच की गई, पढ़ाई का स्तर संतोषजनक पाया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में पानी की टंकी खाली थी, नलों में पानी नहीं आ रहा था, हैण्डपम्प की समरसेविल मोटर भी खराब बतायी गई, साथ ही जल जीवन मिशन अंतगर्त किये गए कनेक्शन से भी पानी नहीं आ रहा था, इस पर नोडल अधिकारी ने नाराजगी जाहिर करते हुए बेसिक शिक्षा अधिकारी को आज ही टंकी की सफाई कराकर पानी भरवाने एवं समरस.ेविल की मरम्मत कराकर आपूर्ति सुचारु कराने के निर्देश दिये। उन्होंने अधिशासी अभियंता जल निगम से जल जीवन मिशन अंतर्गत पेयजल आपूर्ति का रोस्टर तलब करते हुए आपूर्ति चालू कराने के निर्देश दिये।

2-ग्राम रोड़ा भ्रमणः-

निरीक्षण के दौरान राष्ट्रीय राज्यमार्ग से ग्राम के अंदर तक लगभग 2.5 किमी सड़क खराब हालत में है, ग्रामीणों ने बताया कि यह सड़क कई वर्ष पहले जिला पंचायत द्वारा डलवायी गई थी, मौके पर सड़क के किनारे कचरे को जलाया जा रहा था, जिस पर निर्देश दिये गए कि कचरे को जलाया न जाये बल्कि उसका उचित निस्तारण किया जाए।
उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी व जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया कि ग्राम में स्वास्थ्य विभाग एवं बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा दी जा रही सेवाओं की चैकलिस्ट बनाकर उनका जमीनी स्तर पर सत्यापन करा लें, यह सुनिश्चित करें कि ग्रामीणों को इनका लाभ मिल भी रहा है या नहीं।
मौके पर ग्रामीणों ने पोषाहार नियमित रुप से न मिलने की शिकायत की, जिस पर नोडल अधिकारी ने शिकायत की जांच कराकर आख्या उपलब्ध कराने व नियमित रुप से पोषाहार वितरण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये।
गांव में एक ग्रामीण जो टेलरिंग से अपनी आजीविका चला रहा है, उनके द्वारा बताया गया कि लगभग 200 रुपए प्रतिदिन कमा रहे हैं, जिससे जीवन यापन में समस्या होती हैं, इस पर नोडल अधिकारी ने उपायुक्त उद्योग को ग्राम में एमएसएमई के तहत प्रोजेक्ट बनाकर ग्रामीणों को आच्छादित करने के निर्देश दिये, ताकि वे स्वरोजगार स्थापित कर अपनी आजीविका कमा सकें।
निरीक्षण के दौरान गांव में एक खुला हुआ कुंआ पाया गया, जिसमें कभी भी जनहानि होने का खतरा हो सकता है, नोडल अधिकारी ने कुएं की चौहद्दी बनाने या जाल से ढकने के निर्देश दिये, ताकि कुएं में कोई गिर न जाए।
गांव में ही एक महिला जिसकी गोद में 1.5 वर्ष का बच्चा था, मौके पर बच्चे के टीकाकरण के बारे में पूछा गया, जिस पर बताया गया कि टीकाकरण हो रहा है। नोडल अधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये कि ग्रामीण क्षेत्रों में टीकाकरण की स्थिति को क्रॉस वैरिफाई करा लें, ताकि कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित न रहे।

3-नवीन मण्डी परिसर अमरपुर में मियावाकी वृक्षारोपणः-

नोडल अधिकारी ने नवीन मण्डी परिसर अमरपुर में पूर्व में किये गए मियावाकी वृक्षारोपण की स्थिति का जायजा लिया, यहां पर खण्ड विकास अधिकारी जखौरा द्वारा बताया गया कि गांव पंचायत महर्रा द्वारा 13 हजार पौधों का रोपण कराया गया है, जिसमें शीषम, महुआ, आंवला, आम, कांजी, सागौन, अमरुद, पेल्टोफार्म, नीबू, मालाबार नीम, नीम, बांस, जामुन, इमली, चिरौल, करौंदा, बेल, सीताफल, चिलबिल, सरीफा सहित 28 प्रकार के पौधे लगाये गए हैं, पौधों की जीवितता 96 प्रतिशत बतायी गई। मौके पर नोडल अधिकारी, जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने पाकड़ का पौधा लगाकर वृक्षारोपण किया और निर्देश दिये गए कि ग्राम पंचायतों में खाली जमीन पर सघन वृक्षारोपण कराकर पौधों का संरक्षण किया जाए, ताकि ये जंगल का रुप लेकर हमें अनुकूल वातावरण दे सकें।

इस अवसर पर डीसी मनरेगा, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी जखौरा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## तालेड़ा में हुआ भाजपा जिला अध्यक्ष रामेश्वर मीणा का अभिनंदन

# राज्य की भाजपा सरकार कर रही जनहित के कार्य :- रामेश्वर मीणा

ब्यूरो -एनपीटी

बून्दी ! 4 मार्च :- भारतीय जनता पार्टी बूंदी जिले के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष रामेश्वर मीणा का तालेड़ा आगमन पर तालेड़ा कस्बे में तालेड़ा भाजपा मंडल अध्यक्ष पटेल दुर्गा शंकर चौधरी की अगवाई में भाजपा के पदाधिकारीयों एवं कार्यकताओं ने अभिनंदन किया । इस दौरान जिला अध्यक्ष रामेश्वर मीणा ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीड की हड्डी है आमजन के कार्य में तत्परता से जुट जावे और



राज्य में एवं केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन को दिलवाएं । मीणा ने कहा कि राज्य की भाजपा सरकार लगातार जनहित के कार्य कर रही है इसको जनता को अवगत करावे इस दौरान उप प्रधान राधेश्याम गुर्जर, जिला प्रवक्ता अनिल जैन तालेड़ा,पूर्व जिला परिषद सदस्य हितेंद्र सिंह खेड़ला, लक्ष्मीकांत श्रृंगी बाबू गुर्जर , रामावतार राठौर ,बलवंत सिंह हाडा ,राजेंद्र चौधरी ,जसवीर सिंह ,रुक्मणी मंत्री सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे

# गुर्जर बंधुओ ने जयंती के अवसर पर मीणा समाज का स्वागत किया



ब्यूरो -एनपीटी

बून्दी - भगवान श्री देवनारायण मंदिर पुरानी बाइपास में समाज के संरक्षक श्योजी लाल धगाल, जिलाध्यक्ष रामस्वरूप धगाल के नेतृत्व में मत्स्य भगवान की शोभायात्रा का गुर्जर समाजके लोगो द्वारा भव्य स्वागत किया गया ! मंदिर के बाहर समाज के लोगो ने पुष्प वर्षा कर जिलाध्यक्ष रामेश्वर मीणा,भाजपा जिलाध्यक्ष रामेश्वर मीणा व मीणा समजा के गण मान्य लोगो का साफा और माला पहना कर स्वागत किया स्वागत किया गया इस दौरान किशन गुर्जर, सत्यनारायण गुर्जर, रामनारायण, खेमराज गुर्जर,बिरजू गुर्जर,पप्पू धगाल,चौथमल गुर्जर,महावीर ,शिवम गुर्जर,आशीष गुर्जर, सभी गुर्जर समाज के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पांच दिनों से नहीं आया नलों में पानी नहाने धोने तक की हुई भारी समस्या

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

भिवाड़ी के यूआईटी सेक्टर 1 में पिछले 5 दिनों से नलों में पानी नहीं आने से स्थानीय लोगों ने परेशान होकर बीड़ा कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन किया। स्थानीय लोगों ने बताया कि पिछले 5 दिनों से नलों में पानी नहीं आने से उनका नहाना धोना और पीने का पानी भी समाप्त हो चुका है, कई बार नल विभाग वालों से कहा लेकिन उन्होंने कहा



कि जितना पानी था उतना सब छोड़ चुके हैं और कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। लोगों ने बताया कि जब अभी गर्मी शुरू भी नहीं हुई है तब पानी की समस्या का इतना बुरा हाल है तो गर्मियों में क्या हाल होगा। लोगों ने शासन और प्रशासन से जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान करने की मांग की है।

## महिला शक्ति शिरोमणी अवॉर्ड से सम्मानित होगी सरपंच प्रियंका गोस्वामी

ब्यूरो -एनपीटी

बूंदी 4 मार्च। अंतर्राष्ट्रीय समरसता मंच के तत्वाधान में महिला दिवस की पूर्व संध्या पर जयपुर में आयोजित होने जा रहे वैश्विक नारी शक्ति सम्मेलन में बूंदी जिले के तालेड़ा उपखंड की ग्राम पंचायत सुवासा सरपंच प्रियंका गोस्वामी को महिला शक्ति शिरोमणी अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। प्रतिभा चयन समिति संयोजक जम्बूद्वीप पदम श्री अवार्ड से सम्मानित बौद्ध धर्म के धर्म गुरु लामा घयाछो रिम्पोछे की अनुशंसा पर 7 मार्च को जयपुर में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में नेपाल सरकार में तीन बार उप प्रधानमंत्री रहे उपेंद्र यादव द्वारा सरपंच प्रियंका गोस्वामी को महिला शक्ति शिरोमणी अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय समरसता मंच के मुख्य सलाहकार एडवोकेट कुलदीप प्रसाद शर्मा एवं सांस्कृतिक सचिव विवेक



स्वामी ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि वैश्विक नारी शक्ति सम्मेलन में 22 राष्ट्रों की प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। इसी के तहत सुवासा सरपंच प्रियंका गोस्वामी को भी महिला शक्ति शिरोमणी अवॉर्ड से नवाजा जाएगा। कार्यक्रम के दौरान नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री उपेंद्र यादव का नागरिक अभिनंदन भी किया जाएगा। कार्यक्रम को राजस्थान सरकार के प्रतिनिधि भी संबोधित करेंगे वहीं नेपाल सरकार एवं भारत सरकार के माध्यम से संयुक्त राष्ट्र को प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाएगा।

## 23 वीं श्याम ध्वज निसान यात्रा खैरथल से खाटूधाम को हुई रवानाः गूंजे शीश के दानी के जयकारे

खैरथल :शहर के श्री श्याम मंदिर पुरानी अनाज मंडी से 23 वीं विशाल श्याम निसान ध्वज यात्रा खैरथल से खाटू धाम को रवाना हुई। श्याम निसान ध्वज यात्रा का कस्बे के विभिन्न मार्गो पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। सुबह 9.00 बजे पुरानी अनाज मंडी स्थित श्री श्याम मंदिर में पूजा अर्चना के बाद विशाल श्याम निसान ध्वज यात्रा निकाली गई,जो कस्बे के विभिन्न मार्गो से होती हुई खाटू धाम को रवाना हुई।डी जे की धुन पर श्याम प्रेमी नाचते गाते नजर आए। सैकड़ों श्याम प्रेमी द्वारा शीश के दानी के जयकारे के साथ उत्साह पूर्वक कस्बे से खाटू धाम को रवाना हुई। इस अवसर पर श्याम प्रेमी कमल शर्मा, रजनीश बंसल, राकेश प्लांटू,भीम तिवारी, राजीव शर्मा,अमन शर्मा, नवीन



शर्मा,नमन गुप्ता, ऋषिराज अग्रवाल,जे पी तिवारी, श्याम सुंदर खंडेलवाल, राहुल,पंडित बिल्लू शर्मा आदि श्याम प्रेमी ध्वज निसान यात्रा में मौजूद रहे।

***परशुराम भवन पर ब्राह्मण समाज ने किया भव्य स्वागत**

ब्राह्मण समाज खैरथल ने पैदल यात्रियों की सेवा मे लगाये गये शिविर में परशुराम भवन पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष कैलाश जोशी एवं दिनेश कौशिक एल आई सी के नेतृत्व में भव्य स्वागत एवं सत्कार किया जलपान के बाद सैकड़ों लोगो के साथ पद यात्री रवाना हुए इस अवसर पर ब्राह्मण समाज के पदाधिकारी एवं स्टाफ मौजूद रहे

## भरतपुर आरबीएम अस्पताल में सुपर स्पेशियलिटी सेवाएं जल्द शुरू होंगी, जून में पूरा होगा कार्य

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

भरतपुर। चिकित्सा शिक्षा मंत्री गजेन्द्र सिंह ने आश्वासन दिया कि अस्पताल का विस्तार कार्य जून 2025 तक पूरा कर लिया जाएगा, जिसके बाद रिक्त पदों को भरा जाएगा और नई सुपर स्पेशियलिटी सुविधाएं शुरू की जाएंगी। विधानसभा में मंगलवार को पूर्व मंत्री और विधायक डॉक्टर सुभाष गर्ग ने प्रश्नकाल में सदन में भरतपुर की मांगें रखते हुए कहा कि पिछली बजट घोषणाओं के तहत आरबीएम अस्पताल में जल्द ही 10 सुपर स्पेशियलिटी सेवाएं जल्द शुरू की जानी चाहिए।

प्रश्न के जवाब में चिकित्सा शिक्षा मंत्री गजेन्द्र सिंह ने कहा कि आरबीएम चिकित्सालय भरतपुर के विस्तार का कार्य इस वर्ष जून माह तक पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि निर्माण कार्य पूरा होने के बाद यहां रिक्त पदों को भरा जाएगा। सुपर स्पेशलिटी सुविधाओं को भी शुरू किया जाएगा।

**154.62 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति जारी-** उन्होंने कहा कि आरबीएम चिकित्सालय के विस्तार कार्यों के लिए 154.62 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति जारी की गई थी। इसके विरुद्ध अब तक 123.20 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि संवेदक द्वारा का निर्माण कार्य 17 दिसंबर 2021 को शुरू कर माह जून 2023 तक पूरा किया जाना था, लेकिन संवेदक द्वारा 27 दिसम्बर 2021 को शुरू किया गया तथा निर्धारित समय सीमा में पूरा नहीं किया गया। अब संवेदक का 30 जून 2025 तक कार्य पूरा करने के लिए कहा गया है।

**11 सुपर स्पेशलिटी**



**सुविधाएं स्वीकृत हैं-** चिकित्सा शिक्षा मंत्री ने बताया कि कार्य में देरी के लिए 28 फरवरी 2025 को संवेदक पर 30 लाख रुपये की पेनल्टी आरोपित की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि आरबीएम अस्पताल में मरीजों की अधिक संख्या को देखते हुए इसका विस्तार कार्य किया जा रहा है। वर्तमान में यहां 11 सुपर स्पेशलिटी सुविधाएं स्वीकृत हैं, लेकिन केवल 3 यूरोलॉजी, न्यूरोलॉजी तथा कार्डियोलॉजी ही संचालित हैं। नेफ्रोलॉजी की सुविधा उपलब्ध नहीं है। पूर्ववर्ती सरकार द्वारा यहां 6 और सुपर स्पेशलिटी सुविधाएं एन्डोक्रिनोलॉजी, गेस्ट्रो, गेस्ट्रो सर्जरी, मेडिकल ओंकोलॉजी, ओंकोलॉजी सर्जरी तथा प्लास्टिक सर्जरी शुरू करने की घोषणा तो की गई थी।

आर.बी.एम.

**चिकित्सालय का द्वितीय फेज जून में होगा पूरा-** उन्होंने आश्वस्त किया कि निर्माण कार्य पूरा होने के बाद यहां सुपर स्पेशलिटी सुविधाओं को शुरू किया जा सकेगा। इससे पहले विधायक सुभाष गर्ग के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में चिकित्सा शिक्षा मंत्री ने कहा कि भरतपुर के आर.बी.एम चिकित्सालय के द्वितीय फेज का निर्माण कार्य 30 जून, 2025 तक पूर्ण किया जाना प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि संवेदक के साथ कार्यकारी एजेंसी द्वारा अनुबन्ध के अनुसार कार्य समय पर पूर्ण नहीं किये जाने पर संवेदक के विरूद्ध शास्ति आरोपित कर शेष राशि का भुगतान किये जाने का प्रावधान है। संवेदक पर निर्माण कार्य समय पर पूर्ण नहीं किये जाने के कारण कार्यकारी एजेंसी के परियोजना निदेशक आर.एस.आर.डी.सी. नि. इकाई भरतपुर द्वारा राशि रुपए 30 लाख की अंतरिम शास्ति आरोपित की गई है।

## वन्य जीव जंतुओं की सुरक्षा का दायित्व हम सभी का--- हिमांशु शर्मा

खैरथल-तिजाराः विश्व वन्य दिवस के अवसर पर विकास समिति के अध्यक्ष हिमांशु शर्मा ने कहा कि विकास समिति निरंतर वन्य जीव जंतु एवं पशु पक्षियों की देखभाल निरंतर करती हुई आ रहा है'

इस अवसर पर सभी समाज सेवा के साथियों ने वन्य जीवों और उनके प्राकृतिक आवासों की सुरक्षा एवं संरक्षण के प्रति जागरूकता जन-जन तक बढ़ाने का संकल्प लिया एवं वन्य जीवो और पशु पक्षियों के उचित देखभाल करने का भी निर्णय लिया' इस अवसर पर सभी ने कहा कि वन्य जीव एवं पशु पक्षियों की रक्षा सुरक्षा का दायित्व हम सभी का है '

इस अवसर पर मुख्य रूप से मनोज शर्मा, के जी गुप्ता, गौरव अरोड़ा, ओम प्रकाश अरोड़ा, ओम प्रकाश सोलंकी, अशोक गुप्ता, सत्यनारायण सोमवंशी, अमित शर्मा,कैलाश शर्मा, मोहनलाल शर्मा, भगवान सेन, बाला प्रसाद, महेंद्र प्रजापत, श्याम सुंदर सहित अनेक वन्य पशु पक्षी एवं जीव जंतु प्रेमी उपस्थित थे '

## कोटा में दिखे जयदीप अहलावत, आईफा 2025 में दमदार उपस्थिति की तैयारी, दो श्रेणियों में मिला नामांकन

कोटा । प्रतिभाशाली अभिनेता जयदीप अहलावत को आईफा डिजिटल अवार्ड्स 2025 में फिल्म 'महाराज' में सहायक भूमिका और वेब सीरीज 'द ब्रोकन न्यूज र2' में मुख्य भूमिका के लिए दो बड़े नामांकन मिले हैं। यह प्रतिष्ठित आयोजन 8 मार्च 2025 को जयपुर, राजस्थान में आयोजित होगा।

राजस्थान के कोटा में हाल ही में प्रतिभाशाली अभिनेता जयदीप अहलावत को देखा गया, जिससे उनके आगामी बड़े आयोजन शोभा रियल्टी आईफा डिजिटल अवार्ड्स 2025 में भागीदारी को लेकर उत्साह बढ़ गया है।

जयदीप अहलावत को फिल्म 'महाराज' में सहायक भूमिका और सीरीज 'द ब्रोकन न्यूज र2' में मुख्य भूमिका के लिए आईफा डिजिटल अवार्ड्स 2025 में दो बड़े नामांकन मिले हैं। इस प्रतिष्ठित आयोजन का आयोजन 8 मार्च 2025 को जयपुर, राजस्थान में होने वाला है, जहां भारतीय सिनेमा और डिजिटल मनोरंजन की दुनिया के दिग्गज जुटेंगे।

मेरे लिए गर्व की बात

जयदीप अहलावत ने इस सम्मान पर खुशी जाहिर करते हुए कहा, ₹आईफा डिजिटल अवार्ड्स में दो श्रेणियों में नामांकित होना मेरे लिए गर्व की बात है। जयपुर में आईफा के 25वें गौरवशाली वर्ष का हिस्सा बनना मेरे करियर का अहम पड़ाव है। ओटीटी और डिजिटल मनोरंजन की दुनिया में नए आयाम छूना मेरे लिए प्रेरणादायक है। मैं इस मंच पर अपने साथी कलाकारों और प्रशंसकों के साथ इस यादगार पल का जश्न मनाने के लिए उत्सुक हूं।₹

आईफा 2025 इस साल अपने 'सिल्वर इज द न्यू गोल्ड' थीम के साथ 25वें वर्ष का जश्न मना रहा है। यह कार्यक्रम भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े उत्सवों में से एक होगा, जहां जयदीप अहलावत अपनी दोहरी प्रतिभा के साथ चमकते नजर आएंगे।

# जिला कलक्टर की अध्यक्षता में आयोजित हुई

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

खैरथल-तिजारा, 3 मार्च। जिला कलक्टर किशोर कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को जिला सचिवालय खैरथल-तिजारा में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई।

जिला कलक्टर ने सड़क सुरक्षा के संबंध में संबंधित विभागों द्वारा उठाए गए कदमों की समीक्षा कर कहा कि समन्वित प्रयास यह रहे कि जिले की सड़कें दुर्घटना मुक्त होवे। दुर्घटना की स्थिति में जीवन बचाना प्राथमिकता रहे। उन्होंने सुगम यातायात एवं दुर्घटना संभावित कारणों के लिए गठित समिति की रिपोर्ट की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर ने अधीक्षण अभियंता द्वारा बताई गई कार्य योजना के तहत फैटल एक्सीडेंट को प्रतिवर्ष 20% कम कर आगामी 5 वर्षों में शून्य करने के ओर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित ग्राम पंचायत के सरपंच/नगर निकायों के पार्षद द्वारा अवैध कट से दुर्घटना संबंधित जागरूकता हेतु प्रचार



प्रसार करने के लिए कहा ताकि स्थानीय स्तर पर ही आमजन के माध्यम से अवैध कट को पुनः खोलने वालों की सूचना प्रशासन तक पहुंच सके। उन्होंने नॉन पेचेबल सड़क के प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजने के निर्देश दिए जिस पर अधीक्षण अभियंता भूरी सिंह ने बताया कि जिले के नॉन पेचेबल सड़क के प्रस्ताव राज्य सरकार को भेज दिए गए हैं।

जिला कलेक्टर ने निर्देश दिये कि ब्लैक स्पॉट मार्गो पर अधिक साइन बोर्ड लगाकर यात्रियों को सजग करें ताकि ब्लैक स्पॉट पर दुर्घटनाओं को कम किया जा सके। उन्होंने खैरथल-तिजारा एवं भिवाड़ी के पुलिस अधिकारियों, पीडब्ल्यूडी अधिकारी एवं चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि दुर्घटना की सूचना आईआरएडी (इंटीग्रेटेड रोड एक्सीडेंट डाटाबेस) पर दर्ज करवाना सुनिश्चित कराये। उन्होंने डिप्टी सीएमएचओ को जिले के सभी अस्पतालों को आईआरएडी पर मैप करने के निर्देश दिए। उन्होंने गत वर्ष तथा इस वर्ष में आईआरएडी पर रजिस्टर्ड दुर्घटनाओं संख्याओं की समीक्षा कर सभी विभागों के संयुक्त प्रयास से आईआरएडी पर प्रत्येक दुर्घटना की एंट्री कराने के निर्देश दिए।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अतुल साहू ने भिवाड़ी से तिजारा के मध्य सड़क पर रंबल्ड स्ट्रिप लगाने की आवश्यकता बताई जिस पर जिला कलेक्टर ने रिडकोर, आरएसआरडीसी तथा पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को सड़कों से अवैध ब्रेकर हटाने, स्पीड ब्रेकर पर साइन मार्क लगाने तथा रंबल्ड स्ट्रिप लगाने हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग भूरी सिंह, डीसीएमएचओ पूरणमल मीणा, जिला शिक्षा अधिकारी शकुंतला मीणा, रिडकोर सहित परिवहन एवं आरएसआरडीसी के अधिकारी मौजूद रहे।

# देवराज हत्याकांड का खुलासा: तीन हत्यारोपित गिरफ्तार

## गढीश्याम के जंगल में हुई थी पशु अस्पताल कर्मचारी की हत्या, पुलिस ने दो तमंचे, कारतूस, घटना में प्रयुक्त बाइक भी की बरामद

■ गलत कागजात लगाकर सीआरपीएफ में नौकरी की शिकायत करने पर दिया गया हत्याकांड को अंजाम

एनपीटी संवाददाता

**शामली।** कांधला पुलिस ने पशु अस्पताल कर्मचारी देवराज हत्याकांड का खुलासा करते हुए तीन हत्यारोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने हत्यारोपितों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त तमंचे, कारतूस व एक बाइक भी बरामद की है। मृतक द्वारा गांव के ही एक युवक के पिता के खिलाफ गलत कागजात लगाकर सीआरपीएफ में भर्ती होने के संबंध में अधिकारियों से शिकायत करने के रंजिश के चलते हत्याकांड को अंजाम दिया गया था।



पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है।

मंगलवार को पुलिस लाइन में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए एसपी रामसेवक गौतम ने बताया कि 2 मार्च को कांधला क्षेत्र के गांव गढी श्याम के जंगल में पशु अस्पताल में कार्यरत देवराज पुत्र कर्म सिंह को गोली मार दी गयी थी, घायल देवराज को आनन फानन में अस्पताल ले जाया गया था जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी थी। सूचना पर पुलिस अधिकारियों ने भी मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली थी। घटना के संबंध में मृतक की पत्नी सोनिया ने कांधला थाने पर हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था।



मंगलवार को कांधला पुलिस ने हत्याकांड का खुलासा करते हुए तीन हत्यारोपितों मनजीत उर्फ निप्पल पुत्र मैनपाल, मनजीत पुत्र नेत्रपाल व अंकित पुत्र कालूराम निवासीगण गांव गढीश्याम थाना कांधला को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में मनजीत उर्फ निप्पल ने बताया कि उसके पिता मैनपाल सीआरपीएफ में अनसूचित जाति के कागजात लगाकर भर्ती हुए थे जबकि उनकी जाति गुर्जर है। इस बात की जानकारी देवराज को हो गयी थी और उसने सीआरपीएफ के अधिकारियों को इसकी शिकायत कर दी थी जिसकी जांच की जा रही है। इस प्रकरण के बाद मैनपाल की नौकरी जाने व फंड के रुपये व पेंशन मिलने की संभावना भी खत्म हो गयी थी। उसने व उसके परिवार वालों ने देवराज की काफी मिन्नतें भी की थी लेकिन देवराज मानने को तैयार नहीं था। इससे क्षुब्ध होकर उसने अपने दोस्तों मनजीत उर्फ सुमित व अंकित के साथ मिलकर देवराज की हत्या की साजिश रची और 2 मार्च को गढीश्याम से गंगेरू जाते समय गढीश्याम के जंगल में देवराज की गोली मारकर हत्या कर दी। एसपी ने बताया कि हत्यारोपितों के पास से घटना में प्रयुक्त दो तमंचे, कारतूस, खोखा व एक बाइक भी बरामद की गयी है।

# फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाकर संपत्ति हडपने का आरोप

## मृतक की पुत्री ने पडोसी पर लगाया आरोप, डीएम से लगाई जांच कराने की गुहार

एनपीटी संवाददाता

**शामली।** कस्बा बनत निवासी एक महिला ने एक व्यक्ति पर उसके पिता का फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाकर चल-अचल संपत्ति को हडपने व नगर पंचायत बनत के अधिशासी अधिकारी द्वारा उक्त व्यक्ति का सहयोग करते हुए फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनाए जाने का आरोप लगाते हुए डीएम से मामले की जांच कराने की मांग की है। जानकारी के अनुसार बनत के मौहल्ला प्रतापनगर निवासी पायल शर्मा ने कलेक्ट्रेट में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उसके मौहल्ले में रहने वाले एक व्यक्ति जो अब मेरठ के कंकरखेडा में रहता है, ने फर्जी तरीके से उसके पिता का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाकर चल-अचल संपत्ति हडप ली है जबकि उसके पिता पूरन सिंह शर्मा की मौत 20 अक्तूबर 2023 को गांव अम्बेहटी नकुड जनपद सहारनपुर में हृदय गति रुकने के कारण हुई थी। उसने इस संबंध में एक शिकायत पत्र मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी भेजा था जिसके जवाब में नगर पंचायत बनत द्वारा 21 फरवरी 2025 में झूठे शपथ पत्र दाखिल कर शिकायत का निस्तारण कर दिया गया। महिला ने आरोप लगाया कि इस प्रकरण में नगर पंचायत बनत के अधिशासी अधिकारी ने उक्त व्यक्ति का पूरा सहयोग किया तथा उसके पिता का झूठा मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कर दिया। पीडिता ने डीएम से नगर पंचायत बनत अधिशासी अधिकारी द्वारा बनाए गए फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र में संलग्न शपथ पत्र व फर्जी सूचना की पुलिस से जांच कराई जाए।

### पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप

शामली। क्षेत्र के करमूखेड़ी निवासी महिला ने अपनी भाभी व उसके सहयोगियों पर भाई की हत्या के मामले में कार्रवाई करने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार खेड़ीकरमू निवासी भारती ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उसके भाई यदपाल की उसकी पत्नी व उसके सहयोगियों ने हत्या कर दी थी। उन्होंने आरोपितों के खिलाफ उच्चाधिकारियों व पुलिस से शिकायत की थी लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गयी। भारती का आरोप है कि उक्त लोग अब उसे व उसके परिवार वालों को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। जंगल में चारा लाने के दौरान आरोपित उनके साथ गाली गलौच व धमकी देते हैं। मंगलवार की सुबह भी आरोपितों ने उनके घर में घुसकर गाली गलौच व धक्का मुक्की की। भारती ने पुलिस से आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

# उधार दिए गए लाखों के कपडों का पैसा मांगने पर मारपीट

**एनपीटी संवाददाता, कांधला।** कस्बे के मौहल्ला शेखजादगान निवासी कपड़ा व्यापारी ने अपने पड़ोसियों पर लाखों रुपयों का कपड़ा उधार खरीदकर रुपए ना देने और मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मौहल्ला शेखजादगान निवासी ताकि ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि उसने सर्दियों में गर्म कपड़ों का हॉल सेल का कार्य किया हुआ था। इसी के चलते इसके तीन पड़ोसियों ने पीड़ित व्यापारी से लगभग एक लाख रुपए का कपड़ा यह कहकर उधार खरीदा था कि उक्त तीनों पड़ोसी कपड़ों को बेचकर रुपया चुका देंगे। आरोप है कि उक्त तीनों ने कपड़ा बेच दिया और रुपया नहीं लौटा रहे है और बार बार मांगने पर आजकल कहकर टरका देते है। मंगलवार को पीड़ित ने आरोपियों से अपने रुपयों की मांग की तो आरोप है कि तीनों ने मिलकर गाली गलौज करते हुए पीड़ित के साथ मारपीट की है और कार्रवाई करने पर जान से मारने की धमकी दी है। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# डीएम-एसपी ने लिया शामली महोत्सव तैयारियों का जायजा

## महोत्सव में आने वाले लोगों की सुरक्षा व्यवस्था की ली जानकारी, अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश

**एनपीटी संवाददाता,**

**शामली।** शहर के वीवी पीजी में होने वाली शामली महोत्सव को लेकर जिला प्रशासन जोरों शोरों से तैयारियों में जुटा हुआ है, मंगलवार को डीएम अरविन्द कुमार चौहान व एसपी रामसेवक गौतम ने शामली महोत्सव स्थल का निरीक्षण किया तथा दिशा निर्देश दिए।

मंगलवार को डीएम व एसपी वीवी पीजी में 7 से 10 मार्च तक होने वाली शामली महोत्सव स्थल का निरीक्षण करने के लिए पहुंचे। डीएम ने महोत्सव में लोगों के आने जाने की व्यवस्था के साथ-साथ सुरक्षा व्यवस्था को भी देखा। डीएम ने अधिशासी अधिकारी को आयोजन स्थल पर साफ सफाई रखने के निर्देश दिए तथा सभी कार्य समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। डीएम ने बताया कि कार्यक्रम में




सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ स्कूल, कालेजों के छात्रों द्वारा प्रस्तुतियां दी जाएंगी इसके अलावा खाना खजाना में शामली व अन्य स्थानों के व्यंजन उपलब्ध होंगे। शापिंग स्आल्स पर विविध प्रकार की वस्तुएं बिक्री के लिए उपलब्ध होगी। उन्होंने बताया कि 28 फरवरी से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है जिसका उद्देश्य स्वच्छता और स्वास्थ्य को बढाना देना है। 7 मार्च को शामली स्वास्थ्य मार्च एक अनूठी प्लानिंग पहल महोत्सव की शुरूआत होगी जिसमें दौडते हुए कचरा उठाने की गतिविधि का आयोजन होगा जिसका नेतृत्व प्रसिद्ध फिटनेस प्रेमी व पर्यावरणविद् रिपुदमन बेल्वी करेंगे। 7 मार्च को शामली महोत्सव का शुभारंभ होगा जिसमें सचिन नामदेव, नृत्यांजलि फाउंडेशन, अतुल पंडित द्वारा प्रांजल दहिया की प्रस्तुति होगी। 8 मार्च की दोपहर स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम होगा, शाम जादूगर राकेश श्रीवास्तव व अन्य कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। 9 मार्च को स्कूली बच्चों द्वारा कार्यक्रम, लेजर शो, मोनाली ठाकुर ग्रैंड फिनाले का आयोजन होगा। 10 मार्च को स्कूलों को सम्मानित किया जाएगा। शाम के समय गीतांजलि ग्रुप द्वारा ब्रज की होली व कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर एडीएम संतोष कुमार सिंह, एएसपी संतोष कुमार सिंह, एआरटीओ रोहित राजपूत, सीओ सिटी अमरदीप मौर्य, अधिशासी अधिकारी भी मौजूद रहे।

# होली-रजमजान का पर्व आपसी सद्भाव, अमन चैन के साथ मनाया जाए-एसपी

एनपीटी संवाददाता

**चौसाना।** एसपी शामली राम सेवक गौतम की अध्यक्षता व पुलिस अपर अधीक्षक संतोष कुमार की उपस्थिति में चोसाना चौकी परिवार में आगामी त्यौहार को शांतिपूर्वक सम्पन्न कराये जाने हेतु संबंधित अधिकारियों, धर्मगुरूओं, मौलवी, मुअज्जिज लोगो,व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों,संभ्रांत नागरिकों के साथ पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक में एसपी शामली ने आगामी दिनो में होने वाले रमजान एवं होली के पर्व को क्षेत्र में शांति एवं सद्भाव के साथ मनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि सभी धर्मों के मतावलम्बियों को एक दूसरे का सम्मान करने के साथ ही भाई चारे की भावना के साथ पर्व मनाया जाना चाहिए। उपद्रव करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायें ।जिलाधिकारी ने कहा कि होलिका दहन, होली जुलूस हेतु जाने वाले आवागमन मार्गों का पूर्व निरीक्षण कर लिया जाये और मार्गों पर पड़ने वाली बाधाओं जैसे बिजली,टेलीफोन के तारों का लटकना, मार्गों पर गड्ढे होना, जलभराव होना आदि का पूर्व से निराकरण कर लिया जाये। फाल्ट ठीक करने के लिए कार्मिकों की



रोस्टरवार तैनाती की जाय। जिससे विद्युत फाल्ट समय से ठीक कराकर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करायी जा सके। सर्वजनिक मार्गों पर सड़को को अवरूद्ध कर कोई भी आयोजन नहीं किये जाये। अलविदा जुमा,ईद पर नमाज अदा किये जाने वाले मस्जिद,ईदगाह की सूची तैयार की जाए, प्रत्येक स्थल पर पर्याप्त पुलिस बल को तैनात किया जाये। अलविदा जुम्मा की नमाज ईद की नमाज के समय कतिपय मस्जिद,ईदगाह पर काफी संख्या में नमाजियों के एकत्र होने से भीड़-भाड़ व आवागमन को सुचारू बनाये रखने हेतु उन स्थानों पर पुलिस द्वारा पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी अवश्य लगाई जाये ।इस दौरान जिपं सदस्य कर्ण सिंह,पूर्व चैयरमैन नवाब सिंह,प्रधान हसन,सनोज चौधरी,बिल्ल प्रधान,अब्बास प्रधान,विजय सिंघल आदि मौजूद रहें।

# टक्कर से घायल मजदूर की उपचार के दौरान मौत

## परिजनों का जलालपुर बाईपास पर हंगामा, मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार व पुलिस

एनपीटी संवाददाता

**शामली।** आदर्श मंडी क्षेत्र के गांव समसपुर निवासी 50 वर्षीय गजेसिंह सोमवार की शाम बनत में मजदूरी कर साइकिल से वापस गांव लौट रहा था। जब वह बनत से आगे निकलकर जलालपुर बाईपास पर पहुंचा तभी पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी जिससे गजेसिंह गंभीर रूप से घायल हो गया था। राहगीरों की सूचना पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची तथा परिजनों को मामले की सूचना देते हुए गजेसिंह को जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां हालत गंभीर देखते हुए उसे हायर सेंटर के लिए रैफर कर दिया गया लेकिन देर रात उपचार के दौरान गजेसिंह ने दम तोड दिया



जिसके बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया। मंगलवार की सुबह मृतक के परिजनों व बडी संख्या में ग्रामीणों ने घटनास्थल पर पहुंचकर हंगामा शुरू कर दिया। सूचना मिलते ही आदर्श मंडी पुलिस व नायब तहसीलदार गौरव भी मौके पर पहुंचे तथा परिजनों को शांत करने का प्रयास किया लेकिन परिजन आरोपित वाहन चालक की गिरफ्तारी, मृतक के परिजनों को आर्थिक सहायता, जिस जगह हादसा हुआ वहां सीसीटीवी कैमरे व लाइट लगवाए जाने की मांग पर अड गए। नायब तहसीलदार ने परिजनों को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। बाद में मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

## होली और रमजान को लेकर पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

कैराना। आगामी पर्व होली और रमजान को देखते हुए,पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला। मंगलवार की शाम सीओ जितेंद्र सिंह व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बिजेन्द्र सिंह रावत ने फ्लैग मार्च थाना कोतवाली से शुरू किया। शामली बस स्टैंड, चौक बाजार से होते हुए जुड़वा कुआ, निर्मल चौराहा,जामा मस्जिद के सामने से गुजरकर मीना मार्किट से होते हुए वापस थाना कोतवाली पर समाप्त किया। इस दौरान चौकी प्रभारी किला गेट आनंद कुमार यादव,चौकी प्रभारी इमाम गेट अशोक कुमार समेत बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। सीओ जितेंद्र सिंह ने कहा कि होली, धुलेंडी और रमजान के मद्देनजर पुलिस पूरी तरह सतर्क है। फ्लैग मार्च का उद्देश्य नागरिकों में सुरक्षा की भावना पैदा करना है। पुलिस हर समय उनके साथ है।

## संक्षेप समाचार :

### भारतीय किसान संघ के स्थापना दिवस पर बैठक का आयोजन

कांधला। भारतीय किसान संघ की स्थापना दिवस के अवसर पर एक बैठक का आयोजन क्षेत्र के गांव रसूलपुर में किया गया। बैठक का की अध्यक्षता डॉक्टर दीप चंद और संचालन संघ के जिलामंत्री देशराज शर्मा ने किया। क्षेत्र के गांव रसूलपुर में बबीता देवी के आवास पर भारतीय किसान संघ के स्थापना दिवस के अवसर पर पदाधिकारियों और कार्यकताओं द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान संघ के संगठन मंत्री रामपाल सिंह ने संघ की स्थापना के उद्देश्य से अवगत कराते हुए कहा कि संघ किसान के



साथ कंधे से कंधा मिलकर हर समय तैयार खड़ा हुआ है। जिला मंत्री देशराज शर्मा ने कहा कि जनपद में सभी पदाधिकारी और कार्यकताओं की मेहनत से किसानों की समस्याओं का निस्तारण कराने के प्रयास किए जा रहे है। इस दौरान सोनू,विजयपाल, विश्वास, रामपाल, विनोद बिट्टू,कन्हैया अभिनंदन, तिरसपाल आदि मौजूद रहे।

### दो वाहन चोर गिरफ्तार चोरी की बाइक बरामद

शामली। शहर के मौहल्ला पंसारियान निवासी गुलबहार ने आदर्श मंडी थाने पर देव हास्पिटल के निकट से अपनी बाइक चोरी होने के संबंध में तहरीर दी थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी थी। मंगलवार को पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो वाहन चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की गयी बाइक भी बरामद कर ली है। पूछताछ में चोरों ने अपने नाम




कुलदीप पुत्र मुकेश व अमित पुत्र राजकुमार निवासीगण मौहल्ला हाफिज दोस्त थानाभवन बताए हैं।

### न्यारा पेट्रोल कंपनी के अधिकार में चौपाल

बिडौली, झिंझाना। मंगलवार को मेरठ करनाल हाईवे गांव सिंगारा स्थित लक्ष्मी पेट्रोल पंप पर नायरा कंपनी के अधिकारियों ने चौपाल लगाकर नेशनल सेफ्टी डे मनाया व ग्राहकों को ट्रांसपोर्ट कार्ड वितरित किए और ग्राहकों को कार्ड के फायदे गिनवाई कहां के ट्रांसपोर्ट कार्ड ग्राहकों को फायदा होगा जो भी ग्राहक कार्ड के जरिए डीजल या पेट्रोल लगेगा उन्हें भारी छूट दी जाएगी। मुख्य अतिथि अहमदगढ़ चौकी प्रभारी जितेंद्र त्यागी ने बताया की वहां से चलने वाले सभी को सेफ्टी से चलना चाहिए मोटरसाइकिल से चलने वाले सभी साथियों को हेलमेट लगाना चाहिए तथा गाड़ी से चलने वाले सभी को सीट बेल्ट लगानी चाहिए हम पुलिसकर्मी हमेशा यही कहते हैं की सेफ्टी जरूरी है अगर हम वाहनों का



चलन करते हैं तो यह हमारे लिए मजबूरी होती है क्योंकि यह हम वाहन स्वामियों से फाइन के तौर पर वसूलते हैं फाइन इसलिए लिया जाता है ताकि अगली बार वहां से चलने वाले सभी वाहन स्वामी अपना हेलमेट अपनी सीट बेल्ट लगा कर चले। इस मौके पर कंपनी के ओरिजिनल हेड संजय लोपरा जनरल हेड राजीव चौधरी स्टेट हैंड प्रदीप चौधरी लक्ष्मी पैट्रोल पंप मालिक वीरेन्द्र सरोहा रफा प्रधान इनाम चौधरी सिंगार व ट्रक ड्राइवर आदि मौजूद रहे।

### रमजान के तीसरे रोजे पर बाजारों में रौनक, फलों की खरीदारी

चौसाना, रमजान के तीसरे रोजे पर बाजारों में जबरदस्त चहल-पहल देखने को मिली। इफ्तार की तैयारियों के लिए फलों और किराना दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ उमड़ पड़ी। रोजेदार खजूर, सेब, तरबूज, खरबूजा, अनार और केले की खरीदारी करते नजर आए। दोपहर 3 बजे से ही बाजारों में रौनक बढ़ने लगी। रमजान के दौरान फलों और ठंडे पेय पदार्थों की मांग बढ़ जाती है, जिससे दुकानदार भी पूरी तैयारी के साथ नजर आए। इस दौरान गर्मी का असर भी दिखा, लेकिन रोजेदारों का उत्साह कम नहीं हुआ। रोजेदारों ने सहरी का वक्त 5:26 बजे पूरा कर तीसरा रोजा रखा। दिनभर तेज धूप के बावजूद लोगों ने सब्र और तकवा के साथ इबादत की। शाम होते ही घरों और मस्जिदों में इफ्तार की तैयारियां शुरू हो गईं। 6:24 बजे अजान के साथ रोजेदारों ने खजूर और पानी से रोजा अफ्तार किया और मगफिरत की दुआ मांगी। मुफ्ती आमिर




कासमी ने रमजान की अहमियत बताते हुए कहा कि यह महीना इबादत, सब्र और रहमतों का है। रोजे केवल भूखे-प्यासे रहने के लिए नहीं, बल्कि तकवा (परहेजगारी) और नेक अमल के लिए होते हैं। हदीस शरीफ में बताया गया है कि जो व्यक्ति अपने नौकर के बोझ को हल्का कर देगा, अल्लाह उसकी मगफिरत फरमाएंगे और उसे जहन्नम से निजात देंगे। उन्होंने कहा कि रमजान में हर नेकी का सवाब कई गुना बढ़ जाता है। इसलिए इस पाक महीने में ज्यादा से ज्यादा इबादत करनी चाहिए और गरीबों व जरूरतमंदों की खुलकर मदद करनी चाहिए। दुकानदारों के अनुसार, बाजारों में और अधिक भीड़ बढ़ेगी।

# रहमतों का महीना है रमजान: मौलाना इंतिजार

## अल्लाह के सबसे नजदीक महीना है पवित्र रमजान, रोजा रखना मुसलमान पर फर्ज ,मिलता है सबाब

एनपीटी संवाददाता

**झिंझाना।** मौलाना इंतिजार ने बताया कि रमजान का महीने में कुरआन के नुजूल के साथ शुरू हुआ। यह महीना अल्लाह के सबसे नजदीक महीना हैं।

माह-ए-रमजान वह मुबारक महीना है, जिसका जिक्र कुरआन-ए-मजीद ने अपने नुजूल (उतरने) के साथ किया है। इस महीने में कुरआन पाक की तिलावत की जाती हैं। रमजान का महीना हर महीने से बेहरत करार दिया गया है। रमजान उल मुबारक का मुकद्दस महीना इस्लामिक कैलेंडर का नौवां महीना है। हर साल इस माह में रोजा रखना मुसलमान पर फर्ज है।हदीस के मुताबिक इस मुबारक माह में जन्नत के दरवाजे खुल जाते हैं और शैतान को कैद कर दिया जाता है। अर्श से लेकर फर्श तक रहमतों की बारिश होती है। इस मुबारक माह का इंतजार इंसान बेसब्री से करता है। इस मुबारक महीने में रोजे रखने वालों को बेइंतहा सवाब मिलता है। जो मुसलमान अल्लाह ताबारक व तआला की इबादत कुराने पाक



की तिलावत करता है। उसके गुना ऐसे धुल जाते हैं। जैसे साफ पानी में गंदा कपड़ा दुलकर साफ हो जाता है अपने गुनाहों से तौबा करने का यह बेहतरीन वक्त है। यह महीना सुनाओ को नया करने की नसीहत देता है इंसान को अपने अमल अखलाक पर गौर करने का मौका देता है रमजान का यह आपका कॉल नहीं क्यों भर महीना इंसानी नफ़्स को काबू करने की तालीम देता है। साथ ही भूखों की भूख प्यासों की प्यास जानने की तालीम देकर इंसानी फर्ज की याद दिलाता है । रोजेदार मुसलमान पर खुदा की खुदावंदी और अपनी बंदगी का एहसास होना ही रमजान का मकसद है।



कारी आफताब हुसैन आमवाली - रमजान उल मुबारक का मकसद रूहानी पाकिजगी तकवा सबर और कुरबे इलाही हासिल करना है यह महीना मुसलमान को अल्लाह ताला के इबादत दुआ खैरात और दूसरों के साथ हमदर्दी का सबक देता है और रोजा रखने से इंसान में सबर शुक्र और जबते नफ़्स पैदा होता है जो उसे एक बेहतर इंसान बनने में मदद देता है हमारे मुल्क के बाशिन्दों के लिए रमजान का पैगाम यह है कि हम बाहमी मोहब्बत रवादारी और एसआर को फ्रूग दे गरीबों,यतीम और मोहताजों की मदद करें मुल्क में अमनो अमान इत्तिहाद कायम रखें। और हर तरह की नफरत और बदगुमानी से बचें रमजान हमें दूसरों की तकलीफ का एहसास दिलाता है और एक बेहतरीन और दयानतदार मोआशरा तस्किल देने की तरगीब देता है । रमजान उल मुबारक सिर्फ भूखा और प्यासा रहने का नाम नहीं बल्कि यह हमारे किरदार नियत, और रवैया, को संवारने का एक सुनहरा मौका है। यह महीना हमें सब्र शुक्र परहेज गारी भाईचारा और एहसास जिम्मेदारी का सबक देता है हमारे मुल्क के बाशिन्दों के लिए रमजान का सबसे बड़ा पैगाम यह है कि हम अपनी जिंदगीयों में सादगी और दयानतदारी को अपनाये रिश्वत झूठ ,जुल्म ,और नाइंसाफी से बचें। और एक ऐसा मुआशरा तस्किल दे जहां हर सख्स अमन मोहब्बत और इज्जत के साथ जिंदगी गुजार सके। यह महीना हमें याद दिलाता है कि अगर हम खुद को बेहतर बना ले तो हमारा मुल्क भी तरक्की करेगा हमें रोजे के साथ-साथ अपने आमाल को भी दुरुस्त करना चाहिए। ताकि हम सिर्फ रमजान के महीने में ही नहीं बल्कि पूरी जिंदगी नेकी और सच्चाई के रास्ते पर चल सके।

# राष्ट्रीय लोक अदालत की जागरूकता को निकाली रैली, जिला जज ने दिखाई हरी झंडी

**कैराना।** आगामी 8 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार वाहनों व जागरूकता रैली को जनपद न्यायाधीश ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह जागरूकता रैली पूरे जनपद में जाकर लोगों को लोक अदालत के आयोजन के प्रति जागरूक करेगी,जिससे ज्यादा से ज्यादा मामलों का निपटारा किया जा सके। मंगलवार की प्रातः जनपद न्यायाधीश विकास कुमार ने न्यायालय परिसर से राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार- प्रसार हेतु तीन पुलिस वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान समस्त न्यायिक अधिकारीगण व अधिवक्तागण उपस्थित रहे। बता दें कि आगामी 8 मार्च को न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है,जिसके



सफल आयोजन हेतु जागरूकता रैली निकाली गई है। जिससे राष्ट्रीय लोक अदालत में सम्मलित होकर वादकारी ज्यादा से ज्यादा अपने-अपने मामलों का निपटारा करा सकें। जनपद न्यायाधीश विकास कुमार ने बताया कि आगामी 8 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदलत की तैयारियां जोर शोर से जारी हैं। राष्ट्रीय लोक अदालत में कोर्ट में लंबित सभी आपराधिक सुलहनीय वाद, बैंक ऋण वाद, चेक बाउंस वाद, क्लेम,माप तौल,बाल श्रम व परिवारिक वाद आदि का निपटारा कराया जाएगा।

# भैंसों को सड़क पर बांधने पर लाठी-डंडों व धारदार हथियार से हमला

कैराना। कोतवाली क्षेत्र के गांव मुकुंदपुर निवासी दिलशाद ने कोतवाली पर दी तहरीर। आरोप है कि गांव के ही इरफान व अफसर प्रतिदिन उसके मकान के पास सड़क पर अपनी भैंसों को बांध देते हैं। जिस कारण हर समय वहां गोबर वह गंदगी पड़ी रहती है। जिस कारण उक्त लोगों से उसकी कहा सुनी भी हो गई थी। जिसके बाद उसने सूचना डॉयल 112 पुलिस को दी थी। जिसके बाद दोनों पक्षों का समझौता हो गया था। मंगलवार को दोपहर करीब 2 बजे वह अपने परिवार के लोगों के साथ अपने घर पर मौजूद था तभी उसके घर पर हाथों में लाठी डंडे में धारदार हथियार से लैस होकर इरफान,अफसर,नवाब,इमरान,सुहाना,शकीला घर में घुस आए और आते ही गालियां देने लगे। उक्त सभी ने भैंसों को रास्ते में बंधने को लेकर पुलिस से शिकायत करने पर उसके भाई फुरकान व भाभी जुलेखा पर लाठी-डंडों व धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। घटना में उसके भाई और भाभी को गंभीर चोटे आई हैं। उसने घटना की जानकारी डायल 112 पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को उपचार हेतु सरकारी अस्पताल कैराना में भर्ती कराया। जहां पर डॉक्टर ने दोनों की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

**आवश्यकता है**

**दैनिक नेशनल प्रेस टाइम्स** में शामली थानाभवन जलालाबाद झिंझाना चौसाना बिडौली गढ़ी पुख्ता एलम बनत आदि स्टेशनों पर रिपोर्टरो की आवश्यकता है इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें

**आदिल राणा**
जिला प्रभारी शामली
9082190000,9997173786

साहेबगंज में स्थापित होंगे यूनिवर्सिटी, रांची समेत खूंटी/गिरिडीह/ जमशेदपुर/ धनबाद/ देवघर व

# जामताड़ा को मेडिकल कॉलेज का सौगात, पाकुड़ का मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल की सपने उम्मीद से अधूरे



**एनपीटी, रांची**

झारखण्ड विधानसभा आम निर्वाचन - 2024 में बहुतमत से दुसरी दफा बने हेमन्त सरकार 2.0 पर राजमहल संसदीय क्षेत्र के छः विधानसभा क्षेत्र यानी महेशपुर, पाकुड़, लिट्टीपाड़ा, बरहेट, बोरीय व राजमहल विधानसभा क्षेत्र के आम- जनों में एक उत्कृष्ट पंक्ति उभर कर आया था कि शायद हेमन्त सरकार 2. 0 के विधानसभा बजटीय सत्र के दौरान पेश की जा रही वित्तीय वर्ष 2025- 26 के बजट में राजमहल संसदीय क्षेत्र के छः विधानसभा क्षेत्र के आम- जनों को कुछ मिले या न मिले जनहितार्थ में विविध स्वास्थ्य सेवा व्यवस्था की आयाम स्थापित करने हेतु मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल की सौगात जरुर होगा। मगर उम्मीद की आशाओं में सपने अधूरे ही रह गया। गौरतलब हो कि झारखण्ड की हेमन्त सरकार 2.0 के द्वारा पेश की गई पहला बजट पिछले वर्ष की तुलना में करीब 17 फिसदी अधिक है। वित्त मंत्री ने करीब एक लाख 45 हजार 400 करोड़ का वार्षिक ( वित्तीय वर्ष 2025-26) बजट पेश किया। वित्त मंत्री ने बाल बजट का भी एलान किया है। इसके लिए 9411.27 करोड़ का प्रविधान किया गया है। शिक्षा बजट में वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रारंभिक और माध्यमिक शिक्षा के लिए 15 हजार 198 करोड़ 35 लाख 30 हजार रुपये और उच्च एवं तकनीकी शिक्षा के लिए 2 हजार 409 करोड़ 20 लाख 96 हजार रुपये का बजट प्रस्तावित किया है। जबकि वित्तीय वर्ष 2025-26 में रांची सहित खूंटी, गिरिडीह, जमशेदपुर, धनबाद, देवघर और जामताड़ा में मेडिकल कॉलेज स्थापना का सौगात है। साथ ही बजट में जमशेदपुर, गुमला तथा साहिबगंज में नए विश्वविद्यालय की स्थापना करने का सौगात दी गई है। इसके अलावे राज्य में लॉ की पढ़ाई को बढ़ावा देने के लिए हजारीबाग, रांची, धनबाद, दुमका एवं पलामू में कुल 5 नये लॉ कॉलेजों की स्थापना का प्रस्ताव किया गया है। बजट में यह पेश किया गया है कि तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बोकारो और गोड्डा में नवनिर्मित सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेजों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 से पढ़ाई शुरू करने की कारवाई की जायेगी। इसके अलावे राज्य सरकार द्वारा रांची/खूंटी, जमशेदपुर, गुमला, साहेबगंज और गिरिडीह में भी इंजीनियरिंग कॉलेज स्थापित किए जा रहे हैं। इस साल का बजट शिक्षा क्षेत्र के लिए भी खास है, क्योंकि वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने राज्य में व्यावसायिक शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दो नए विश्वविद्यालय, कौशल विश्वविद्यालय और फिन-टेक विश्वविद्यालय की स्थापना का प्रस्ताव दिया है।

इसके साथ ही जमशेदपुर, पलामू, रांची, धनबाद, हजारीबाग और देवघर में स्कूल ऑफ बिजनेस एंड मास कम्युनिकेशन की भी स्थापना की जायेगी। यदि गौर करे तो भले ही राजमहल संसदीय क्षेत्र के छः विधानसभा क्षेत्र को उपचार व्यवस्था को मजबूत करने के ध्यानार्थ भले ही मेडिकल कॉलेज स्थापना की उल्लेख नहीं किया गया है। मगर राजमहल संसदीय क्षेत्र के साहेबगंज जिले में यूनिवर्सिटी समेत इंजीनियरिंग की पढ़ाई व्यवस्था स्थापित करने की पेशकश की गई है। लेकिन पाकुड़ जनता का मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल की सपने उम्मीद से अधूरे रह गया। वही हेमन्त सरकार 2.0 के द्वारा 3 मार्च 2025 को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बजट पेशकश पर गौर करे तो दाल और नमक वितरण के लिए 720 करोड़ का बजटीय उपबंध, प्रारंभिक एवं माध्यमिक शिक्षा के लिए 15198 करोड़ 35 लाख 30 हजार रुपए, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा के लिए 2409 करोड़ 20 लाख 96 हजार रुपए का प्रावधान, मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 में 13363 करोड़ 35 लाख रुपए का बजटीय उपबंध, ग्रामीण विकास के लिए 9841 करोड़ 41 लाख 61 हजार का बजट, जल संसाधन के लिए 779 करोड़ 20 लाख की योजना का प्रस्ताव,118 गोदाम के निर्माण का कार्य प्रस्तावित है जिस पर 259 करोड़ 52 लाख का बजटीय उपबंध, कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र के लिए 4587 करोड़ 66 लाख 24 हजार रुपए का बजट प्रस्तावित, पंचायती राज व्यवस्था के लिए 2144 करोड़ 78 लाख 14 हजार रुपए के बजट का प्रस्ताव, सिंचाई सुविधाओं और सिंचाई क्षमता के विस्तार के लिए 2257 करोड़ 45 लाख 55 हजार का बजट, जल संसाधन के लिए 779 करोड़ 20 लाख की योजना का प्रस्ताव, ग्रामीण विकास के लिए 9841 करोड़ 41 लाख 61 हजार का बजट, बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लिए 350 करोड़ का बजटीय उपबंध। महिलाओं, बच्चों और सामाजिक सुरक्षा के लिए 22 हजार 23 करोड़ 33 लाख 85 हजार रुपए का बजट, मुख्यमंत्री सर्वजन पेंशन योजना के लिए 3,850.66 करोड़ का बजटीय उपबंध, इससे करीब 34 लाख लाभार्थी अच्छादित होंगे। 2500 आंगनबाड़ी केन्द्र भवनों के निर्माण का लक्ष्य। मुख्यमंत्री उज्जवल झारखंड योजना के तहत 500 करोड़ के बजट का प्रस्ताव, स्वास्थ्य सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए 7470 करोड़ 50 लाख 86 हजार रुपए के बजट का प्रावधान, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के लिए 4710 करोड़ 2 लाख 56 हजार रुपए के बजट का प्रावधान किया गया है। जबकि 200 यूनिट प्रतिमाह मुफ्त बिजली के लिए 5005 करोड़ 9 लाख रुपए का प्रस्ताव, ग्रामीण कार्य विभाग के लिए 4576 करोड़ 30 लाख 73000 का बजट प्रस्ताव, पथ निर्माण विभाग के लिए 5900 करोड़ 89 लाख 28 हजार रुपए का बजट, वन विभाग के लिए 1381 करोड़ 99 लाख 30 हजार रुपए का बजट। श्रम, नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के लिए 1085 करोड़ 74 लाख 46 हजार के बजट का प्रस्ताव, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के लिए 3384 करोड़ 45 लाख 97 हजार रुपए का बजट। धोती साड़ी लूंगी वितरण योजना के तहत 600 करोड़ रुपए का बजटीय उपबंध, खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग के लिए 2663 करोड़ 49 लाख 22 हजार रुपए के बजट का प्रस्ताव शामिल।

# तनवीर आलम ने की कार्यकताओं से मुलाकात, दिया निर्देश



**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव सह-कांग्रेस के युवा नेता मंगलवार को पाकुड़ का दौरा किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यालय में उपस्थित आम- जनों सहित कांग्रेसी कार्यकर्ता से मुलाकात कर उनकी समस्याओं से रूबरू हुए। तत्पश्चात उपस्थित आम-जनों समेत कांग्रेसी कार्यकताओं के समस्याओं के निष्पादन हेतु भरोसा दिलाते हुए कहा कि साझा की गई समस्याओं को यथाशीघ्र सम्बन्धित विभाग से करा दी जायेगी। वही तनवीर आलम ने कार्यकताओं से कहा कि झारखण्ड सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम-जनों को दिलाने में अपनी भूमिका सुनिश्चित करें, ताकि लोग सरकारी लाभ से वंचित न रहे। इस दौरान कांग्रेस के पाकुड़ प्रखण्ड अध्यक्ष मानसारुल हक, मुख्तार हुसैन, पियारुल इसलाम, शाहीन परवेज, तस्लीम आरीफ उर्फ बुलेट, मिजार्हान शेख, अतिउर रहमान, बेलाल शेख, नसीम आलम, अंसारुल हक , रामविलास महतो समेत काफी संख्या में कार्यकताओं मौजूद थे।

# पंचायत सचिव तेतु राय ने संभाला बीपीआरओ का कार्यभार



**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), पंचायत सचिव तेतु राय ने पाकुड़ प्रखण्ड का बीपीआरओ का कार्यभार संभाल लिया है। दरअसल पाकुड़ प्रखण्ड क्षेत्रान्तर्गत पंचायत दादपुर व किस्मतकदमसार के पंचायत सचिव तेतु राय को एक और अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। पाकुड़ प्रखण्ड पंचायत राज पदाधिकारी ओम प्रकाश सिंह के सेवानिवृत्त होने के पश्चात चेंगाडांगा के पंचायत सचिव सुकुमार ठाकुर को पाकुड़ प्रखण्ड की बीपीआरओ का प्रभार सौंपा गया था। मगर महज एक महिना के अन्तराल अवधि में ही वे भी सेवानिवृत्त हो गये। जिससे पाकुड़ बीपीआरओ का पद रिक्त हो गया था। मगर विभाग द्वारा किस्मतकदमसार के पंचायत सचिव तेतु राय को पाकुड़ प्रखण्ड का पंचायत राज पदाधिकारी का कार्यभार सौंपा गया है।

# जनता दरबार पहुंचे लोगों के मामलों पर अपर समाहर्ता ने की सुनवाई



**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में मंगलवार को उपायुक्त मनीष कुमार के निर्देश पर अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन ने आयोजित जनता दरबार में आम जनता से जुड़ी समस्याओं पर क्रमवार सुनवाई की।

अपर समाहर्ता ने सम्बन्धित विभागों के पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को अग्रसारित करते हुए अविलंब जांच कर जल्द समाधान करने का निर्देश दिया।

जनता दरबार में शिक्षक बहाली से सम्बन्धित, स्वास्थ्य सहायता से सम्बन्धित एवं आपूर्ति विभाग से आदि से सम्बन्धित आवेदन प्राप्त हुए थे।

# पाकुड़ बीडीओ ने की 15 वें वित्त एवं पंचायती राज अन्तर्गत चल रहे कार्यों की समीक्षा



**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ प्रखण्ड विकास पदाधिकारी समीर अल्फ्रेड मुर्मू की अध्यक्षता में 15 वें वित्त एवं पंचायती राज अन्तर्गत चल रहे कार्यों की समीक्षात्मक बैठक आयोजित हुई। बैठक में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी समीर अल्फ्रेड मुर्मू ने 15 वें वित्त आयोग अन्तर्गत व्यय राशि की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। ग्राम पंचायत में संचालित योजनाओं का उपयोगिता प्रमाण पत्र, आदर्श पंचायत सचिवालय, बायोमैट्रिक उपस्थिति, ग्राम पंचायत विकास अभियान 2024 अन्तर्गत वीएलई द्वारा योजनाओं के प्रविष्टि की स्थिति, पंचायत ज्ञान केन्द्र के अधिष्ठापन की स्थिति, पंचायत में संधारित विभिन्न ?रोकड़ बही की अद्यतन स्थिति, चापाकल एवं स्ट्रीट लाइट की मरम्मति, विद्यालय/ आंगनबाड़ी केन्द्रों में हैंडवाश यूनिट का निर्माण, विद्यालय/ आंगनबाड़ी केन्द्र/ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में ?क्रियाशील शौचालय की उपलब्धता, विद्यालय/ आंगनबाड़ी केन्द्रों में वाटर फिल्टर का अधिष्ठापन, रॉयल्टी/डीएमएफटी/लेबर सेस, ऑडिट फी का भुगतान एवं भारतनेट रिचार्ज से सम्बन्धित कार्यों की प्रगति की जानकारी ली और सम्बन्धित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। उक्त बैठक में प्रखण्ड पंचायत राज पदाधिकारी, प्रखण्ड समन्वयक, पंचायत राज स्वशासन परिषद, सहायक अभियंता, सभी कनीय अभियंता, सभी पंचायत सचिव एवं अन्य उपस्थित थे।

# अजीजुल ईस्लाम एवं समाद अली ने की पंकज मिश्रा से मुलाकात



**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ जिले के झामुमो जिलाध्यक्ष अजीजुल ईस्लाम, जिला उपाध्यक्ष हाजी समद अली ने झामुमो के केन्द्रीय सचिव पंकज मिश्रा के साहिबगंज स्थित आवासीय कार्यालय पहुंचकर पुष्पगुच्छ देकर व शॉल ओढ़ाकर पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष दिशोम गुरु शिबू सोरेन, कार्यकारी अध्यक्ष सह- राज्य के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन केन्द्रीय सचिव पंकज मिश्रा सहित पार्टी के केन्द्रीय नेतृत्व के प्रति आभार जताया। इस दौरान झामुमो जिलाध्यक्ष अजीजुल ईस्लाम के नेतृत्व में झामुमो जिला सचिव माईकल मुर्मू सहित जिले के सभी छह प्रखण्डो के नवगठित प्रखण्ड कमिटी के पदाधिकारियों ने भी बुके देकर आभार प्रकट किया।

# हाजीकुल आलम समाजवादी पार्टी के दो दिवसीय कार्यशाला में की शिरकत

**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़, समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष हाजीकुल आलम ने रांची स्थित पुराना विधानसभा सभागार में पार्टी के दो दिवसीय कार्यशाला में शिरकत की। ज्ञात हो कि समाजवादी पार्टी झारखण्ड में अपने संगठन विस्तार को धार देने के लिए सांसद मोहिबुल्लाह नदवी, सांसद राजीव रॉय, सांसद आदित्य यादव की उपस्थिति में दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित किया गया। उक्त कार्यशाला में सांसद आदित्य यादव ने झारखण्ड में पार्टी विस्तार के टिप्स दिए, साथ ही सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने सभी प्रखण्ड़ों, पंचायतों में सभी वर्गों को पार्टी से जोड़ने का आह्वान किया। संसद राजीव रॉय ने समाजवादी पार्टी को केन्द्रीय विकल्प के रूप में पेश करते हुए कहा कि इसमें झारखण्ड का योगदान अपेक्षित है। कार्यशाला के समापन के बाद उत्साह से लवरेज पाकुड़ जिलाध्यक्ष और पाकुड़िया प्रखण्ड अध्यक्ष ने कहा कि आने वाले दिनों में झारखण्ड में समाजवादी पार्टी के विधायक और सांसद जनता के सामने जनमत से तैयार हो जायेंगे।

# डीजीपी 6 मार्च को लेंगे आईजी डीआईजी व एसपी की बैठक



झारखण्ड डीजीपी अनुराग गुप्ता एक्शन में हैं। कानून व्यवस्था व भ्रष्टाचार के मुद्दे पर लगातार मानिटरिंग कर रहे हैं। इस बीच 6 मार्च को डीजीपी बड़ी बैठक लेने वाले हैं। होली के पहले हो रही इस बैठक में होली पर लॉ एंड आर्डर का मुद्दा तो होगा ही, मुख्य रूप से बच्चों और महिलाओं के साथ हो रहे अपराधों की समीक्षा की जा सकती है। आगामी 6 मार्च की इस बैठक में रेंज डीआईजी, जोनल आईजी, एसएसपी और जिले के पुलिस अधीक्षक शामिल होंगे। वही इसके अलावे यह समीक्षा की जायेगी कि बीएनएस की 61 धाराओं के तहत अब तक थाना स्तर में महिलाओं और बच्चों के मामलों में क्या कारवाई की गई है। ऐसे में अगर कोई अधिकारी मामले में लापरवाही कर रहे होंगे तो उनके खिलाफ भी कारवाई हो सकती है। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य राज्य में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों को लेकर कदम उठाना है और जो भी मामले लंबित है, उनपर शीघ्र कारवाई सुनिश्चित करना है। डीजीपी इस दौरान आईजी और डीआईजी को नयी जवाबदेही पर सौंप सकते हैं। इससे पहले डीजीपी अनुराग गुप्ता ने जोनल आईजी और रेंज डीआईजी को निर्देश देते हुए कहा था कि सभी 61 धाराओं के तहत दर्ज कांड में अनुसंधान की स्थिति और तीन महीने से ज्यादा समय से लंबित सुपरविजन के लिए केस की स्टेटस रिपोर्ट मांगी है।

# आन्दोलन को होंगे मजबूर- शेरशाहबादी संगठन

## शेरशाहबादी जाति प्रमाण पत्र अविलंब करे निर्गत,

**एनपीटी ब्यूरो**

शेरशाहबादी जाती प्रमाण पत्र समय अवधि ने मिलने को लेकर आवेदन कताओं में नाराजगी जगजाहिर। वही शेरशाहबादी जाति प्रमाण पत्र के लिए आवेदन कत्ताओं साझा करते हुए बताया कि विगत 16 दिसंबर 2024 को शेरशाहबादी जाति प्रमाण पत्र के लिए आवेदन अंचल अधिकारी के समक्ष किया गया था। अंचल अधिकारी के आदेश के उपरांत प्रक्रिया अनुसार हल्का कर्मचारी द्वारा अपना स्थानीय जांच तथा ग्राम सभा करके अपना रिपोर्ट अंचल निरीक्षक को जमा कर चुके हैं तथा अंचल निरीक्षक ने भी अपना मंतव्य अंचल अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर चुके हैं' परन्तु अंचल कार्यालय द्वारा अभी तक उपरोक्त आवेदनों का नियमानुसार शेरशाहबादी जाति प्रमाण पत्र नहीं किया गया। साथ ही कहा कि जब हम आवेदक इसकी जानकारी लेने की कोशिश करते हैं तो अंचल कार्यालय में अनुपस्थित पाया जाता है और आज भी घंटो प्रतीक्षा के बाद भी वार्ता न होने से आक्रोशित संगठन के सदस्य ने चेतावनी देते हुए कहा यदि लंबित शेरशाहबादी जाति के आवेदनों का निष्पादन जल्द नहीं हुआ तो अंचल कार्यालय में तालाबंदी या सड़क जाम करने पर मजबूर होंगे

। ज्ञात हो कि अपर समहर्ता साहिबगंज द्वारा 24 सितंबर 2024 को आदेश जारी किया गया था। इसी के आलोक मे 16 दिसंबर को आवेदन समर्पित किया गया था। मौके पर संगठन के सदस्य अजमाइल हक, इस्तियाक अलम, अशरफ हुसैन, शाहिन, शकिल अहमद, तोफाइल, अब्दुर रहमान, इसार अहमद, अशदग, अतिकुर, परवेज, मुस्ताफिजुर, तौअब, मनिरूल, नूर अलम आदि मौजूद थे।

# रहसपुर पंचायत भवन में आनंद प्रकाश की अध्यक्षता में हुई बैठक

पाकुड़ (झा०खं०), बीते मंगलवार को प्रखण्ड समन्वयक, पंचायत राज स्वशासन परिषद आनंद प्रकाश द्वारा पाकुड़ प्रखण्ड के रहसपुर ग्राम पंचायत के सचिवालय भवन का निरीक्षण कर मुखिया, उप मुखिया एवं वार्ड सदस्यों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। बैठक में पंचायत राज स्वशासन परिषद आनंद प्रकाश ने ग्राम पंचायत के स्थायी समिति एवं ग्राम पंचायत समन्वय समिति की हर माह बैठक करने का निर्देश दिया। ग्राम पंचायत विकास योजना हेतु तैयार वार्षिक कार्य योजना को वीएलई के माध्यम से पंचायत भवन से ही प्रविष्टि कराना सुनिश्चित करे। मुखिया एवं पंचायत सचिव अपना डीएससी अपने पास रखे एवं पंचायत भवन में अपनी उपस्थिति में योजनाओं में भुगतान करावें। साथ ही पंचायत सचिवालय सुदृढ़ीकरण योजना से पंचायत सचिवालय को सुदृढ़ करने का निर्देश दिया गया। पंचायत सचिव पंचायत सचिवालय से नियमित रूप से बायोमैट्रिक उपस्थिति दर्ज करे। पंचायत में क्रियान्वित योजनाओं के लंबित उपयोगिता प्रमाण पत्र को अविलंब जमा करने का निर्देश दिया गया।

### आईटीएस मोहन नगर गाज़ियाबाद (यूजी कैंपस) मे

# बीबीए एवं बीसीए पाठ्यक्रम के पुरातन छात्रों का एलुमनाई रीयूनियन - 2025 का हुआ भव्य आयोजन

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो



गाजियाबाद। आई.टी.एस. मोहन नगर, गाज़ियाबाद (यूजी कैंपस) द्वारा बीबीए एवं बीसीए पाठ्यक्रम के पुरातन छात्रों का एलुमनाई रीयूनियन - 2025 का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। इस आयोजन में बीबीए एवं बीसीए पाठ्यक्रम के 2012 से 2019 के मध्य संस्था से अपना पाठ्यक्रम पूर्ण करने वाले 250 से भी अधिक पुरातन छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समारोह का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। आईटीएस गाज़ियाबाद के निदेशक (आई.टी. एवं यूजी) डॉ. सुनील कुमार पांडेय, आईटीएस (यूजी) परिसर की उपप्राचार्या डॉ. नैंसी शर्मा, एलुमनाई रीयूनियन की आयोजन समिति के सदस्यगण डॉ विदुषी सिंह, प्रो. आदिल खान, प्रो. कनिका टंडन, डॉ नीरज कुमार जैन, प्रो. उत्तम शर्मा, प्रो. अमित शर्मा, प्रो. बरखा कक्कड़, प्रो. श्रेयता राज के साथ वरिष्ठ पुरातन छात्रगण उपस्थित थे। कार्यक्रम में आईटीएस द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ. आर.पी.चड्ढा एवं वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने अपने सन्देश में पुरातन छात्रों के उत्साहपूर्वक भाग लेने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनायें दीं। उन्होंने अपने सन्देश में कहा कि किसी संस्था की विशिष्टता उस संस्था के पुरातन छात्रों की स्थिति पर निर्भर करती है एवं जिस प्रकार हारे छात्रों ने विश्वपटल पर अपने नाम अंकित करवा रहे हैं। सभी उपस्थित पुरातन छात्रों का स्वागत करते हुए आईटीएस गाज़ियाबाद के निदेशक (आई.टी. एवं यूजी) डॉ. सुनील कुमार पांडेय ने कहा की अपने पुरातन छात्रों को संस्था में वापस लौटकर आते हुए देखना संस्था एवं सभी शिक्षकों के लिए बहुत भावनात्मक पल होता है। उन्होंने कहा की पुरातन छात्र के रूप में सभी का स्वागत करना एक विशिष्ट अनुभूति प्रदान करने वाला है एवं एलुम्नाई रीयूनियन का यह अवसर सभी को संस्था में एक साथ व्यतीत किये हुए 3 वर्षों के अपने पुराने दिनों को याद कर अपने पुराने मित्रों से मिलते है। डॉ. पांडेय ने कहा की आपके साथ बिताए गए पल, संघर्ष और आपके साथ हासिल की गई सफलताएं ये सभी हमारे लिए अनमोल हैं। आई.टी.एस (यूजी) परिसर की उपप्राचार्या - डॉ नैंसी शर्मा ने अपने सम्बोधन में पुरातन छात्रों का स्वागत करते हुए कहा की पुरातन छात्रों की शिक्षा और उनके अपने जीवन के अनुभवों ने आपको जिस मुकाम पर पहुंचाया है, हमें उस पर गर्व है। उन्होंने कहा की हम आपकी सफलता के लिए आपको बधाई देते हैं और आपके साथ जुड़े रहने की आशा करते हैं। कार्यक्रम में वर्तमान छात्रों के द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक प्रस्तुतियों जिसमें गणेश वंदना के साथ साथ भाव विभोर कर देने वाली नृत्य प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया। इसके पश्च यूजी कैंपस के छात्रों के द्वारा बैंड परफॉरमेंस एवं गायन की प्रस्तुति ने सभी लोगों को बहुत प्रभावित किया। अनेक प्रकार के गेम्स का भी आयोजन किया गया जिसमें विशेष रूप से पुरातन छात्रों एवं उनके परिवार के सदस्यों के लिए तम्बोला, म्यूजिकल चेयर, कपल गेम्स इत्यादि का आयोजन किया गया। इन सभी क्रियाकपों में 250 से भी अधिक उपस्थित पुरातन छात्रों उनके परिवार के सदस्यों ने बहुत उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की समाप्ति पर पुरातन छात्रों को स्मृतिचिन्ह प्रदान कर विदा किया गया। सभी उपस्थित पुरातन छात्रों ने इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए संस्था के प्रबंधन एवं सभी शिक्षकों का धन्यवाद किया।

ज्ञातव्य हो कि आई.टी.एस. मोहन नगर गाज़ियाबाद (यूजी कैंपस) अपने मजबूत एवं विशिष्ट पुरातन छात्रों के नेटवर्क एवं संस्था के प्रगति में उनके सक्रिय योगदान के लिए पूरे क्षेत्र में प्रसिद्ध है। संस्था के पुरातन छात्र आज पूरे विश्व में अग्रणी मल्टीनेशनल संस्थानों में अपनी प्रभावी उपस्थित से न केवल संस्था के प्रतिनिधि के रूप में बल्कि देश के विकास में अपना योगदान सुनिश्चित करते हुए योग्य नागरिक भी बने हुए हैं। इस अवसर पर आई.टी.एस (यूजी) परिसर के सभी संकाय सदस्यगण उपथित रहे।

# मुल्तानीमल मोदी कॉलेज के एनएसएस विशेष शिविर के छठे दिन हुआ सामाजिक जागरूकता और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो



मुल्तानीमल मोदी कॉलेज, मोदीनगर की राष्ट्रीय सेवा योजना (ठरर) की चारों इकाइयों के सात दिवसीय विशेष शिविर के छठे दिन विभिन्न सामाजिक जागरूकता कार्यक्रमों और सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया।

सुबह 8 बजे स्वयंसेवकों ने कैंप कार्यालय की साफ-सफाई की और उसके बाद शारीरिक अभ्यास में भाग लिया, जिसमें ठउउ की परेड अभ्यास भी शामिल थी। राष्ट्रगान के साथ दिन की औपचारिक शुरूआत हुई। सभी इकाइयों के स्वयंसेवकों ने अपने-अपने शिविर स्थलों की ओर रैली निकालकर सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया। रैली के दौरान स्वयंसेवकों ने विभिन्न सामाजिक विषयों पर आधारित नुक्कड़ नाटकों का प्रभावशाली मंचन किया। इसके माध्यम से ग्रामीणों को स्वच्छता, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

इसके पश्चात सभी स्वयंसेवक कैंप कार्यालय, प्राथमिक विद्यालय गदाना में एकत्रित हुए और सामूहिक रूप से भोजन किया। भोजन वितरण में स्वयंसेवकों ने अतिथियों और कार्यक्रम अधिकारियों को भी भोजन कराया।

**ऐतिहासिक समझौता (टङ्ग्व) पर सहमति**

दोपहर के सत्र में आयोजित बौद्धिक कार्यक्रम में नगरपालिका मोदीनगर के चेयरमैन श्री विनोद कुमार वैशाली, जिला सहकारी बैंक गाजियाबाद के चेयरमैन श्री कृष्णवीर चौधरी, ग्राम प्रधान श्री राजू चौधरी, तथा महाविद्यालय से डॉ. राजपाल त्यागी, डॉ. अनुज, डॉ. अरुण पाल, डॉ. सौरभ पाल और डॉ. योगेश उपस्थित रहे।

इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना (ठरर), कंपोजिट विद्यालय गदाना और नगरपालिका मोदीनगर के बीच एक ऐतिहासिक समझौता (टङ्ग्व) हुआ, जिसके अंतर्गत विद्यालय को ₹मॉडल स्कूल₹ के रूप में विकसित करने पर सहमति बनी।

कार्यक्रम के दौरान कंपोजिट विद्यालय के विद्यार्थियों और एनएसएस स्वयंसेवकों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिनमें लोकनृत्य, गायन और सामाजिक मुद्दों पर आधारित प्रस्तुतियाँ शामिल थीं।

इस अवसर पर कंपोजिट विद्यालय की प्रधानाचार्या महोदया का विशेष आभार व्यक्त किया गया, जिन्होंने विद्यालय में कार्यक्रम की व्यवस्था और सहयोग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन ने की 8 वे निःशुल्क बुक एक्सचेंज मेला लगाने की घोषणा

### जीपीए के बुक एक्सचेंज मेले के पहले चरण की शुरूआत 22 एवं 23 मार्च को शास्त्रीनगर से



नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन हर साल अभिभावकों को कॉपी किताबों के नाम पर प्राइवेट स्कूलों द्वारा की जा रही अंधाधुंध लुट से राहत दिलाने और कॉपी किताब की प्रिंटिंग के नाम पर देश में लाखों पेड़ो को कटने से बचाकर पर्यावरण को सुरक्षित करने के लिए हर साल निःशुल्क बुक एक्सचेंज मेले का आयोजन करती है पुस्तक एक्सचेंज मेला लगाने की प्रक्रिया पिछले 8 साल से चल रही जिसमें हजारों अभिभावक शामिल होकर जहा आपस में किताब कॉपी ड्रेस एक दूसरे से एक्सचेंज करते है वहीं प्रतियोगिता परीक्षाओं की पुस्तके भी जरूरतमंद छात्रों तक इस मेले के माध्यम से पहुंचती है इस मेले की सबसे अहम बात यह की ये पुस्तक मेला अभिभावकों के लिए एक दम निःशुल्क होता है जीपीए के शास्त्रीनगर स्थित कार्यालय में सीमा त्यागी की अध्यक्षता में हुई मीटिंग में निर्णय लिया गया कि बुक एक्सचेंज मेले का पहला चरण 22 एवं 23 मार्च को शास्त्रीनगर के लाल बहादुर शास्त्री हाकी स्टेडियम में सुबह 10 बजे से आयोजित किया जाएगा जबकि दूसरा चरण 30 मार्च को यॉर्क ग्राउंड, करकर मोड, राधा कुंज ,डेल्टा कालोनी में सुबह 9 बजे से आयोजित किया जाएगा ।

जीपीए ने जहा अभिभावकों से अपील की है वो इस निःशुल्क पुस्तक एक्सचेंज मेले में ज्यादा संख्या में पहुंचकर लाभ उठाए वही अन्य संगठन भी अपने अपने क्षेत्रों में इस बुक एक्सचेंज मेले को लगाकर इस अनूठी मुहिम में को आगे बढ़ाए । इस मौके पर अनिल सिंह, पवन शर्मा, कौशलेंद्र सिंह ,साधना सिंह, नवीन राठौर , कौशल ठाकुर, धर्मेंद्र यादव, विवेक त्यागी आदि मौजूद रहे

# स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा का अनावरण गायत्री वाटिका में किया

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

8 मार्च को भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह जी की प्रतिमा का अनावरण परासौली बस स्टैंड के निकट गांव जौला के पास गायत्री वाटिका में किया जाएगा

राष्ट्रीय लोक दल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय महासचिव विजय कुमार कौशिक ने बताया कि हमारे नेता राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री माननीय



जयंत चौधरी जी एवं उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव जी के द्वारा स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह जी की मूर्ति का अनावरण किया जाएगा

# पहले नगर निगम, फिर तहसीलदार ने किसान के नाम चढ़ा दी भूमि

गाजियाबाद। सिहानी के नंदग्राम में बंजर भूमि को पहले तहसीलदार और एसडीएम ने नगर निगम की घोषित कर दी। इसके कुछ समय बाद उन्होंने ही इसी भूमि को किसान की बता दी। अब दोनों कागज को लेकर किसान और नगर निगम में ठन गई है।

महापौर सुनीता दयाल का कहना है कि नगर निगम की जिस भूमि को किसान की बताई गई है। वह अभिलेखों में भी नगर निगम के नाम ही है। कहां से क्या गड़बड़ी हुई है। इसके लिए जिलाधिकारी को पत्र लिखकर मामले की जांच करवाई जाएगी। अभी

नंदग्राम की उसी भूमि पर किसान द्वारा प्लाट काटकर बेचा जा रहा है। महापौर ने नगर निगम के अधिकारियों को कार्य रुकवाने और दोबारा भूमि पैमाइश का आदेश दिया है।

दरअसल, सिहानी के नंदग्राम में खसरा संख्या 36 में नगर निगम की लगभग 0.990 हेक्टेयर लगभग 10 बीघे भूमि है। इसपर नगर निगम के अधिकारियों द्वारा बोर्ड भी लगाया गया है, लेकिन इसी भूमि को कागजों में तहसील के कर्मचारियों ने किसान की बता दी। इसके बाद किसान द्वारा उक्त भूमि की मेड़बंदी भी कर दी गई। इसी भूमि में से कुछ हिस्से में किसान द्वारा निर्माण कार्य भी कराया

जा रहा है। इस संदर्भ में तहसीलदार रविकुमार सिंह ने बताया कि नगर निगम की भूमि को किसान के नाम दर्ज नहीं किया गया है। भूमि का चिह्नांकन न होने के कारण कागज को गलत रूप से प्रस्तुत किया जा रहा है। नगर निगम के अधिकारियों को मौके पर बुलाकर दोबारा पैमाइश के लिए पत्र लिखा जाएगा।

# एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी को 'उच्च शिक्षा में विश्वविद्यालय उत्कृष्टता' पुरस्कार से सम्मानित किया



नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी को 'उच्च शिक्षा में विश्वविद्यालय उत्कृष्टता' पुरस्कार से सम्मानित किया गया

एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी को प्रतिष्ठित 'उच्च शिक्षा में विश्वविद्यालय उत्कृष्टता' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान 'मातृभूमि का गौरव' कार्यक्रम में प्रदान किया गया, जिसका आयोजन ठएहर 18 (उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड) द्वारा होटल ताज महल, लखनऊ में किया गया। इस भव्य समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त संस्थानों और संगठनों को सम्मानित किया गया।

यह पुरस्कार महेन्द्र अग्रवाल , चांसलर, एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के सानिध्य में कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रसन्नजीत कुमार द्वारा प्राप्त किया गया, जो उच्च शिक्षा, शैक्षणिक उत्कृष्टता और नवीन शिक्षण पद्धतियों में विश्वविद्यालय के योगदान को मान्यता प्रदान करता है। यह सम्मान विश्वविद्यालय की गुणवत्ता शिक्षा और भविष्य के नेताओं को तैयार करने की प्रतिबद्धता को पुनः स्थापित करता है।

इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों और संगठनों ने भाग लिया। इस समारोह के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक थे, जिन्होंने अपने गरिमामयी उपस्थिति से इस आयोजन की शोभा बढ़ाई। एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी की इस उपलब्धि ने अकादमिक उत्कृष्टता, अनुसंधान में प्रगति और समग्र छात्र विकास की दिशा में किए गए प्रयासों को उजागर किया।

अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हुए, प्रो. (डॉ.) प्रसन्नजीत कुमार ने कहा, ह्लयह पुरस्कार हमारे संकाय, छात्रों और कर्मचारियों के अथक प्रयासों का प्रमाण है, जिन्होंने शिक्षा के उच्चतम मानकों को बनाए रखा है। हम विश्व स्तरीय शिक्षण अनुभव प्रदान करने और शिक्षा जगत में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी नवाचार, समावेशिता और अकादमिक सख्ती को बढ़ावा देते हुए उच्च शिक्षा में नए मानदंड स्थापित कर रही है। यह सम्मान विश्वविद्यालय को अकादमिक उत्कृष्टता और सामाजिक प्रभाव के अपने मिशन को जारी रखने के लिए और अधिक प्रेरित करता है।

# मेरठ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में डाइनिंग एटीकेट्स पर गेस्ट लेक्चर आयोजित

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

मेरठ। परतापुर बाईपास स्थित मेरठ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा छात्रों के लिए 'डाइनिंग एटीकेट्स' पर एक विशेष अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के निदेशक प्रो. (डॉ.) के.एल.ए. खान, प्राचार्य डॉ. हिमांशु शर्मा, फामेर्सी विभाग के प्राचार्य डॉ. नीरज कांत शर्मा, डीन एकेडमिक्स डॉ. गौरव शर्मा और एसोसिएट डायरेक्टर (ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट) मोहन प्रसाद द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।



इस सत्र के प्रमुख वक्ता आईएचएम, मेरठ के वरिष्ठ शेफ प्रो. अजहर हुसैन रहे, जो दुबई में 10 वर्षों तक काम करने का अनुभव रखते हैं। उन्होंने छात्रों को भोजन संबंधी शिष्टाचार, नैपकिन हैंडलिंग, मील सीक्वेंसिंग, टेबल मैनर्स और वाइन एटीकेट्स पर लाइव डेमोंस्ट्रेशन के माध्यम से प्रशिक्षण दिया। यह सत्र सांस्कृतिक शिष्टाचार और व्यावसायिक प्रोटोकॉल की दृष्टि से अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रभावी रहा।

इस अवसर पर एसोसिएट डायरेक्टर (ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट) मोहन प्रसाद ने कहा कि ऐसे व्याख्यान छात्रों के करियर को नई दिशा देने में सहायक होते हैं, विशेष रूप से उन छात्रों के लिए जो 5 और 7 सितारा होटलों में साक्षात्कार देने की तैयारी कर रहे हैं। कार्यक्रम का सफल संचालन ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट ऑफिसर सोनल मिश्रा द्वारा किया गया। इस सत्र में विभिन्न विभागों के एचओडी और संकाय सदस्यों ने भी भाग लिया और इसकी सराहना की।

'नेशनल प्रेस टाइम्स'
दैनिक समाचार पत्र में एनसीआर के जनपदों के लिए ब्यूरो चीफ, तहसील ब्यूरो, संवाददाता व मार्केटिंग के लिए इच्छुक लड़के व लड़की सम्पर्क करें।
विज्ञापन, न्यूज, आदि के लिए संपर्क करें।
सुखपाल सिंह (संपादक)
प्रमोद मिश्रा (सह-संपादक)
8448184482
एस.के. राणा (सह-संपादक)
8938805409
पता : 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद
फोन- 0120-4549844, मो. 9312606107
nationalpresstimes@gmail.com/
www.nationalpresstimes.com
नेशनल प्रेस टाइम्स की तरफ से मुफ्त कानूनी सलाह के लिए सम्पर्क कर सकते हैं।
एडवोकेट आदर्श कुमार राय
(इलाहाबाद हाईकोर्ट)
09415624173

स्वामी' प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक सुखपाल सिंह ने 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश से प्रकाशित एवं **बैकुंठ मीडिया, 47 बेसमेंट, नवयुग मार्केट, गाजियाबाद** (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित। RNI No. : UPHIN/2015/64579 मुख्य कार्यालय-209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद। मो. 9312606107, फोन- 0120-4549844, **nationalpresstimes@gmail.com/ www.nationalpresstimes.com** नोटः- समाचार पत्र से संबंधित किसी भी विवाद के निपटारे के लिए न्याय क्षेत्र गाजियाबाद ही होगा। *पीआरबी अधिनियम के अनुसार समाचार चयन और संपादन के लिए उत्तरदायी। समाचार पत्र में छपने वाले विज्ञापन की सत्य/ असत्य की जानकारी स्वयं करें, किसी भी विज्ञापन की असत्यता की जिम्मेदारी समाचार पत्र की नहीं होगी।